रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 23 जून 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-301 मूल्य 3.00 ₹




## क्विक न्यूज़

### भारत बंगलादेश के बीच सहयोग दोनों देशों के संबंधों की दिशा तय करेगा : मुर्मु

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि भारत और बंगलादेश विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और उन्हें विश्वास है कि इससे भारत-बंगलादेश संबंधों की भविष्य की दिशा होगी। भारत की दो दिन की यात्रा पर आयी बंगलादेश की प्रधान मंत्री शेख हसीना ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक के बाद राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।



### भारत वस्तुओं, सेवाओं के मानकों में बड़े देशों की बराबरी पर : जितेंद्र सिंह

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि भारत आज उत्पाद और सेवाओं से संबंधित अधिकांश वैश्विक मानदंडों पर अन्य बड़े देशों के बराबर है, जबकि कुछ अन्य क्षेत्रों में भारत के मानक उनसे भी आगे हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि आर्थिक जगत में भारत को प्राप्त नयी ऊंची जगह में सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों का भी बड़ा हाथ है।

### दलहन, तिलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनना आवश्यक : चौहान

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह ने देश को दलहन और तिलहन में आत्मनिर्भर बनाने पर जोर देते हुए कि किसानों की आय बढ़ाने और बदलते परिदृश्य के लिए तकनीकी उन्नति को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। चौहान ने यहां भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के पूर्व छात्रों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि नीति और शोध छोटे और सीमांत किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया जाना चाहिए।



# भारत-बंगलादेश गंगा जल संधि की समीक्षा करेंगे
# बंग्लादेशी नागरिकों को इलाज के लिए ई-वीजा मिलेगा

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत और बंगलादेश गंगा जल संधि की समीक्षा करने पर सहमत हुए हैं और बंगलादेश से चिकित्सा के लिए भारत आने वालों के लिए ई-वीजा की सुविधा दी जाएगी। मोदी ने विकास कार्यों में भारत का सबसे बड़ा भागीदार बताते हुए कहा कि बंगलादेश के साथ अपने संबंधों को भारत अत्यधिक प्राथमिकता देता है। मोदी भारत की दो दिन की यात्रा पर नयी दिल्ली आयीं बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत के बाद एक साझा संवादाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। हसीना की इस माह यहां की दूसरी यात्रा है। वह मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भी आयी थीं। उन्होंने बताया कि दोनों देश डिजिटल प्रौद्योगिकी, समुद्र और अंतरिक्ष क्षेत्र



की पहलों और रक्षा उत्पादन तथा मानव संसाधन विकास के क्षेत्र में सहयोग के विस्तार पर सहमत हुए हैं। मोदी ने बंगलादेश के संस्थापक राष्ट्रपति बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान के स्थिर, समृद्ध और प्रगतिशील बंगलादेश के सपने को साकार करने में, भारत के सहयोग की प्रतिबद्धता को दोहराया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 2026 में बंगलादेश 'अल्प विकसित' देश की श्रेणी से निकल कर 'विकासशील देश' बनने जा रहा है। उन्होंने बंगलादेश की इस प्रगति में हसीना के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा, 'सोनार बंगला' को नेतृत्व देने के लिए मैं प्रधानमंत्री शेख हसीना जी का अभिनन्दन करता हूँ। हसीना के साथ संबंधों की प्रागढ़ता को रखांकित करते हुए मोदी ने कहा, 'पिछले लगभग एक वर्ष में, हम दस बार मिले हैं। लेकिन आज की मुलाकात विशेष है, क्योंकि हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल में प्रधान मंत्री शेख हसीना जी हमारी पहली राजकीय अतिथि हैं। मोदी ने कहा, बंगलादेश हमारी 'सबसे पहले पड़ोसी' पॉलिसी, पूर्व के देशों के साथ काम करने की नीति पॉलिसी, 'सागर' (क्षेत्र में सभी देशों के लिए सुरक्षा और समृद्धि) और एशिया प्रशांत क्षेत्र के बारे में भारत से सपने और पहल के संगम पर स्थित है। उन्होंने कहा कि भारत और बंगलादेश ने पिछले एक ही वर्ष में साथ मिल कर लोक कल्याण के अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाएं को पूरा किया है। इस संबंध में उन्होंने अखौड़ा से अगरतला के बीच भारत-बंगलादेश के बीच छठे सीमा-पारीय रेल मार्ग सम्पर्क, खुलना-मोंगला बंदरगाह से भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिए मालवहन सुविधा, मोंगला बंदरगाह को रेल से जोड़ने की परियोजना तथा 1320 मेगावाट क्षमता के मैत्री थर्मल पावर प्लांट के दोनों यूनिट्स से बिजली उत्पादन शुरू किए जाने का उल्लेख किया। मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच अब भारतीय रुपये में व्यापार की शुरुआत भी हो चुकी है।भारत-बंगलादेश के बीच, गंगा नदी पर, दुनिया की सबसे लंबी नीदी क्रूज सेवा को सफलतापूर्वक पूरा किया गया है।

# 10 न्यायिक अधिकारियों का तबादला

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल बलराम प्रसाद वर्मा के हस्ताक्षर से जारी आदेश में शुक्रवार को 10 न्यायिक अधिकारियों का तबादला किया गया है। धमतरी फास्ट ट्रैक कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पंकज कुमार जैन को हाईकोर्ट में रजिस्ट्रार (चयन एवं भर्ती) नियुक्त किया गया है। हाईकोर्ट स्थापना में ओएसडी आदित्य जोशी को हाई कोर्ट की ई लॉ रिपोर्ट कमेटी के एडिटोरियल बोर्ड में सदस्य नियुक्त किया गया है। बालोद की प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज डॉ. प्रज्ञा पचौरी को दुर्ग



भेजा गया है। हाई कोर्ट में रजिस्ट्रार (चयन एवं भर्ती) जितेंद्र कुमार को रायगढ़ का प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज बनाया गया है। स्थायी लोक अदालत बिलासपुर के चेयरमैन मो. रिजवान खान को बैकुंठपुर का प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज बनाया गया है। फैमिली कोर्ट, बिलासपुर के प्रिंसिपल जज श्यामलाल नवरत्न बालोद के प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज होंगे। डिस्ट्रिक्ट एंड एडिशनल सेशन जज प्रशांत पाराशर को बलौदा बाजार से दुर्ग, डॉ. ममता भोजवानी को सक्ती से कोरबा, विक्रम प्रताप चंद्रा को कोरबा से कोंडागांव और हाई कोर्ट में ओएसडी वीरेंद्र का रायगढ़ तबादला किया गया है। डिस्ट्रिक्ट एंड एडिशनल सेशन जज प्रशांत कुमार शिवहरे को सक्ती के फास्ट ट्रैक कोर्ट से सक्ती में ही प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश बनाया गया है। स्मिता रत्नावत को भाटापारा के फास्ट ट्रैक कोर्ट से यहीं पर डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में एडिशनल सेशन जज बनाया गया है।

## इंदौर–उज्जैन के मध्य शुरू होगा मेट्रो ट्रेन संचालन : यादव

पायनियर संवाददाता < भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के बड़े नगरों के लिए नए ट्रैफिक प्लान की जरूरत को देखते हुए राज्य सरकार महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रही है। इस दिशा में सबसे महत्वपूर्ण इंदौर-उज्जैन के मध्य मेट्रो ट्रेन के संचालन का निर्णय शामिल है, जो सिंहस्थ 2028 में श्रद्धालुओं के लिए आवाजाही की सुविधा की दृष्टि से भी उपयोगी होगा। डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास कार्यालय स्थित समत्व भवन में हुई बैठक में भोपाल और इंदौर के मेट्रो प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा के बाद कहा कि सुगम यातायात के लिए प्रदेश के बड़े नगरों जैसे भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन में मेट्रो के साथ वंदे मेट्रो, रोप-वे, इलेक्ट्रिक-बस और केबल-कार जैसे साधनों का उपयोग किया जाएगा।

# बलौदाबाजार की घटना में कांग्रेस नेताओं का नाम लेने पुलिस दबाव बना रही है

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि गिरौदपुरी के महकोनी गांव में 15-16 मई को जैतखाम को क्षति पहुंचाया गया था उसके बाद लगातार धरना प्रदर्शन और 10 तारीख को बलौदाबाजार में विरोध प्रदर्शन हुआ था। प्रदर्शन के दौरान असामाजिक तत्वों ने वाहनों को जलाया, कलेक्टर और एसपी कार्यालय को जलाया, आबकारी विभाग को जलाया और उसके बाद जो पुलिस का आतंक उसी समय से शुरुआत हुई है। जो भी सफेद कपड़े पहने थे उसे दौड़ा-दौड़ाकर मारना पीटना, चमड़ी निकल जाने हद तक के पिटाई की गयी। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बताया कि किशोर नवरंगे बलौदाबाजार में आयोजनकर्ता में से एक है उसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है, वो पुलिस रिमांड पर है। उसके पिताजी, उसके भाई और उसके जीजाजी साथ सतनामी समाज के लोग मिलने आये और उन्होंने मुझे आवेदन दिया है। इस आवेदन में गंभीर बातें कही गयी है। उसके साथ मारपीट की जा रही, उसे मानसिक प्रताड़ता दी जा रही है, भोजन नहीं दिया जा रहा है और गाली-गलौज कर रहे है। गंभीर बात यह है कि वो कह रहे है कि कांग्रेस के बड़े नेताओं का नाम ले तो उन्हें छोड़ देंगे। उससे गंभीर बात ये है कि वहां कलेक्ट्रेट ले जाते है रोज शाम को वीडियोग्राफी करते है उसके हाथ में पत्थर पकड़ाया जाता है उसे फेकवाते हुये, उसे डंडा पकड़ाते है, उसे मारते हुये उसे वीडियोग्राफी कर रहे है। पीड़ित के परिजनों का आवेदन आया है वो बहुत ही गंभीर है। सरकार खुद षड़यंत्र कर रही है अभी समाज के जो डिमांड है जैतखाम को किसने क्षति पहुंचायी उस पर पुलिस जांच नहीं कर रही है। बल्कि इस घटना को दूसरे दिशा में ले जाने का षड़यंत्र किया जा रहा है कांग्रेस नेताओं का नाम लो इस प्रकार से सरकार में बैठे हुये लोगों के दबाव में पुलिस इस प्रकार की कृत्य कर रही है। घोर निंदनीय है। निष्पक्ष जांच होना चाहिये। इस प्रकार से प्रताड़ित नहीं किया जाना चाहिये। जिस प्रकार से पुलिस स्टोरी बना रही है उसे ले जा रहे है आक्रोशित मुद्रा में उसे डंडा पकड़ा कर, पत्थर फेकवाया जा रहा है। ये बेहद ही गंभीर मामला है। इस प्रकार की जो षड़यंत्र भाजपा की सरकार और उसके अधिकारी, पुलिस लोग कर रहे है इस प्रकार से नहीं किया जाना चाहिये। जो भी अपराधी पकड़ा जाये। जिन्होंने गलत किया है उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाये।

### जीएसटी कानून की धारा 73 के तहत जारी डिमांड नोटिस पर ब्याज व जुर्माना माफ करने की सिफारिश



**नयी दिल्ली।** माल एवं सेवा कर परिषद ने व्यापारियों, एमएसएमई और करदाताओं को राहत देते हुये धोखाधड़ी, दमन या गलत बयानी से जुड़े मामलों सहित जीएसटी अधिनियम की धारा 73 के तहत जारी किए गए डिमांड नोटिस के लिए ब्याज और जुर्माना माफ करने की सिफारिश की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में यहां हुयी जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक में ये सिफारिश किये गये। बैठक के बाद सीतारमण ने संवाददाताओं से कहा, 53वीं जीएसटी परिषद की बैठक में व्यापार सुविधा, अनुपालन बोझ को कम करने और अनुपालन में आसानी के मामले में करदाताओं को राहत देने के लिए कई फैसले लिए गए हैं। इससे व्यापारियों, एमएसएमई और करदाताओं को लाभ होगा। आज जीएसटी परिषद ने धोखाधड़ी, दमन या गलत बयानी से जुड़े मामलों सहित जीएसटी अधिनियम की धारा 73 के तहत जारी किए गए डिमांड नोटिस के लिए ब्याज और जुर्माना माफ करने की सिफारिश की है। उन सभी नोटिसों के लिए जो वित्तीय वर्ष 2017-18, 2018-19 और 2019-20 के लिए धारा 73 के तहत जारी किए गए थे, परिषद ने उन डिमांड नोटिस पर ब्याज और जुर्माना माफ करने की सिफारिश की है लेकिन इसके लिए 31 मार्च 2025 तक भुगतान करना होगा।

# नीट धांधली में लीपापोती का प्रयास कर रही है राजग सरकार : खड़गे

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को कहा कि नकल विरोधी कानून को अधिसूचित करके भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबधंन सरकार का मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में धांधली में लीपापोती का प्रयास है लेकिन उसे समझ लेना चाहिए इस मामले की जिम्मेदारी से वह किसी स्तर पर बच नहीं सकती है। खड़गे ने कहा कि सरकार के शिक्षा मंत्री इस मामले में गलत बयानबाजी कर रहे हैं। नया कानून अधिसूचित हो गया है जबकि कानून कल ही अधिश्चित हुआ है और इसे फरवरी में है ही राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई थी। उन्होंने कहा, घोटाले मे भाजपा जितनी भी कोशिश कर ले-धाँधली, भ्रष्टाचार और शिक्षा माफ़िया को बढ़ावा देने की अपनी ज़िम्मेदारी से नहीं बच सकती। इस पर तीन तथ्य और तीन सवाल हैं जिनका जवाब मोदी सरकार को देना ही पड़ेगा। पेपर लीक के विरूद्ध क़ानून अधिसूचित नहीं हुआ था, जब शिक्षा मंत्री की प्रेस वार्ता में उनसे इसके बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि क़ानून अधिसूचित हो गया। तेरह फ़रवरी 2024 में इस क़ानून को राष्ट्रपति का एसेंट मिल गया था पर क़ानून बीती रात को ही अधिसूचित हुआ है। सवाल है मोदी सरकार के शिक्षा मंत्री ने झूठ क्यों बोला कि क़ानून अधिसूचित हो गया है और विधि एवं न्याय मंत्रालय को उसके नियम बनाने ही रह गए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, दूसरा तथ्य - शिक्षा मंत्री पहले तो पेपर लीक को नकारते रहे फ़िर जब गुजरात, बिहार, हरियाणा में गिरफ्तारियां हुई तब कह रहें हैं कि चूंकि कुछ जगहों पर स्थानीय तौर पर पेपर लीक हुए हैं इसलिए दोबारा परीक्षा नहीं करा पाएंगे। जबकि तथ्य है कि 2015 में प्री मेडिकल टेस्ट में महज 44 छात्रों की संलिप्तता थी तब भी सुप्रीम कोर्ट के कहने पर छह लाख अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा दोबारा कराई गई। सवाल है नीट पर भी सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगर 0.001 भी घपला हुआ है तो वो कार्रवाई होनी चाहिए पर मोदी सरकार परीक्षा दोबारा क्यों नहीं करवा रही, जबकि शिक्षा मंत्री ने 'गड़बड़ी' की बात मान ली है। तीसरा तथ्य है नौ दिनों में एनटीए ने तीन बड़ी परीक्षाएं रद्द या स्थगित की हैं। क़ानून पास करवाने के बाद भी भाजपा शासित उत्तर प्रदेश में उप्र पुलिस तथा पदोन्नति बोर्ड जिसके तार गुजरात की एक कंपनी से जुड़े पाएं गए हैं। सवाल है क्यों पेपर लीक के विरूद्ध क़ानून पास करवाने के बाद भी पेपर लीक हो रहें हैं? पिछले सात सालों में जब 70 पेपर लीक हुए, तब मोदी सरकार ने उसपर कोई कड़ा क़दम क्यों नहीं उठाया।

## लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने अधिसूचना जारी की

# केंद्र सरकार ने पेपर लीक रोकने के लिए लागू किया नया कानून

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

केंद्र सरकार ने अधिसूचित किया कि सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 21 जून से प्रभावी होगा। हालांकि यह अधिनियम 9 फरवरी, 2024 को संसद द्वारा पारित किया गया, लेकिन सरकार द्वारा इसे अधिसूचित नहीं किए जाने के कारण यह प्रभावी नहीं हुआ। शुक्रवार को कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने अधिसूचना जारी की। उक्त अधिसूचना में कहा गया, सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 (2024 का 1) की धारा 1 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार 21 जून, 2024 को उक्त अधिनियम के प्रावधानों के प्रभावी होने की तिथि निर्धारित करती है।



अधिनियम में प्रश्न पत्र या आंसर की के लीक होने, सार्वजनिक परीक्षा में किसी भी तरह से अनधिकृत रूप से उम्मीदवार की प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सहायता करने और कंप्यूटर नेटवर्क या कंप्यूटर संसाधन या कंप्यूटर सिस्टम से छेड़छाड़ के लिए दंड का प्रावधान है। व्यक्तियों के अलावा, ऐसी गतिविधियों में शामिल संस्थान भी दंड के लिए उत्तरदायी हैं। गौरतलब है कि NEET-UG 2024 परीक्षा में पेपर लीक होने के बारे में व्यापक शिकायतों के बीच अधिसूचना जारी की गई। हाल ही में आयोजित UGC-NET परीक्षा को भी पेपर लीक के बाद रद्द कर दिया गया। हालांकि, अधिनियम 21 जून से पहले की घटनाओं पर पूर्वव्यापी रूप से लागू नहीं होगा। अधिनियम के अनुसार, अनुचित साधनों में शामिल हैं: (i) प्रश्न पत्र या आंसर की की अनधिकृत पहुंच या लीक होना, (ii) सार्वजनिक परीक्षा के दौरान उम्मीदवार की सहायता करना, (iii) कंप्यूटर नेटवर्क या संसाधनों से छेड़छाड़ करना, (iv) मेरिट सूची या रैंक को शॉर्टलिस्ट करने या अंतिम रूप देने के लिए दस्तावेजों से छेड़छाड़ करना, और (1) मौद्रिक लाभ के लिए फर्जी परीक्षा आयोजित करना, धोखाधड़ी करने के लिए फर्जी एडमिट कार्ड या ऑफर लेटर जारी करना। अधिनियम के तहत अनुचित साधनों और अपराधों का सहारा लेने वाले किसी भी व्यक्ति या व्यक्तियों को कम से कम तीन वर्ष की अवधि के कारावास से दंडित किया जाएगा, जिसे पांच वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है और 10 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। सार्वजनिक परीक्षा प्राधिकरण द्वारा परीक्षाओं के संचालन के लिए नियुक्त किए गए सेवा प्रदाता पर भी 1 करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है और परीक्षा की आनुपातिक लागत भी उससे वसूल की जाएगी। सेवा प्रदाता को किसी भी एजेंसी, संगठन, निकाय, व्यक्तियों के संघ, व्यावसायिक इकाई, कंपनी, साझेदारी या एकल स्वामित्व वाली फर्म के रूप में परिभाषित किया गया, जिसमें उसके सहयोगी, उप-ठेकेदार और किसी भी कंप्यूटर संसाधन या किसी भी सामग्री का समर्थन प्रदाता शामिल है, चाहे उसे किसी भी नाम से पुकारा जाए, जिसे सार्वजनिक परीक्षा प्राधिकरण द्वारा सार्वजनिक परीक्षा के संचालन के लिए नियुक्त किया जाता है।

## भाजपा ने की कल्लाकुरिची जहरीली शराब त्रासदी की सीबीआई जांच कराने की मांग

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी ने तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जहरीली शराब त्रासदी को लेकर राज्य सरकार की जमकर आलोचना की और इस घटना की जांच केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग की। तमिलनाडु के करुणापुरम में जहरीली शराब पीने से चार और लोगों की मौत के बाद इस त्रासदी में मरने वालों की संख्या बढ़कर 54 हो गई। पीड़ितों में 48 पुरुष और छह महिलाएं शामिल हैं। भाजपा नेता अनिल एंटनी ने संवाददताओं को संबोधित करते हुए कहा, भाजपा ने सबसे पहले एक पार्टी के तौर पर तमिलनाडु के मद्य निषेध एवं आबकारी मंत्री एस मुथुसामी के तत्काल प्रभाव से इस्तीफे की मांग की है। हम भी सीबीआई जांच चाहते हैं और हम इसके लिए लड़ रहे हैं। हालांकि, यहां जिम्मेदारी सिर्फ एक व्यक्ति की नहीं है। भाजपा ने मुख्यमंत्री से शराबबंदी नीति पर गौर करने का भी अनुरोध किया। भाजपा ने प्रत्येक मृतक के परिवार को एक-एक लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। एंटनी ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टलिन पर जमकर बरसते हुए कहा, हम द्रमुक सहित इंडिया समूह के सभी सहयोगियों से पूछना चाहते हैं कि उन्होंने इस मुद्दे पर चुप्पी क्यों साधी हुई है। तमिलनाडु में जहरीली शराब त्रासदी के अपराधियों और सरकारी अधिकारियों के बीच स्पष्ट तौर पर मिलीभगत दिखाई दे रही है। भाजपा नेता ने कहा, हमारी पूरी राज्य इकाई तमिलनाडु में पीड़ितों को न्याय दिलाने और अपने भाइयों-बहनों के कल्याण, स्वास्थ्य और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लड़ रही है।

## इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर अंतरराष्ट्रीय यात्राओं के लिए विशेष आव्रजन सुविधा शुरू

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के टर्मिनल-3 पर अंतर्राष्ट्रीय यात्राओं के लिए विशेष सुविधा 'फास्ट ट्रैक इमीग्रेशन - ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम' का उद्घाटन किया। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि 'फास्ट ट्रैक इमीग्रेशन - ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम' केन्द्र सरकार की एक दूरदर्शी पहल है जिसे भारतीय नागरिकों और ओसीआई कार्डधारकों के लिए सोच समझकर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि इस पहल से दूसरे देशों से आने वाले भारतीय नागरिकों एवं ओसीआई यात्रियों की सुविधा बढेगी। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम की शुरूआत विकसित भारत के लिए तय किए गए प्रमुख कार्यबिंदुओं में से एक है और यह पहल सभी के लिए यात्रा सुविधा और दक्षता बढ़ाने की सरकार की कटिबद्धता को दर्शाती है।

शाह ने कहा कि ये सुविधा सभी यात्रियों के लिए निःशुल्क उपलब्ध होगी। इसे अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए तेज, सुगम और सुरक्षित आव्रजन मंजूरी को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यह ई- गेट पर चलेगा और इससे आव्रजन मंजूरी की प्रक्रिया में मानवीय हस्तक्षेप को कम से कम होगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को दो चरणों में लागू किया जाएगा। पहले चरण में, भारतीय नागरिकों और ओसीआई कार्डधारकों को कवर किया जाएगा और दूसरे चरण में विदेशी यात्रियों को कवर किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ई गेट के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय यात्रा को सुगम तथा सुरक्षित बनाना है।

इस प्रोग्राम को एक पोर्टल के माध्यम से लागू किया जाएगा और आव्रजन ब्यूरो इस कार्यक्रम के तहत नोडल एजेंसी होगा।

# भारतीय न्याय संहिता-23 पर रायपुर जिला प्रशासन ने आयोजित की कार्यशाला

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com






देश में 01 जुलाई से लागू हो रहे नए आपराधिक कानून के संबंध में पुलिस व कानून प्रवर्तन अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने रायपुर जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में वक्ता के तौर पर शामिल हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, रायपुर के प्रो. अभिनव के. शुक्ला और प्रो. हिना इलियास ने नए कानून के तहत सजा प्रावधानों व डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की मान्यता व साक्ष्य संबंधी प्रस्तुतिकरण की प्रक्रिया के सरलीकरण के दिशा में किए गए प्रबंधों की विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह, नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत विश्वदीप, प्रशिक्षु आई.ए.एस. अनुपमा आनंद सहित कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, राजस्व अधिकारी व पुलिस के विवेचनाधिकारी भी इस कार्यशाला में शामिल हुए। नए आपराधिक कानून सुधार पर कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के को-ऑर्डिनेटर प्रो. अभिनव शुक्ला ने बताया कि नई भारतीय न्याय संहिता-23 में पूर्व प्रचलित धाराओं व सजा प्रावधानों में कई बदलाव हुए हैं। उन्होंने उदाहरण से स्पष्ट किया कि हत्या के अपराध पर दर्ज होने वाली धारा-302 अब नए कानून के अनुसार धारा-103 के रूप में दर्ज होंगे। गैंगरेप पर धारा-376(डी) की जगह अब नई संहिता के तहत धारा-70(1) के तहत अपराध दर्ज होगा। इसी तरह बलात्कार, जो कि भा.द.वि. के तहत धारा-376(3) के तहत दर्ज होता था, वह अब भारतीय न्याय संहिता में धारा-65(1) के तहत अपराध माना जाएगा। चोरी धारा-378 की जगह अब धारा-303(1) के अंतर्गत अपराध माना जाएगा। डकैती पर अब धारा-310(1), लूट पर अब धारा-309 के तहत अपराध दर्ज होगा। धोखाधड़ी पर धारा-420 की जगह अब धारा-318 के तहत जुर्म दर्ज होगा। उन्होंने बताया कि ऐसे कई धाराओं में परिवर्तन कर न्याय प्रणाली में व्यापक सुधार कर अपराधों पर सख्त सजा का प्रावधान जमानत प्रक्रियाओं में सुधार, जांच व न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता लाई गई है। कार्यशाला में रायपुर जिले के अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी, अनुविभागीय दंडाधिकारी, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी, नगर निरीक्षक व विभिन्न थानों के विवेचनाधिकारी शामिल रहें। प्रो. हिना इलियास ने वर्कशॉप में बताया कि गंभीर प्रकरणों में डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को नए कानून में मान्यता मिली है। भगोड़े अपराधियों पर कानून और भी सख्त बनाया गया है। इन न्यायसंगत सुधारों से जहां छोटे अपराधों में लिप्त आरोपियों को सुधरने का अवसर दिया गया है, वहीं जघन्य अपराधों पर कड़ी सजा होगी। भारतीय न्याय संहिता में पहली बार कम्युनिटी सर्विस जैसी सजा का प्रावधान कर अपराधियों को सुधरने का अवसर भी दिए जाने का प्रावधान है। न्याय संहिता में ई-एफआई.आर. का प्रावधान है, जिसमें तीन दिवस की निर्धारित अवधि के भीतर प्रार्थी को संबंधित थाने पर पहुंचकर अपनी पहचान, हस्ताक्षर सत्यापित कराना होगा। कलेक्टर डॉ. सिंह ने इस भारतीय न्याय संहिता को उपयोगी बताया है एवं अधिकारियों से कहा है कि संशोधित नियमों व संहिता का गहन अध्ययन कर न्याय स्थापित करने व अपराधों की रोकथाम व पीड़ितों की मदद के लिए कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि न्याय संहिता की जानकारी देने नियमित कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक सिंह ने कहा कि थानों में संहिता संबंधी पूरी जानकारी रखें एवं अपने मातहतों को नए कानून के संबंध में नियमित प्रशिक्षण दें। कार्यशाला के अंत में आभार प्रदर्शन डीएसपी नीलेश द्विवेदी ने किया।

# आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने पहाड़ी तालाब गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण के कार्य की प्रगति का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



बाहरी क्षेत्र में बाउंड्रीवाल का कार्य प्रगति पर, गहरीकरण, रिटेनिंग वाल, पाथ वे का कार्य अंतिम चरण में, जारी कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश

नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम जोन नम्बर 5 के तहत पण्डित वामन राव लाखे वार्ड और पण्डित सुन्दर लाल शर्मा वार्ड क्षेत्र में पहाड़ी तालाब कुशालपुर में किये जा रहे गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य की प्रगति का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया. 15 वें वित्त आयोग की स्वीकृति के अनुसार नगर निगम द्वारा पहाड़ी तालाब में लगभग 2 करोड़ 50 लाख रूपये की लागत से गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण का कार्य करवाया जा रहा है। इसमें पाथवे निर्माण एवं विकास का कार्य, रिटेनिंग वाल का कार्य, तालाब के गहरीकरण का कार्य लगभग पूर्ण करवाया जा चुका है। तालाब क्षेत्र के बाहरी क्षेत्र में बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य तेज गति से प्रगति पर है. आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने स्थल पर प्रगतिरत कार्यों का निरीक्षण किया। उक्त सभी कार्यों को सतत मॉनिटरिंग करते हुए गुणवत्तापूर्ण तरीके से शीघ्र पूर्ण करवाना प्राथमिकता से सुनिश्चित करने के निर्देश कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा, उप अभियंता रमेश पटेल को दिये।

# केन्द्रीय मंत्री का तेलंगाना में भाजपा सरकार लाने के लिए कार्यकर्ताओं से मिलकर काम करने का आग्रह

एजेंसी < हैदराबाद
www.dailypioneer.com

केंद्रीय कोयला और खनन मंत्री जी किशन रेड्डी ने पार्टी कार्यकर्ताओं सेव वर्ष 2029 में तेलंगाना में भारतीय जनता पार्टी सरकार लाने के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया। रेड्डी ने तरनाका में सिकंदराबाद विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र अध्यक्षों और समन्वयकों की बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच एकता और कड़ी मेहनत की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने केंद्रीय कोयला और खान मंत्री की भूमिका संभालने के बाद अपनी पहली यात्रा में तेलंगाना में नवगठित कांग्रेस सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि यह पिछली भारत राष्ट्र समिति सरकार के ही समान कोई विकास कार्य नहीं कर रही है। उन्होंने पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मोदी के विकास कार्यक्रमों ने भारत को विश्व स्तर पर शीर्ष देशों के साथ प्रतिस्पर्धी बना दिया है। रेड्डी ने उन्हें दूसरे कार्यकाल के लिए चुनने के लिए सिकंदराबाद के लोगों का आभार व्यक्त किया और उन्हें अपने निरंतर समर्थन और सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने कोयला और खान मंत्री का पद सौंपने के लिए केंद्रीय नेतृत्व को धन्यवाद दिया और कहा कि वह अपने विभाग के साथ न्याय करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने पार्टी सदस्यों के बीच एकता के महत्व पर जोर देते हुए 2029 में तेलंगाना में सरकार बनाने के भाजपा के लक्ष्य को दोहराया। उन्होंने अगले चुनाव से पहले निर्वाचन क्षेत्रों के आगामी पुनर्वितरण का उल्लेख किया, जिसमें एससी/एसटी निर्वाचन क्षेत्रों में वृद्धि और महिला आरक्षण के कारण महिलाओं के लिए अधिक अवसर शामिल होंगे। उन्होंने अनुमान जताया कि आगामी चुनाव संसदीय विधानसभा चुनावों के साथ-साथ हो सकते हैं। रेड्डी ने महिलाओं, युवाओं, किसानों और बेरोजगारों सहित विभिन्न समूहों से किए गए वादों को पूरा नहीं करने के लिए कांग्रेस पार्टी की आलोचना की। उन्होंने विधानसभा और संसदीय चुनावों में बीआरएस की हार भी जिक्र किया और इसके लिए लोगों द्वारा पारिवारिक शासन को खारिज करने और अहंकार को जिम्मेदार ठहराया। रेड्डी ने कार्यकर्ताओं से आगामी हैदराबाद निगम चुनावों में भाजपा का झंडा फहराने का आह्वान किया और बचत समितियों के लिए मोदी सरकार के समर्थन पर प्रकाश डाला। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से राज्य में अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए अगले चार वर्षों में लगन से काम करने का आग्रह किया। रेड्डी ने राज्य के विकास के लिए आवश्यक धन और संसाधनों को सुरक्षित करने का वादा करते हुए तेलंगाना और सिकंदराबाद के विकास के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की एवं सिकंदराबाद के लोगों का सम्मान बढ़ाने और गरीबों के कल्याण की जिम्मेदारी लेने का संकल्प लिया।

# सैनी ने 126 करोड़ रु की 22 परियोजनाओं को दी मंजूरी

एजेंसी < चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को हिसार में 126 करोड़ रुपये की लागत की 22 प्रमुख परियोजनाओं के लिये प्रशासनिक मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं से हिसार, जींद, कैथल और सिरसा जिलों में बुनियादी संरचना का विकास कराया जायेगा। आधिकारिक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हिसार के गांव सिसाय में 14.25 करोड़ रुपये की लागत से जलापूर्ति योजना के तहत बालसमंद शाखा से पानी की व्यवस्था की जायेगी। इसके अलावा 3.90 करोड़ रुपये और 1.50 करोड़ रुपये की परियोजना लागत से नारनौंद और हांसी में विभिन्न ढाणियों में घरेलू नल कनेक्शन (एफएचटीसी) किये जायेंगे। इसी तरह से 4.10 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को भी मंजूरी दी गयी है। उन्होंने बताया कि 46.59 करोड़ रुपये की लागत से सिरसा जिले के (मंडी डबवाली और कालांवाली) गांवों भारूखेड़ा, चोरमार खेड़ा, देसू जोधा, गदराना, हबुआना, जोत्तांवाली, खतरावान, मंगियाना, मसीतां, नौरंग और सुखचैन को 70 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन (एलपीसीडी) की बढ़ी हुई जलापूर्ति का लाभ मिलेगा। इसी प्रकार से 13.65 करोड़ रुपये की लागत से सिरसा जिले के झोड़ा रोही, गिदरांवाली और रगुआना (कालांवाली) गांवों के ग्रामीणों को 70 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन (एलपीसीडी) की बेहतर पेयजल आपूर्ति का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि कैथल जिले के पट्टी डोगरान गांव में 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन (एलपीसीडी) के साथ पेयजल आपूर्ति बढ़ाने के लिये 3.30 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। जिला जींद के अशरफगढ़ और संडील गांवों के लिये क्रमशः 2.12 करोड़ और 4.84 करोड़ रु मंजूर किये गये हैं।

# योगी ने रेंट एग्रीमेंट की स्टाम्प ड्यूटी घटाने के दिये निर्देश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आवासीय, गैर आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियों के रेंट एग्रीमेंट के लिए स्टाम्प रजिस्ट्रेशन शुल्क कम करने के निर्देश दिए तथा इसके लिए अलग-अलग ब्रैकेट बनाने और एग्रीमेंट प्रक्रिया को सरल बनाने का सुझाव दिया। स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नियमावली 2024 के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जीवन को सुगम बनाने और बेहतर रिकॉर्ड एवं डेटा प्रबंधन के लिए स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन की ऑनलाइन व्यवस्था बहुत जरूरी है।

# ट्रेक्टर पलटने से चालक की मौत

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के सूखी सेवनियां थाना क्षेत्र में ट्रेक्टर पलटने से ट्रेक्टर चालक की मौत हो गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सूखी सेवनियां इलाके के चोपड़ा गांव के निवासी मथुरा प्रसाद सेन (55) एक खेत में बोवनी के लिए ट्रेक्टर लेकर गए थे। इसी दौरान खेत जाने के कच्चे रास्ते पर उनका ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया और वह ट्रेक्टर के नीचे दब गए। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों तथा क्रेन की मदद से ट्रेक्टर को सीधा कर उन्हें बाहर निकाला गया। इसके बाद अस्पताल ले जाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# बरेली में बस पेड़ से टकराई, 40 घायल

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली में थाना बिथरी चैनपुर क्षेत्र में शनिवार सुबह लकड़ी से भरे ट्रैक्टर ट्राला बचाने के चक्कर में बस के पेड़ से टकराने से लगभग 40 यात्री घायल हो गये। क्षेत्राधिकारी हाईवे नीतीन कुमार ने बताया कि बरेली से बीसलपुर मार्ग पर थाना बिथरी चैनपुर ग्राम कमुआ के पास बीसलपुर की तरफ लकड़ी से भरा टैक्टर ट्राला आ रहा था। उसको बचाने के चक्कर में बस पेड़ से टकरा गई और क्षतिग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में बस में सवार लगभग 40 लोग घायल हो गए।




# एमपीपीएससी ने परीक्षाओं को लेकर स्थिति स्पष्ट की

**इंदौर।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) ने सोशल मीडिया पर कतिपय 'पेपर लीक' संबंधी चल रही सूचनाओं को भ्रामक बताते हुए आज स्पष्ट किया कि आयोग की ओर से रविवार को आयोजित होने वाली राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 निर्धारित समयसारिणी के अनुरूप ही आयोजित हो रही है। आयोग की ओर से आज यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2024 निर्धारित समय पर 23 जून को आयोजित की जा रही है। यह परीक्षा 23 जून को प्रातः 10:00 से 12:00 बजे तक और दोपहर 02:15 से 04:15 बजे तक, दो सत्रों में, प्रदेश के 55 संभाग और जिला मुख्यालयों पर आयोजित की जा रही है।

# सरकार जल्द ही कौशल विकास कार्यक्रम शुरू करेगी: कौर

एजेंसी < चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

पंजाब के सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने फरीदकोट में ऑब्जर्वेशन होम और प्लेस ऑफ सेफ्टी का दौरा किया और वहां रहने वाले लड़कों को सशक्त बनाने के लिए कई नई पहल की शुरुआत की। अपने दौरे के दौरान, डॉ. कौर ने लड़कों की क्षमताओं को बढ़ाने और उन्हें बेहतर भविष्य के लिए तैयार करने के लिए कौशल विकास कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने मौजूदा सुविधाओं की समीक्षा की और कर्मचारियों को अगले 15 दिनों के भीतर किसी भी कमी को दूर करने का निर्देश दिया।

समग्र दृष्टिकोण पर जोर देते हुए, उन्होंने मनोरंजक गतिविधियों को बढ़ावा देने, व्यापक स्वास्थ्य जांच शिविर के आयोजन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को शामिल करने का भी आह्वान किया।

ऑब्जर्वेशन होम में वर्तमान में विभिन्न जिलों के 60 से अधिक लड़के रह रहे हैं, जिनमें वैधानिक अपराधों के आरोपी 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे और प्लेस ऑफ सेफ्टी में रहने वाले 18 से 21 वर्ष की आयु के बच्चे शामिल हैं। नई पहलों से उनके जीवन की गुणवत्ता और भविष्य की संभावनाओं में उल्लेखनीय सुधार होने की उम्मीद है। मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि हालांकि इस होम को शुरू में 50 लड़कों के रहने के लिए बनाया गया था, लेकिन इसकी क्षमता को बढ़ाकर 100 लड़कों तक करने के प्रयास चल रहे हैं।

# जौनपुर में भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा और बलभद्र को कराया गया 108 कलश से स्नान

एजेंसी < जौनपुर
www.dailypioneer.com



उत्तरप्रदेश के जौनपुर में रथ यात्रा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। जगन्नाथ जी रथयात्रा समिति तथा श्री जगन्नाथ जी सेवा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में रथ यात्रा महोत्सव का आरंभ नगर के श्री हनुमान घाट से हुआ, जहां स्नान जल कलश के 108 जल कलश यात्रा आचार्य डॉ रजनीकांत द्विवेदी के मंत्रोच्चारण के साथ शुरू हुई। संयोजक नीरज श्रीवास्तव के नेतृत्व में जल कलश यात्रा हनुमान घाट , शाही क़िला , मानिक चौक होते हुए श्री जगन्नाथ मंदिर रासमंडल पहुंची ,जहां प्रभु श्री जगन्नाथ , सुभद्रा जी एवम बलभद्र जी को 108 कलश से विधिवत स्नान कराया गया । पौराणिक मान्यता है कि ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा तिथि को अधिक गर्मी से पीड़ित होकर प्रभु श्री जगन्नाथ जी 38 सुभद्रा जी 33 एवं श्री बलभद्र जी 37 जल कलश से स्नान करते हैं।

रथ यात्रा महोत्सव के अध्यक्ष शशांक सिंह 'रानू' महामंत्री शिव शंकर साहू, सह संयोजक राजन अग्रहरि, शैलेंद्र मिश्र, यात्रा प्रभारी क्रह्य पंडित निशाकांत, राजेश गुप्ता व आशीष यादव, संतोष गुप्ता, आशुतोष मिश्रा, संजय गुप्ता सीए, भरत कपूर, संजय पाठक, मनीष गुप्ता, मनोज मिश्रा, आलोक वर्मा, सौरभ रस्तोगी, राजेश तिवारी, केतन अस्थाना समेत अनेकों नर नारियों सहित भक्त उपस्थित होकर भगवान के विग्रह को विधिवत स्नान कराया भगवान का विधिवत पूजन हुआ तथा हलवा चना का भोग लगाकर सभी भक्तों में वितरित किया गया। यात्रा की सकुशल संपन्नता हेतु अध्यक्ष शशांक सिंह रानू ने सभी के प्रति आभार वह कृतज्ञ व्यक्ति की।

# हार सामने देख भाजपाईयों को तंग कर रहे सुक्खू: सिंह

**धर्मशाला।** भारतीय जनता पार्टी के देहरा विधानसभा उप चुनाव प्रत्याशी होशियार सिंह ने अपना चुनावी जनसंपर्क अभियान शुरू करते हुए आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अपनी हार सामने देख भाजपाईयों को तंग करना शुरू कर दिया है।

सिंह ने कहा कि जैसे-जैसे हिमाचल में उपचुनाव का दिन नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे पूरे प्रदेश में यह संदेश स्पष्ट हो गया है कि भाजपा तीन की तीन विधानसभा सीटों पर ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाली है, जिसके कारण सुख की सरकार का दावा करने वाले मुख्यमंत्री सुक्खू अपने खिसकते सियासी कद की चिंता में इतने दुखी हो गए हैं कि अब वह बौखलाहट में अनाप-शनाप बोल रहे हैं। स्वयं को राजनीति का बड़ा खिलाड़ी कहने वाले मुख्यमंत्री को यह आभास हो गया है कि आज भी वह छात्र राजनीति के अलावा कुछ नहीं जानते। उन्होंने कहा कि 16 महीने की निक्कमी एवं अस्थिर सरकार जिन्हें हवाई बातें करने के अलावा कुछ नहीं आता। प्रदेश के मुख्यमंत्री जान गए है कि अब हिमाचल की जनता जान गई है और बार-बार उनके झूठे वादों में नहीं फसने वाली, जिसके कारण अब सुक्खू जनता की नजरों में इतना गिर गए है कि अब वह भाजपा के नेताओं पर निराधार आरोप लगाने पर उतर आए हैं जिनके साथ वह कुछ महीनों पहले सरकार चलाकर उनकी प्रशंसा करते थे।

# दिल्ली भी हमारे नेता के आगे 'नतमस्तक': कार्तिकेय

एजेंसी < भोपाल
www.dailypioneer.com



केंद्रीय मंत्री और मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय सिंह चौहान का वीडियो सोशल मीडिया पर जम कर वायरल हो रहा है, जिसमें कार्तिकेय अपने पिता के संदर्भ में ये कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि उनके आगे दिल्ली भी 'नतमस्तक' है। ये वीडियो चौहान के संसदीय क्षेत्र विदिशा की बुधनी विधानसभा के भेरुन्दा में कल आयोजित कार्यकर्ताओं के आभार कार्यक्रम का बताया जा रहा है। बुधनी चौहान का परंपरागत विधानसभा क्षेत्र है। वीडियो में कार्तिकेय कार्यकर्ताओं से बिना किसी का नाम लिए ये कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि वे पिछले कुछ दिन से दिल्ली में थे। दिल्ली में ये अहसास होता है कि 'हमारे नेता' मुख्यमंत्री रहते हुए जितने लोकप्रिय थे, मुख्यमंत्री ना रहते हुए उससे भी ज्यादा लोकप्रिय हो गए। इसी क्रम में वे कह रहे हैं कि अब जब इतनी प्रचंड जीत के बाद 'हमारे नेता' वहां गए हैं तो आज पूरी दिल्ली भी नतमस्तक है। पूरी दिल्ली उनको जानती है। पूरी दिल्ली ही क्या, कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक देश में अगर सबसे बड़े नेताओं की गिनती की जाती है, तो हमारे नेता शिवराज सिंह चौहान की गिनती की जाती है।

इस वीडियो को लेकर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कार्तिकेय सिंह चौहान को निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा कि चौहान के युवराज 100 फीसदी सच कह रहे हैं क्योंकि केंद्र सरकार अभी पार्टी के अंदर असहमति से डरी हुई है। वहीं कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष के के मिश्रा ने कहा कि कार्तिकेय का वक्तव्य उम्दा है। ज़िंदा हैं तो उसका अहसास कराते रहना चाहिए, विजय सत्य की ही होती है। जीवन-मृत्यु, लाभ-हानि, यश-अपयश, राजयोग सब ईश्वर के हाथ है तो डर किससे और क्यों? चौहान ने हालिया लोकसभा चुनाव में विदिशा संसदीय क्षेत्र से लगभग साढ़े आठ लाख मतों से कांग्रेस प्रत्याशी को पराजित किया है। इसके साथ ही उनका नाम देश में सबसे बड़ी जीत हासिल करने वाले सांसदों में शुमार हो गया है।

# मान ने की भगत कबीर धाम की स्थापना की घोषणा

एजेंसी < होशियारपुर
www.dailypioneer.com



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने भक्ति आंदोलन के पुरोधा भगत कबीर जी के जीवन और दर्शन पर व्यापक शोध करने के लिए भगत कबीर धाम स्थापित करने की घोषणा की। मान भगत कबीर जी के 626वें प्रकाश उत्सव के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह के दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि 15वीं शताब्दी के रहस्यवादी कवि और संत भगत कबीर जी ने लोगों को जीवन जीने का मार्ग दिखाया था। उन्होंने कहा कि यह धाम उनके जीवन पर शोध के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा।

उन्होंने कहा कि महान रहस्यवादी कवि के जीवन और दर्शन ने हमेशा लोगों को सही जीवन जीने के लिए प्रेरित किया है। मान ने लोगों से भगत कबीर जी की शिक्षाओं का ईमानदारी से पालन करने का आह्वान करते हुए कहा कि जाति, रंग, पंथ और धर्म की संकीर्ण सोच से ऊपर उठकर समतावादी समाज का निर्माण करना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि भगत कबीर के जीवन और शिक्षाओं ने प्रेम, शांति, सद्भावना का शाश्वत संदेश दिया, जो उनकी बाणी में निहित है, जो श्री गुरु ग्रंथ साहिब का हिस्सा है। मान ने कहा कि हालांकि भगत कबीर जी का प्रारंभिक जीवन एक मुस्लिम परिवार में बीता, लेकिन वे हिंदू संत रामानंद से काफी प्रभावित थे, जिसका भक्ति आंदोलन के दौरान उनके लेखन पर गहरा प्रभाव पड़ा। महान संत के आदर्शों का अनुकरण करने का लोगों से आग्रह करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक सामंजस्यपूर्ण और प्रगतिशील समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि महान सिख गुरुओं ने हमें अत्याचार, अन्याय और उत्पीड़न के खिलाफ लड़ना सिखाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार राज्य में स्वास्थ्य और शिक्षा प्रणाली को पुनर्जीवित करने के लिए ठोस प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि अब तक अपने बच्चे को सरकारी स्कूल में भेजना आम आदमी की मजबूरी थी, लेकिन छह महीने के भीतर उनकी इच्छा होगी कि वे ऐसा करें क्योंकि शिक्षा प्रणाली को नया रूप दिया जा रहा है। मान ने कहा कि राज्य सरकार विद्यार्थियों में सकारात्मकता भरने के लिए स्कूलों के पाठ्यक्रम में आवश्यक संशोधन करेगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए खाका तैयार है और आने वाले दिनों में इसे लागू किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी याद दिलाया कि लोकसभा सदस्य के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान सदन ने गुरु गोबिंद सिंह के छोटे साहिबजादों को उनके शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की थी।

# वसुधैव कुटुम्बकम् के उददेश्य से प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों ने योग को दिलाया वैश्विक दर्जा : बृजमोहन अग्रवाल

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर दिखा खासा उत्साह, सभी वर्ग के लोगों ने किया योगाभ्यास

पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com

10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्थानीय नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में सांसद लोकसभा क्षेत्र रायपुर बृजमोहन अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर सामूहिक योगाभ्यास प्रदर्शन में हिस्सा लिया। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के तौर पर कांकेर विधायक आशाराम नेताम, जिला पंचायत के अध्यक्ष हेमंत ध्रुव सहित अधिकारी-कर्मचारियों व नागरिकों, छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर योगासन एवं प्राणायाम की विभिन्न मुद्राओं का एक साथ अभ्यास किया। इस दौरान उपस्थित जनसमुदाय में खासा उत्साह दिखा। सभी वर्गों के लोगों ने सामूहिक रूप से योग, योगासन और प्राणायाम किया।




योगाभ्यास के उपरांत मुख्य अतिथि सांसद अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी भारतीयों के लिए यह गर्व का दिन है कि योग एवं अध्यात्म की भारत की प्राचीन परम्परा को सम्पूर्ण विश्व ने अपनाया है। वास्तव में इसे वैश्विक स्तर पर अधिमान्य दिलाने का श्रेय देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है जिनके सद्प्रयासों से यह संभव हो सका। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री ने वसुधैव कुटुम्बकम् के उद्देश्य के साथ देश ही नहीं अपितु सम्पूर्ण विश्व को निरोगी करने की दिशा में ऐतिहासिक पहल की। सांसद ने कहा कि शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा के निरोगी हुए बिना स्वस्थ जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती। अग्रवाल ने बताया कि आगामी शिक्षा सत्र में स्कूलों में पहला कालखण्ड योग एवं प्राणायाम का होगा। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कांकेर विधायक नेताम ने मानव जीवन में योग की महत्ता और अनिवार्यता पर प्रकाश डालते हुए प्रत्येक व्यक्ति को नियमित रूप से योग एवं प्राणायाम करने की बात कही। इसके पहले, नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण सुबह सात बजे सांसद भी अग्रवाल का आगमन हुआ और दीप प्रज्ज्वलित कर उन्होंने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। तदुपरांत उन्होंने सभी उपस्थित अतिथियों के साथ योग शिक्षक के निर्देशन में बैठकर, खड़े होकर तथा लेटकर किए जाने वाले सूक्ष्म योग, अर्द्ध चक्रासन, ताड़ासन, मकरासन, भुजंगासन, शशकासन, मकरासन, वज्रासन, हलासन, त्रिकोणासन, उत्तानपाद आसन, कटिचक्रासन, उष्ट्रासन सहित नाड़ीशोधन, कपालभाति, भ्रामरी जैसे विभिन्न प्राणायामों का सामूहिक अभ्यास किया। जिला मुख्यालय सहित सभी जनपद पंचायतों में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास का सामूहिक आयोजन किया गया।

### सांसद ने अनुकम्पा नियुक्ति-पत्र सौंपे

योग कार्यक्रम के समापन के दौरान सांसद अग्रवाल ने सेवाकाल के दौरान मृत शासकीय सेवकों के परिजनों को जिला प्रशासन की ओर से अनुकम्पा नियुक्ति पत्र सौंपा। उन्होंने राजस्व विभाग में नियुक्ति के लिए हर्षित सोनवानी, सूर्यकांत जुर्री, जयंत मिस्त्री, हेमंत यादव (सहायक ग्रेड-03 पद के लिए) और स्वास्थ्य विभाग हेतु लोकेश्वरी यादव को भृत्य पद पर नियुक्ति हेतु आदेश पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके अलावा सहायक ग्रेड तीन हेतु मनीष राहंगडाले, अभिषेक गर्ग, विनोद उसारे और देवकुमार साहू की भी अनुकम्पा नियुक्ति जिला प्रशासन द्वारा की गई है। इस अवसर पर कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव, उपाध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला, पूर्व विधायक शिशुपाल सोरी सहित वरिष्ठ नागरिक के अलावा जिला पंचायत के सी.ई.ओ. सुमित अग्रवाल, एसडीएम कांकेर अरूण वर्मा मौजूद थे।

## बनियागांव नशा मुक्ति केंद्र में मनाया गया योग दिवस




पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव जिले के बनियागांव में स्थित नशामुक्ति केंद्र में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगा किया गया। इस दौरान योग के महत्व और लाभों पर चर्चा की गई, जिसमें सभी प्रतिभागियों को नियमित योग अभ्यास के फायदों से अवगत कराया गया। इस दौरान यह बताया कि, नियमित योग अभ्यास से शरीर में लचीलापन और ताकत बढ़ती है, नसों को आराम मिलता है और मन को शांति मिलती है। योग तनाव से राहत दिलाता है, बेहतर नींद लाने में सहायक होता है, और भूख तथा पाचन तंत्र को सुधारता है। इसके अतिरिक्त, योग के माध्यम से मानसिक शांति प्राप्त होती है और शरीर की थकान दूर हो जाती है, जिससे व्यक्ति तरोताजा महसूस करता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक करना और उन्हें प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित करना था। प्रशिक्षकों ने विभिन्न योगासनों का प्रदर्शन कर प्रतिभागियों को उनका अभ्यास करवाया। उन्होंने बताया कि, योग न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है।

## ग्रामसभा का आयोजन 24 से 29 जून तक

पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर द्वारा छ.ग. पंचायत राज अधिनियम 1993 के तहत जिले के सभी ग्राम पंचायत मुख्यालय तथा उनके आश्रित ग्रामों में 24 जून से 29 जून 2024 तक ग्राम सभा आयोजन हेतु निर्देश जारी किया गया है। उन्होंने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ग्रामसभाओं का आयोजन अपने स्तर से पीठासीन अधिकारी नियुक्त कर तथा समय-सारणी बनाकर तिथि निर्धारित करें, एक ही तिथि को ग्राम पंचायत के एक से अधिक ग्राम में उसी तिथि में ग्रामसभा का आयोजन न हो। इस प्रकार की व्यवस्था से सरपंच, सचिव सभी ग्रामसभाओं में अपनी उपस्थिति दे सकेंगे एवं ग्रामसभा का आयोजन सही ढंग से हो सकेगा। कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायत सीईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा आयोजन कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार करें और पंचायतों के द्वारा ग्राम सभा सम्मेलन की सूचना सार्वजनिक स्थल, सहगोचर स्थानों पर चस्पा व मुनादी कराएं। साथ ही ग्रामसभा की कार्यवाही सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के बाद लिए गए निर्णयों की अधिकतम 15 मिनट की वीडियो रिकार्डिंग कर वीडियो को ''ग्रामसभा निर्णय'' GS NIR-NAY मोबाईल एप में अपलोड कर ग्रामसभा के गतिविधियों को वाइब्रेंट ग्राम सभा पोर्टल https:// meetingonline.gov.in, https://meetingonline .gov.in एवं जीपीडीपी पोर्टल में शत-प्रतिशत अपलोड कराकर निर्धारित प्रपत्र में प्रतिवेदन जिला कार्यालय को 03 जुलाई 2024 तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

# सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी आंदोलन की राह पर



पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर राज्य के साथ साथ जिले भर के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, सी एच ओ प्रकोष्ठ के बैनर तले 21 तारीख से अनिश्चितकालीन आंदोलन की राह पर चले गए हैं। जिससे जिले के दूरस्थ क्षेत्रों एवम ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सेवाएं बाधित हो रही है। अपनी तीन सूत्रीय मांगे जिनमे जिले के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों का पिछले पांच महीनों से लंबित पीएलपी भत्ता नियमित रूप से प्रदान करने, शासन स्तर से गृह जिले में स्थानांतरण की छूट एवम मुख्यालय से आठ किलोमीटर की दूरी में निवासरत होते हुए कार्य करने मंजूरी के साथ साथ कांकेर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक की बहाली की मांग आदि शामिल है। इससे पूर्व तीन दिवस तक ऑनलाइन एंट्री का कार्य पूर्ण रूप से बंद कर सांकेतिक रूप से शासन को सूचना दे दी गई थी। पर शासन स्तर से कोई कार्यवाही ना होता देख सभी सी एच ओ ने आंदोलन का रुख अपनाया है। 21 तारीख से चल रहे इस आंदोलन में सभी कर्मचारियों की शत प्रतिशत उपस्थिति देखी जा रही है। उक्त आंदोलन में सामुदायिक प्रकोष्ठ की जिला संयोजक मयूरी देवांगन सहित गीतेश्वरी नेताम, शारदा मंडावी, प्रभा साहनी, साधना मिश्रा, अनिता नाग, ममता पांडे, कुलेश्वरी नेताम, कशिश झाड़ी, लोकेश आदि प्रमुख रूप से उपस्थित हो रहे हैं।

## सामुदायिक स्वास्थ अधिकारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर



पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिले के पांचों विकासखंड के अंतर्गत 195 आयुष्मान आरोग्य मंदिर में कार्यरत 138 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अपनी तीन सूत्रीय जायज मांगो के संबंध में जिसमे सितंबर 23 से आज दिनांक तक प्रोत्साहन राशि का भुक्तान /गृह जिले में स्थानातरण और महिला कर्मचारी को अपने मुख्यालय से 8 किलोमीटर दूरी पर निवास कर सेवा देने /काकेर जिले के पवन वर्मा को बिना किसी सूचना के बर्खास्त करने पर बहाल करने हेतु छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ कर्मचारी संघ के प्रांतीय आव्हान पर दिनांक 21 जून से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए है आंदोलन पर जाने के पूर्व क्रमशः विभागीय मंत्री विभाग के राज्य एवम जिले स्तर के सभी अधिकारियों को अपनी जायज मांगो के संबंध में भी ज्ञापन देकर अविनय निवेदन कर सूचना भी दिए है इसके बावजूद भी शासन प्रशासन से कोई पहल नहीं किया गया जिससे अपनी मांगों को पूर्ण करवाने के लिए आंदोलन की राह पर निकल पड़े है।

## केशकाल विधायक ने अज्ञात दुर्घटनाग्रस्त को अस्पताल पहुंचाकर इंसानियत की पेश किया मिशाल





पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव जिला अंतर्गत केशकाल विधायक नीलकंठ टीकाम 21 जून को बिजापुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित होकर कार्यक्रम बाद वापस केशकाल आ रहे थे। तब रात्री लगभग 9.30 बजे बेड़मा के पास से गुजर रहे थे तभी दुर्घटना हालत में पड़ा एक अज्ञात व्यक्ति उन्हें दिख गया। विधायक नीलकंठ टीकाम ने अपनी वाहन रुकवाया और फौरन अपने साथ चल रहे वाहन में दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को बैठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केशकाल ले आये और अस्पताल में भर्ती कराया और डॉक्टर को समुचित उपचार कराने का निर्देशित किया, जिसके बाद घायल व्यक्ति का उपचार किया गया। अज्ञात दुर्घटनाग्रस्त को समय पर सही स्वास्थ्य सुविधा सुलभ करवाकर विधायक नीलकंठ ने जिस इंसानियत का प्रेरणादाई मिशाल दिया हैं।

## बैलाडीला योग समिति के तत्वाधान में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com



बैलाडीला योग समिति किरंदुल के तत्वाधान में बीआईओपी विद्यालय के सभागार में योगाभ्यास कर 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। विदित हो कि 27 सितम्बर 2014 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संयुक्त राष्ट्र संघ में 21 जून को योग दिवस मनाए जाने के सम्बंध में प्रस्ताव रखे जाने पर 11 दिसम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा इस पर सहमति व्यक्त करते हुए 21 जून 2015 से प्रति वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाये जाने की घोषणा की गई थी, तब से प्रति वर्ष यह मनाया जाता है। इसी तारतम्य में बैलाडीला योग समिति किरंदुल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रातः 6:30 बजे से 7:30 बजे तक योगाभ्यास किया गया। मौके पर एनएमडीसी उपमहाप्रबंधक कार्मिक बी के माधव, असिस्टेंट मैनेजर कुनामी, विजय कुमार, ए के सिंह, डी पी डेहरिया, दिनेश साहू, राजेश सिन्हा, तुलेश्वर निषाद, जितेंद्र गुप्ता, नरोत्तम ध्रुव, छबील साहू एवम अन्य लोग उपस्थित थे।

समाज के भटके युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए अनुठी पहल

# समाज के भटके युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए अनुठी पहल

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com

गंगलूर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पालनार, तकनीकी प्रगति और आधुनिक जीवन शैली व प्रवृत्तियों से दूर रहने वाले, आदिवासी संस्कृति और विरासत से समृद्ध गोंड लोगों की मुरिया उप-जनजाति का घर है। पालनार बीजापुर के कई अति नक्सल प्रभावित गांवों में से एक है, जो पिछले दो दशकों से डर और हिंसा के साये में है।

दिसंबर 2023 में, पालनार में नवीन कैंप के स्थापना के बाद क्षेत्र में चौड़ी सड़क, मोबाइल टावर और बिजली आपूर्ति के द्वार खुल गए। कैंप पालनार में फिलहाल एफ/202 कोबरा और सीआरपीएफ की ए/222 समवाय तैनात हैं, जिसे समय-समय पर माओवादी विरोधी अभियानों के संचालन के लिए फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस के रूप में प्रयोग किया जा रहा है। इसका उद्देश्य क्षेत्र को नक्सलवाद के प्रभाव से पूरी तरह मुक्त करना, स्थानीय लोगों के बीच सरकार और प्रशासन के प्रति विश्वास पैदा करना, समाज के भटके युवाओं को मुख्यधारा में लाना और क्षेत्र में विकास और जीवन जीने के बेहतर अवसरों के लिए द्वार खोलना है।

क्षेत्र में शिक्षा का स्तर काफी कम है, जिसका सीधा कारण शिक्षा और विकास की राह में माओवादियों का बाधा बनकर खड़े होना है। अशिक्षा के इस अंधकार को दूर करने के लिए एफ/202 कोबरा ने क्षेत्र के बच्चों को बुनियादी शिक्षा प्रदान करने के विचार की कल्पना की। कैंप में ही एक कक्षा चलाने का निर्णय लिया गया और कंपनी द्वारा निजी स्तर पर इसका प्रचार-प्रसार किया गया। साथ ही, स्थानीय बच्चों को कक्षा में भेजने के लिए सरपंच और गाँव के अन्य प्रमुख और शिक्षित व्यक्तियों से संपर्क किया गया। रोजना क्षेत्र के छोटे-छोटे बच्चों को कैम्प में चलाये जा रहे इस आकर्षक शिक्षण के तरीके एवं मनोरंज खेलकूद के लिए बच्चे कैम्प पहुचते है कुछ बच्चे तो पैदल ही 4-5 किलोमीटर की दूरी भी तय कर लेते हैं। 4 घंटे की खुली कक्षा में बच्चों के सीखने के लिए बहुत कुछ है। शिक्षण के आधुनिक विधियों में छात्र-केंद्रित शिक्षण, गतिविधि-आधारित शिक्षण, और समावेशी शिक्षण शामिल हैं। साथ ही, बेहतर और चिरकाल अधिगम के लिए श्रव्य-दृश्य साधन का भी प्रभावी ढंग से उपयोग किया जा रहा है। बच्चे न केवल कक्षा में सीखते हैं, बल्कि वे कई मनोरंजक गतिविधियों और मजेदार खेलों में भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हैं, जिससे कक्षा का माहौल खुशनुमा रहता है। इससे उन्हें अपने कौशल को निखारने और अपने शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद मिलती है। साथ ही शिक्षण में जुड़े जवानों के संलग्न होने से इन सुदुर क्षेत्र के बच्चों की बड़े मंच पर बातचीत करने की झिझक भी दूर हो रही है। इसके अलावा, इन कोबरा के जवानों द्वारा क्षेत्र के लोगों के लिए कई अन्य गतिविधियां भी चलाई जा रही हैं जैसे कि बेहतर नौकरी के अवसर खोजने में मदद करने के लिए क्षेत्र के कॉलेज जाने वाले छात्रों की कैरीयर काउंसलिंग, क्रिकेट के बल्ले और गेंद तथा वॉलीबॉल जैसे खेल के सामान का वितरण।




# बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम के लिए मिशन अव्वल जैसे नवाचार प्रशंसायोग्य : मुख्यमंत्री

## धमतरी में आयोजित मिशन अव्वल समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम के लिए धमतरी जिले में मिशन अव्वल का नवाचार किया गया, यह बहुत प्रशंसा योग्य है। बच्चों को आगे बढ़ते देखना बहुत अच्छा लगता है। जीवन में आगे बढ़ने के लिए दो सबसे महत्वपूर्ण सूत्र हैं कड़ी मेहनत और इच्छा शक्ति। यह बात मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने धमतरी जिला प्रशासन द्वारा आयोजित मिशन अव्वल समारोह के अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान के अवसर पर कही। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री साय ने कहा कि धमतरी जिला प्रशासन ने दसवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए मिशन अव्वल आरंभ किया। यह बहुत सफल रहा है। दसवीं और बारहवीं बोर्ड में जिले के बेटे-बेटियों ने बहुत अच्छे अंक हासिल किये हैं। उन्हें हम सम्मानित करने जा रहे हैं। जो इतने अच्छे रिजल्ट आये, उसके पीछे मिशन अव्वल की बड़ी भूमिका रही है। इसके अंतर्गत हर महीने टेस्ट लिये जाते थे। आखरी महीने में बच्चों को बोर्डिंग में रखकर विशेष रूप से तैयारी कराई गई। इसका अच्छा परिणाम हुआ और बहुत अच्छे नतीजे आये। मुख्यमंत्री ने कहा कि 55 करोड़ 15 लाख रुपए के 122 विभिन्न कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा विकास का मूल मंत्र है। शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। यह केवल रोजगार प्राप्त करने का माध्यम नहीं है अपितु किसी भी क्षेत्र में उन्नति करना है तो अच्छी शिक्षा बहुत जरूरी है। आप सभी बच्चे मन लगाकर पढ़िये। छत्तीसगढ़ में उच्च स्तर के शैक्षणिक संस्थान उपलब्ध हैं। आप इनका लाभ लीजिए। हमारे प्रधानमंत्री मोदी की परिकल्पना वर्ष 2047 तक विकसित भारत तैयार करने की है। इसके अनुरूप हमें भी वर्ष 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ तैयार करना है और इसके लिए निश्चित रूप से शिक्षा जगत का बड़ा योगदान होगा। आप सभी मन लगाकर पढ़िये। धमतरी में विनोबा एप और स्वाध्याय एप जैसे शैक्षणिक नवाचार किये गये हैं। इसका लाभ बच्चों को अवश्य मिलेगा। सफलता के लिए दो चीजें बहुत जरूरी है पहला इच्छा शक्ति और दूसरा कड़ी मेहनत। अभी कुछ मेधावी बच्चों के अनुभव आपने सुने, उन्होंने बताया कि कितनी कड़ी मेहनत उन्होंने की है। आप सभी सपने देखिये, आप देश के कर्णधार हैं। सपने देखिये और आगे बढ़िये। मुख्यमंत्री ने बच्चों की हौसलाअफ्जाई करते हुए एक पंक्ति से अपनी बात समाप्त की। वो दूर खड़ी मंजिल इंगित कर तुम्हें बुलाती है, साहस से बढ़ने वालों के माथे पर चंदन लगाती है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कहा कि आप सभी अपनी जीवनचर्या में योग को जरूर शामिल करें। अपनी व्यस्त दिनचर्या में थोड़ा समय योग के लिए जरूर निकालें। अपने संबोधन में सांसद रूप कुमारी चौधरी ने कहा कि शिक्षा के महत्व को आज ही नहीं, हजारों साल से माना जा रहा है। हमारे यहां ज्ञान-विज्ञान की परंपरा रही है। बच्चों के इतने अच्छे अंक देखकर बहुत अच्छा लगता है। यह गौरवान्वित करने वाला क्षण होता है। अपने संबोधन में विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि स्वतंत्रता के सौ बरस पूरे होने पर विकसित भारत का जो संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिया है। उसे देखते हुए छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में विजन डाक्यूमेंट तैयार करने का निर्णय लिया गया और इस पर काम आरंभ हो गया है। मुख्यमंत्री ने इस विजन डाक्यूमेंट में सबसे ज्यादा प्राथमिकता शिक्षा को दी है क्योंकि शिक्षा बढ़िया हो गई तो सब कुछ अच्छा हो जाएगा।

# श्री सीमेंट के आवासीय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



श्री रायपुर सीमेंट प्लांट के भरुवडीह स्थित आवासीय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन किया गया। संस्थान के कर्मचारियों, महिलाओं व बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में बलोदा बाजार से आए योग गुरु हेमंत टिकरिया वह राजेश्वरी बघेल के द्वारा विभिन्न योग क्रियाओं व आसनों के माध्यम से सभी को योग के महत्व व अपने जीवन में योग करने का संकल्प दिलाया। पांच दिवसीय शिविर के समापन समारोह 21.06 2024 को योग के माध्यम से शरीर की हर कोशिका को स्वस्थ और बेहतर बनाने की दिशा में योगाभ्यास किया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संयंत्र के क्लस्टर हेड मनोज कुमार श्रीवास्तव ने प्लांट के सभी कर्मचारियों एवं कॉलोनी वासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने संदेश में सभी से योग को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की अपील की और कहा कि योग से स्वस्थ व निरोगी जीवन का लक्ष्य आसानी से पाया जा सकता है। इस अवसर पर प्लांट के वरिष्ठ अधिकारियों में विजय अग्रवाल, अक्षय जैन, हरीश घनवानी, बी. एस.छिपा, अमित चौहान रितेश, अभिषेक चौहान, प्रमोद सुवालका, आशीष माहेश्वरी, एस. राजू संजीव द्विवेदी, मुकेश देवांगन इत्यादि उपस्थित थे।

# जोन स्तरीय फाऊंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमैरेसी प्रशिक्षण का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



फाऊंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमैरेसी प्रशिक्षण जोन स्तरीय संचालित है जिसमें डाइट महासमुंद के टीम जमदरहा पहुंची। प्रशिक्षण के समापन बेला में बीआरसीसी ललित देवता, डाइट महासमुंद से अरुण प्रधान वरिष्ठ व्याख्याता, किरण कन्नौजे व्याख्याता, ईश्वर चंद्राकर व्याख्याता, डीआरजी डिजेन्द्र कुर्रे, वारिश कुमार, शरण दास, शिव कुमार साहू, त्रिलोचन पटेल, सालिक राम टंडन, अमित भोई, प्रकाश सिदार, प्रफुल्ल साव उपस्थित थे। इस प्रशिक्षण में ब्लॉक से द्वितीय चरण में तीन जोन में सम्पन्न हुआ। जिसमें गड़फुलझर, बड़े टेमरी, जमदरहा शामिल है। प्रत्येक जोन से 60-60 संख्या में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। इस प्रशिक्षण को सतत रूप से मॉनिटरिंग भी की जा रही है। जिसमें सम्पा बोस एपीसी, प्रताप नारायण दास, कविता देवांगन, शीला विश्वास, मधु साहू, तोमार वैष्णव और महासमुंद जिले के फाऊंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमैरेसी प्रभारी पाण्डेय के मार्गदर्शन से सभी डीआरजी को बुनियादी साक्षरता अर्थात भाषाई ज्ञान एवं गणितीय समझ अर्थात संख्यात्मक ज्ञान को सरल से सरल समझ बच्चों में किस प्रकार बनाया जाए इसका मार्गदर्शन इस प्रशिक्षण में दिया जा गया है। छत्तीसगढ़ शिक्षा विभाग के विभिन्न योजना फाऊंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमैरेसी एवं नवाजतन के द्वारा बच्चों को किस प्रकार से चुनौती देकर शिक्षा को सरल और सुगम बनाया जा सके इस बात को डीआरजी ग्रुप के द्वारा सरल रूप में प्रशिक्षण दिया जा रहा है साथ ही साथ तीन से आठ वर्ष के आयु के बच्चों को किस प्रकार से बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान दिया जाए इस पर पूरी तरह से फोकस किया जा रहा है। इस ट्रेनिंग को बसना विकासखंड के तीनों जोन में सफल प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। सभी प्राथमिक शिक्षक इसको अपने विद्यालय में जाकर 5 करोड़ बच्चों जो बुनियादी साक्षरता के अधिगम स्तर को प्राप्त नहीं किये है। उनको शिक्षा के मुख्य धारा में लाकर सशक्त एवं मजबूत बनाएंगे। सफल प्रशिक्षण हेतु बसना विकासखंड शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी बद्री विशाल जोल्हे, लोकेश्वर कंवर, विनोद कुमार शुक्ला, बीआरसीसी ललित देवता ने बधाई दिए है।

# आजादी के दशको बाद भी ग्राम राटापाली और ग्राम बनियातोरा के ग्रामीणों को नसीब नही हुआ पक्की सड़क



पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com

जिले के बागबाहरा विं खंड के अंतिम छोर उडीसा सीमा से लगे ग्राम पंचायत परकोम के आश्रित ग्राम बनियातोरा एवं ग्राम पंचायत राटापाली जहां आजादी दशको बाद वहां के ग्रामीण व स्कूली बच्चे को पक्की सड़क नसीब नही यहां के ग्रामीण पक्की सड़क के लिए तरस रहे है। जनप्रतिनिधि व प्रशासनीक उपेक्षा कारण आज भी यहां के ग्रामीण कच्ची सड़क पर चलने को विवस है ब्लाक मुख्यालय से लगभग 25 से 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम राटापाली मार्ग के लिए 2016-17 मे स्वीकृत राशी भाजपा सरकार के शासन काल मे लगभग 98.00 लाख रुपए की लागत से निर्माण होना था जिसकी लम्बाई दो किलो मीटर के लिए हुआ था आज तक निर्माण ही नही हुआ। इसी तरह बनियातोरा मार्ग के लिए पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार मे 2022-23 बजट मे शामिल नाबार्ड योजना के तहत जिसकी लम्बाई 3.5 किलोमीटर जिस पर पुल पुलिया सहित 3.41 तीन करोड़ 41 लाख 45 हजार रुपये की लागत से निर्माण किया जाना था। इन दोनो गांवो के ग्रामीणो व स्कूली बच्चो को इसका खामियाजा बरसात मे फिर भुगतना पड़ेगा। जबकी इस सड़क के निर्माण के लिए राशी भी स्वीकृत किया गया था। बरसात के दिनो मे इस मार्ग मिट्टी व किचड़ युक्त सड़क मे ग्रामीण व विद्यार्थीयों को कापी मुसीबतों से होकर गुजरना पड़ता है। विदित हो की आजादी के दशको बाद भी नर्रा से राटापाली मार्ग दो किमी एवं परसुली से बनियातोरा मार्ग लगभग पांच किमीटर गांवो से जोड़न वाले सडके कच्ची है। गांव के कई लोग पक्की सड़क का सपना देखते देखते गुजर गए लेकिन सड़क नही बन सकी वही ग्राम बनियातोरा गांव के लोगो इसी दलदल कांन्हार मिट्टी वाले सड़क से गुजर कर राशन लेने ग्राम पंचायत परकोम जाना भी पड़ता है और तो और वहां के बच्चे मिडील व हाई स्कूल हाई सेंकडरी परसुली पढ़ने भी आते है। भरी बरसात के कारण कच्ची सड़क पर साइकिल चलाना तो दूर चलना मुश्किल हो जाती है।

# पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला चनाट में अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया



पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला चनाट मे बच्चों शिक्षकों एवं पालकों ने अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य मे सूक्ष्म व्यायाम, योगा, प्राणायाम किया तथा नियमित योग करने के फायदे के बारे मे प्रधानपाठक नीलाम्बर नायक ने बच्चों को बताया कि स्वस्थ शरीर से स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है और स्वस्थ, तंदरुस्त रहने के लिए दैनिक कसरत, खेलकूद एवं योगा विद्यार्थी जीवन के साथ-साथ सभी लोगों को जरुरी है,प्राणायाम से कई प्रकार के रोग के साथ-साथ मानसिक तनाव भी दूर होता है। योगा दिवस मनाने के पश्चात् शाला प्रांगण मे तीन रबर ट्री, दो कागच फूल, और दो नग करैत का पौधा तथा 5 प्रकार के इंडोर प्लांट बच्चों एवं कार्यरत सफाई कर्मचारी के सहयोग से रोपे गये। बच्चों को देखरेख हेतु जिम्मेदारी सौंपी गयी। कार्यक्रम समापन तक संकुल समन्वयक रोहित पटेल उपस्थित रहे, बच्चों और पालकों मे प्रेरणा भरते रहे।

# दुलारपाली में व्यायाम शिक्षक रूपधर पटेल द्वारा कराया गया योगाभ्यास



पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुलारपाली में दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग प्रभारी व्याख्याता टेकलाल पटेल एवं व्यायाम शिक्षक रूपधर पटेल द्वारा योगाभ्यास कराया गया। प्राचार्य प्रेमानन्द भोई ने इस अवसर अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ शरीर मे स्वस्थ मन का वास होता है और शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग, प्राणायाम, ध्यान और व्यायाम अति आवश्यक है। इसलिए प्रतिदिन नियमित रूप से इसे करें और स्वस्थ रहें। कार्यक्रम को सफल बनाने में दुबेलाल पोर्ते, सुशांत प्रधान, डी के पटेल, एस एल जगत, राकेश प्रधान, हाराधन चौधरी, सी एस विशाल का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली में प्राचार्य पी के भोई के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी यू के बरिहा के नेतृत्व में दशम अंतरराष्ट्रीय विश्व योग दिवस का आयोजन किया गया ।जिसमें पतंजलि योगपीठ से प्रशिक्षित योग प्रशिक्षक अर्जुन कुजूर आचार्या शिखा पटेल एवं आचार्या गार्गी पटेल के द्वारा विभिन्न प्रकार के आसनों के माध्यम से सिखाया गया। इस वर्ष का अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का थीम स्वयं एवं समाज के लिए योग विषय पर विभिन्न प्रकार के योग, आसन, प्राणायाम, कपालभाति आदि के माध्यम से सिखाया गया मुख्य प्रशिक्षक अर्जुन कुजूर ने योग के माध्यम से होने वाले लाभ और बीमारियों से बचने के उपाय के बारे में बहुत ही सारगर्भित तरीके से परिचित कराया। स्वस्थ जीवन शैली के माध्यम से हम अपने आयु को बढ़ा सकते हैं, भारतीय योग दर्शन के माध्यम से आज समूचा विश्व शांति एवं करुणा के महत्व को अंगीकार कर रहा है। विश्व बंधुत्व की भावना भारतीय योग दर्शन में परिलक्षित होता है भारत के वैदिक ऋषियों और मनुष्यों ने योग के गुड़ रहस्य को जन जन तक पहुंचने के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया ।जिसके परिणाम स्वरूप



आज विश्व में लोग योग को अंगीकार कर रहे हैं पतंजलि का योग दर्शन व्यक्ति के आत्म साक्षात्कार को जागृत करता है और अपने अंतःकरण में स्थित सर्वोच्च सत्ता को प्राप्त करता है। वही ज्ञान और उनका शोध आज विश्व के लोगों में एक दूसरे के साथ अपने वैचारिक मतभेद को बुलाकर शांति एवं एकता का पाठ पढ़ाया जाता है ।भारतीय योग एवं ज्ञान की परंपरा अनादि काल से समुचित विश्व को प्रदान कर रहा है जिसके परिणाम स्वरूप मानव में नई चेतना का विकास होता है। असाध्य एवं जटिल बीमारियों का निदान भी योग के माध्यम से होता है निरंतर योग करते रहने से शारीरिक व्याधि समाप्त होकर के एक पूर्ण स्वस्थ शरीर का निर्माण होता है। जिससे कि व्यक्ति के जीवन दर्शन आयु और इच्छा शक्ति को प्रबल बनता है योग की महिमा बहुत ही अधिक जान पड़ता है जब व्यक्ति अपने जीवन में योग को दिनचर्या में शामिल कर जीवन जीता है। आचार्या गार्गी पटेल ने सुक्ष्म व्यायाम के माध्यम से शरीर को स्वस्थ रहने के उपाय बताएं, छोटी-छोटी क्रियाएं कर जीवन को सहज एवं सरल बना सकते हैं। आचार्य शिखा पटेल ने प्रोटोकॉल के माध्यम से योग प्राणायाम एवं आसनों को बहुत ही रोचक एवं प्रभावी तरीके से किया। उन्होंने कहा कि हमें गर्व होना चाहिए कि भारत सरकार के पहल पर पूरा विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है, अतः योग को प्रत्येक घर-घर तक पहुंचाने तथा प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ एवं सुंदर रखने हेतु हमें कार्य करना चाहिए। योग जीवन भर चलने वाली क्रिया का नाम है जो लोगों को जोड़ने का काम करता है। इस अवसर पर सतीश अग्रवाल , क्षेत्रोपाल बाघ, डॉ.संध्या भोई,राष्ट्रीय सेवा योजना सामान्य इकाई के कार्यक्रम अधिकारी यू के बरिहा ,प्राची गुप्ता, शब्या पटेल, हेमलता पटेल, खीरसागर पटेल सहित महाविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। इस आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की बड़ी भूमिका रही।

# कोदवा में विश्व योग दिवस मनाया



पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

कामगार फाउंडेशन एवं दीप क्लब के सौजन्य से ग्राम कोदवा के जोगीदीप में योग दिवस मनाया गया जिसमें वृक्षारोपण, स्वच्छता, जागरूकता रैली, जल जीवन मिशन, जल संरक्षण के बारे में लोगों को जानकारी दिया गया ग्राम के सभी वर्ग के युवा महिला पुरुष शामिल हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए निपानिया टी,आई किसुन कुंभकार और पूरे टीम उपस्थित थे जिन्होंने लोगों को पर्यावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया और वृक्षारोपण करने से लोगों को होने वाले फायदा के बारे में जानकारी दिया और युवा वर्ग को नशा पान के मुक्ति के बारे में प्रेषित किया आज के युवा वर्ग में नाश से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दिया इसी अवसर पर पूर्व प्राचार्य शिव वर्मा,लक्ष्मी प्रसाद वर्मा, वेदरूपक बैरागी ने लोगों को अपने-अपने घर के आसपास एवं सार्वजनिक स्थल की स्वच्छता के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया कामगार फाउंडेशन के संरक्षक प्रेम पाठक, सीईओ धीरेंद कश्यप, कॉर्डिनेटर नरेन्द्र यदु ने लोगों को जल संरक्षण, जल शुद्धता की जॉच एवं जल जीवन मिशन के बारे में जानकारी दिया गया और जल के कैसे सदुपयोग किया जा सकते हैं और संरक्षण बारे में प्रेषित किया।विश्व योग दिवस के उपलक्ष में दीप क्लब के युवा सुनील वर्मा एवं सागर वर्मा के द्वारा लोगों को योग करके निरोग कैसे रह सकते हैं उसके बारे में जानकारी दिया और प्रेरित किया कार्यक्रम में दीप क्लब के सदस्य एवं गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे जिसमें चेतराम साहू, मनहरण वर्मा, सालिक वर्मा, छोटेलाल वर्मा,सीताराम वर्मा, ईश्वर वर्मा, चंद्रप्रकाश पत्र सचिव, शिव साहू रोजगार सहायक, छवि साहू डी,आर ध्रुव प्राचार्य शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कोदवा, जितेंद्र ध्रुव, शेषनारायण वर्मा, मनोज शर्मा, शुक्ला, सुनील वर्मा, सागर वर्मा, पुरुषोत्तम दौलत वर्मा दुर्गेश वर्मा पुरुषोत्तम यदु,रामसप्ताह वर्मा, तुलसी वर्मा, ज्ञानचंद वर्मा, धनेश्वर निषाद, सत्यम वर्मा, अजय वर्मा, वासुदेव वर्मा, सत्रोहन, पुष्कर,भागवत, राज, गौरव, केशव, राजशेखर, शिव, चंदन, हरीश, तेजप्रकाश, धर्मेंद्र, एवं दीप क्लब लड़कियों उपस्थित थे जिसमें उमेश्वरी, टिकेश्वरी, रितु, करुणा, शुभम, सरिता, रूप, बूदेश्वरी, दीप क्लब के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने किए योगासन

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



अंतराष्ट्रीय योग दिवस नगर के सिटी सेंटर मॉल में मनाया गया. 21 जून को पूरे विश्व में योग दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया है. इस खास अवसर पर लोगों को जागरूक करने के लिए पूरे छत्तीसगढ़ में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए । भारतीय जनता पार्टी के नेता, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने इसी कड़ी में भाटापारा में 10वें 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' के कार्यक्रम में हिस्सा लिया. इस दौरान उन्होंने कई योगासन भी किए। उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मार्गदर्शन में आज दुनिया के 200 देश अंतराष्ट्रीय योग के अवसर पर योग के विभिन्न कार्यक्रमों के साथ जुड़े हैं. इस तरह वह योग की विभिन्न विधाओं के साथ जुड़कर भारत की ऋषि परंपरा के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त कर रहे हैं. शिवरतन शर्मा ने कहा यह भारतीय मनीषा का विश्व मानवता के कल्याण के लिए दिया गया एक उपहार है. उन्होंने कहा कि हमारी परंपरा कहती है, 'शरीर माध्यम खलु धर्म साधनम' यानी शरीर के जितने भी साधन हैं, जीवन के जितने भी हमारे माध्यम हैं, वह स्वस्थ शरीर से ही संभव हो सकते हैं। इस दौरान शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि सामान्य स्वास्थ्य के लिए लोग कई तरह एक्सरसाइज करते हैं. लेकिन, स्वस्थ शरीर के साथ स्वस्थ मस्तिष्क केवल योग से ही संभव है. योग की विधा से ही ऐसा हो सकता है. भारतीय मनीषा के हजारों वर्षों की ये परंपरा हम सब की विरासत का हिस्सा है। शर्मा ने कहा कि योग शरीर को ही रोगमुक्त नहीं करता बल्कि मानसिक एवं बौद्धिक स्तर पर मानव को सशक्त, शांत और ओजस्वी बनाता है। उक्त अवसर पर जिला महामंत्री राकेश तिवारी, जिलाध्यक्ष भाजयूमो सुनील यदु, मंडल महामंत्री योगेश अंनत, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नितिन तिवारी, तहसीलदार चित्रलेखा चंद्रवंशी प्रकाश पटेल, कुंजराम कोशले, शैलेन्द्र नामदेव, अभिषेक वर्मा सहित बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य जन एवं योग साधक उपस्थित थे।

# योग भवन में मनाया गया अंतराष्ट्रीय योग दिवस



पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर कचहरी चौक में स्थित स्वामी शिवानन्द योग भवन में योग दिवस मनाया गया,जिसमें दिव्य जीवन संघ के दौलत चन्द्राकर तारेंद्र चन्द्राकर देवेंद्र चन्द्राकर रामनिवास चन्द्राकर एवं सदस्यों द्वारा विधिवत्त पूजा अर्चना कर योग प्रारंभ किया गया, योग सिखाने के लिए महासमुंद से तारेंद्र चन्द्राकर द्वारा योग अभ्यास कराया गया, इस कार्यक्रम मे परमानंद बजाज,चोइथराम राजपाल रामकुमार चन्द्राकर रविन्द्र जैन लक्ष्मीनाथ चंद्राकर गौतम सिन्हा अमित चंद्राकर मोनू नामदेव की प्रशिक्षण में उपस्थिति रही सभी ने एक स्वर में कहा करें योग, रहे निरोग।

# राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री को जन्मदिन पर दी बधाई



**लवन।**भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन कुमार साय को उनके जन्मदिन पर बलौदाबाजार विधायक व राजश्व मंत्री टंक राम वर्मा ने बधाई शुभकामनाएं देते हुए उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना किये गए हैं।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल की छात्रा को मिला हिदायतुल्लाह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी रायपुर में प्रवेश

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

खमरिया भाटापारा स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल की मेधावी छात्रा आयुषी साहू ने लॉ यूनिवर्सिटी में प्रवेश पाने के लिए राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा (सीएलएटी) को पास करके अपनी इस विशिष्ट योग्यता के दम पर रायपुर के हिदायतुल्लाह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी (एचएनएलयू) में प्रवेश लेकर उन्होंने अपना, अपने विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। आयुषी साहू को हिदायतुल्लाह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी रायपुर में (एचएनएलयू) में प्रवेश मिलने पर दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में हर्ष की लहर है। उनकी इस विशिष्ट उपलब्धि के लिए विद्यालय के प्रबंधक अश्विनी शर्मा, सह- प्रबंधक संदीप गोयल तथा प्रधानाचार्य योगेश पोपट सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों द्वारा आयुषी साहू तथा उनके माता-पिता को ढेर सारी शुभकामनाएँ दी गई।

# कलेक्टर ने किसानों एवं विभिन्न कृषक संगठनों से चर्चा कर खेती किसानी कार्य में हो रही समस्याओं के बारे में ली जानकारी

## किसान कल्याण समिति के माध्यम से किसान रखेंगे अपनी बात, जिला स्तरीय कृषि हेल्प लाईन नम्बर 9109917787 किया जारी

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में जिले भर से आये किसानों एवं विभिन्न कृषक संगठनों से चर्चा कर खेती किसानी के कार्य में हो रही समस्याओं के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल की। इस दौरान कलेक्टर ने किसानों की बात आसानी से प्रशासन तक पहुंचे इसके लिए किसान कल्याण समिति बनाने की निर्देश दिए है। किसान कल्याण समिति का विस्तार न केवल जिला स्तर तक बल्कि विकासखण्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर तक किया जायेगा। इसके साथ ही किसानों को खाद, बीज, रासायनिक दवाईयों की अनुपलब्धता एवं कृषि विभाग संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी हेतु जिला स्तरीय कृषि हेल्प लाईन नम्बर 9109917787 जारी किया गया है। जिले के कोई भी किसान इस नम्बर पर फोन कर शिकायत एवं सहायता प्राप्त कर सकते है। इस दौरान किसानों ने कलेक्टर सोनी को कसडोल के सहकारी समिति में स्टॉफ की कमी, राखड़ में पाउडर एवं डीएपी के स्टॉक में कमी के बारे में जानकारी कलेक्टर को दी। जिस पर कलेक्टर ने शीघ्र ही कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है।

इस दौरान कलेक्टर सोनी जिले के सभी किसानों को बताया कि पलारी विकासखण्ड अंतर्गत छेरकापुर में नवीन बीज प्रक्रिया केन्द्र प्रारंभ हो गई है। जहां पर बीज की ग्रेडिंग सहित पेकिंग कर सहकारी समितियों के माध्यम से अगले वर्ष से किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध करायी जायेगी। इससे जिले की रायपुर पर निर्भरता समाप्त हो जायेगी। बैठक के दौरान कलेक्टर सोनी किसानों से अपील करते हुए कहा कि गांव में किसी भी प्रकार संदिग्ध गतिविधियां या सौहार्द बिगाड़ने का कार्य करता है तो उसकी जानकारी अवश्य रूप से जिला कन्ट्रोल रूम 94791-90629 पर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते है।

इस दौरान कलेक्टर ने कृषि विभाग के कामकाज की विस्तृत समीक्षा की है जिसमें बीज के उपलब्धता, फसल चक्र, सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन, एक्सटेंशन रिफॉर्म, सबमिशन ऑन सीड, सीड एंड प्लॉटिंग मटेरियल अंतर्गत बीज ग्राम योजना, रेनफेड एरिया डेवलपमेंट योजना, स्वायल हेल्थ कार्ड योजना, परंपरागत कृषि विकास योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, एकीकृत जल ग्रहण प्रबंधन, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा दलहन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजा सहित अन्य योजनाओं शामिल है। बैठक में विभिन्न किसान संगठनों के प्रतिनिधि, उप संचालक कृषि दीपक नायक, डीएमओ निधि शंशाक दुबे, उद्यानिकी सहायक संचालक आर आर वर्मा, सहकारी बैंक नोडल अधिकारी शर्मा सहित क्रेडा, बीज विकास निगम, कृषि एवं सहकारिता के विकासखण्ड स्तर अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# रविवार को घरों तक पहुंचेंगे मितानिन और निगम कर्मी

## चेतावनी के बाद भी नही सुधरे तो निगम वसूलेगा जुर्माना

पायनियर संवाददाता रिसाली
www.dailypioneer.com





रिसाली निगम क्षेत्र में हर रविवार को मितानिन और निगम कर्मी घर घर दस्तक देंगे। डेंगू जैसे महामारी के स्त्रोत को खत्म करने की जानकारी देंगे। इसके बाद भी अगर लापरवाही पाई गई तो निगम 500 से 2000 तक जुर्माना वसूल करेगा। आयुक्त मोनिका वर्मा ने बताया कि इसके लिए आजीविका मिशन के सीआरपी और मितानिन की बैठक ली गई है। प्रत्येक रविवार को मितानिन श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र और सीआरपी कालोनी में घर घर दस्तक देंगी। लोगों को जानकारी देंगी कि बारिश के समय घर के बाहर पानी जमा नही होने दे। ऐसा कोई सामान न छोड़े जिसमें पानी एकत्र हो और मच्छर का लार्वा पनपे। आयुक्त ने बताया कि एक बार सर्वे के बाद मितानिन दूसरे रविवार को उसी घर में जांच करने पहुंचेगी। लापरवाही होने पर जुर्माना वसूल किया जाएगा।

**जांच में यह देखेंगे**-निर्देश दिया गया है कि कर्मी प्रत्येक घरों में कूलर को चेक करेंगे। ऐसे खुले स्थान में टायर या फिर कोई सामान तो नही है जिसमे लंबे समय से पानी या बारिश का पानी तो भर नही रहा है। साथ ही छत पर टायर या खाली गमला, चिड़ियों को पानी देने का पात्र तो नही है।

**जुर्माना वसूल करने टीम**-आयुक्त ने स्वास्थ और राजस्व विभाग की अलग से टीम बनाई है। यह टीम शिकायत वाले स्थानों पर पहुंचेगी। पहली लापरवाही पर 500 जुर्माना वसूल किया जाएगा, और दोबारा गलती करने पर 2000 तक की राशि जुर्माना के रूप में वसूल की जाएगी।

**अधिकारी करेंगे निरीक्षण**-इस अभियान की जांच अलग अलग सप्ताह अलग अधिकारी करेंगे। सब इंजीनियर से लेकर विभाग प्रमुख और सहायक अभियंता टीम पर निगरानी कर सीधे आयुक्त को रिपोर्टिंग करेंगे। अगर अधिकारी फिल्ड में नही गए तो 24 घंटे के भीतर उन्हें जवाब देना होगा।

# संत कबीर दास के प्राकट्य दिवस कसडोल विधानसभा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया





पायनियर संवाददाता लवन
www.dailypioneer.com

महान समाज सुधारक सन्त कबीर दास का प्राकट्य दिवस उत्सव शनिवार का दिन खास होने के चलते कसडोल विधानसभा के विभिन्न गॉव एवं कसडोल सहित आसपास के गॉव में कबीर दास के अनुयायियों द्वारा विधिवत श्रद्धा भाव से उनके जन्मदिन हर्षित भाव से मनाए गए। इस अवसर पर उनके अनुयायियों द्वारा अपने घरों में कबीर पंथ से जुड़े लोगों को घर बुलाकर घर में चौका आरती पूजा कर प्रसाद वितरण किये गए। साथ ही कबीर के बताए मार्गों का अनुसरण करने का वचन लिया गया। गौरतलब हो कि महान संत कबीर दास केवल सन्त ही नहीं थे अपितु एक आदर्श और महान समाज सुधारक भी रहे हैं उन्होंने आडम्बर, पाखण्ड पर अपने लेखों के माध्यम से कुठाराघात भी किये गए हैं। कसडोल स्थित विजय पटेल के यहां कबीर जयंती पर चौका आरती आयोजन रहा जंहा परिवारिक मित्रों के अलावा आसपास के कबीर पंथ से जुड़े लोगों की भीड़ उमड़ी रही।ग्राम पंचायत सिरियाडीह से समिति प्रबधंक गोविंद पटेल एवं उनके परिवार के सदस्य कबीर जयंती आयोजन में शामिल हुए।

# स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने जिला हॉस्पिटल का निरीक्षण कर लिया जायजा, मरीजों से की मुलाकात

## एक माह में बर्न यूनिट प्रारंभ करने के दिए निर्देश, हॉस्पिटल की साफ–सफाई की प्रशंसा

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिला प्रभारी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज सुबह ओपीडी के समय जिला हॉस्पिटल में पहुँचकर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए पूरे हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भर्ती हुए मरीजों एवं चेकअप कराने आये मरीज़ो से बातचीत कर उनका हाल चाल जाना एवं उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी जानकारी हासिल किया। इस दौरान जायसवाल ने जिला अस्पताल की क्षमता 100 बेड से बढ़ाकर 200 बेड करने एवं एमआरआई जांच मशीन लगाने का प्रस्ताव संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें में प्रेषित करने के निर्देश प्रशासन को दिए है। निर्माणधीन बर्न यूनिट की कार्य 1 माह में पूर्ण कर शीघ्र ही प्रारंभ करने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है। भर्ती हुए मरीज ग्राम परसाभदेर निवासी बेनीबाई से मंत्री ने पूछा कि कब से भर्ती हो एवं खाना मिलता है कि नही जिस पर उसके परीजनों ने बताया कि बेनीबाई कल शाम से सांस लेने में हो रहे दिक्कतों चलते भर्ती हुई है एवं हमें समय पर खाना मिला है। इसी तरह ग्राम भवानीपुर से आये मरीज श्यामबाई वर्मा नेत्र जांच के लिए पहुंचे थे मंत्री ने उनसे भी आने का कारण पुछते हुए उनके हाल-चाल का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उल्टी दस्त के मरीज भी मिले जिस पर मंत्री ने सभी डॉक्टरों को बरसात के मौसम में सतर्क रहने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही सीएचएमओ को सभी स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराने एवं निचले के अमले को सक्रीय करने के निर्देश दिए है। मंत्री जायसवाल ने इस दौरान ओपीडी, मेडिकल स्टोर, आपात कालीन वार्ड, मेल वार्ड, आयुष विंग, स्टोर, फिजियोथेरेपी, नेत्र वार्ड, हमर लैब, ब्लड बैंक, आरटीपीसीआर, लैब, एमसीएच सहित अन्य कक्षो का भी मुयाना किया। उन्होंने हॉस्पिटल मे संचालित डायलिसिस यूनिट एवं सिटी स्कैन मशीन का भी अवलोकन किया। साथ ही समय में बाथरूमों की नियमित साफ -सफाई पर जोर देने के निर्देश सिविल सर्जन को दिए है। मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस पूरे निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था की प्रशंसा भी की है एवं सफाई कर्मियों से मिलकर उनका उत्साह वर्धन भी किया। इस मौके पर पूर्व विधायक बिलाईगढ़ सनम जांगड़े, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद् बलौदाबाजार चित्तावर जायसवाल, कलेक्टर दीपक सोनी, विशेष कर्तव्य अधिकारी आशुतोष पाण्डेय, बलौदाबाजार एसडीएम अमित गुप्ता, सीएचएमओ डॉ एम पी महिश्वर, सिविल सर्जन डॉ राजेश अवस्थी, डीपीएम सृष्टि मिश्रा, हॉस्पिटल प्रबंधक रीना सलूजा सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता एवं पीपीटी प्रवेश परीक्षा 23 जून को

पायनियर संवाददाता गरियाबंद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 23 जून रविवार को छत्तीसगढ शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीजीटीईटी) की परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जावेगी। प्रथम पाली की परीक्षा (एक से पांच तक की कक्षाओं में अध्यापन के लिए) प्रातः 10 से 12:15 बजे तक एवं द्वितीय पाली की परीक्षा (छः से आठ तक की कक्षाओं में अध्यापन के लिए) दोपहर 02 से 04.15 बजे तक आयोजित की गई है। साथ ही 23 जून को ही प्रथम पाली में प्रातः 09.00 बजे से 12.15 बजे तक पी.पी.टी. 2024 प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई है। जिसके लिए गरियाबंद जिले में 23 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। प्रथम पाली छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 4164 परीक्षार्थी एवं द्वितीय पाली में 5761 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसी प्रकार प्रथम पाली में पीपीटी प्रवेश परीक्षा में 359 परीक्षार्थी भाग लेंगे। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने संयुक्त कलेक्टर राकेश कुमार गोलछा को नोडल अधिकारी एवं सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख मुका राम नाग को सहायक नोडल अधिकारी बनाया है। जिला प्रशासन द्वारा दोनों परीक्षा केन्द्रों में एक-एक आब्जर्वर नियुक्त कर दिया गया है। साथ ही नकल रोकने के लिए तीन सदस्यीय जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल का भी गठन किया गया है। परीक्षार्थियां के लिए विशेष निर्देश - परीक्षार्थी वर्ष 2024 को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2024 का ही प्रवेश पत्र इंटरनेट से निकालकर लाने के निर्देश दिये गये हैं।

जिसमें एक परीक्षार्थी के लिए व एक व्यापम की प्रति होती है। परीक्षा हाल में दोनों प्रति साथ लायेंगे। परीक्षार्थी अपना-अपना परीक्षा केन्द्र निर्धारित समय से पूर्व पहुंचे। परीक्षार्थी स्वयं के पहचान हेतु वोटर आईडी, आधार कार्ड, ई-आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्राईविंग लाईसेस की मूल प्रति साथ लाने के निर्देश दिये है।

# मॉब लिंचिंग के विरोध में प्रदर्शन दुर्ग-भिलाई से भी रही भागीदारी





पायनियर संवाददाता भिलाई
www.dailypioneer.com

आरंग में मॉब लिंचिंग (भीड़ हत्या) के चलते तीन नौजवानों की मौत और 15 दिन होने के बावजूद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से मुस्लिम समुदाय के लोगों ने राजधानी रायपुर पहुंच कर शुक्रवार को आक्रोश जताते हुए बड़ा प्रदर्शन किया। इस दौरान दुर्ग-भिलाई से भी बड़ी तादाद में भागीदारी रही। प्रदर्शनकारियों ने अपना आक्रोश जताते हुए प्रतीकात्मक गिरफ्तारी भी दी। मुस्लिम समुदाय के इस प्रदर्शन में सिख, ईसाई और सतनामी समुदाय के लोग भी शामिल हुए।वहीं विभिन्न वामपंथी व जनवादी संगठनों ने भी दुर्ग-भिलाई सहित प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचकर आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की आवाज बुलंद की। मोतीबाग रायपुर में हुए इस प्रदर्शन में हजारों की तादाद में मौजूद लोग आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की वहीं राज्य सरकार पर जानबझूकर आरोपियों को बचाने का आरोप लगाया। रजा फाउंडेशन, हुसैनी सेना और छत्तीसगढ़ मुस्लिम समाज ने इस आक्रोश रैली की अगुवाई की। उल्लेखनीय है कि राजधानी रायपुर सीमा पर महानदी के पास 7 जून 2024 की दरमियानी रात हुई भीड़ हत्या में सहारनपुर उत्तर प्रदेश के चांद मियां, गुड्डू खान और सद्दाम कुरैशी को बेदम पीटा गया था। जिसमें चांद मिया और गुड्डु खान की मौके पर ही मौत हो गई थी, वहीं सद्दाम कुरैशी ने 18 जून को अस्पताल में दम तोड़ा। मामले में पुलिस प्रशासन ने 14 सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन किया है।

लेकिन 15 दिन बीत जाने के बावजूद अब तक गिरफ्तारी नहीं होने पर समाज में आक्रोश की स्थिति है। यह आक्रोश आज मोतीबाग रायपुर में दिखा। प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर पूरे प्रदेश में आंदोलन के विस्तार की बात कही है।

# रिटायर कर्मी बोले- सेक्टर-4 सोसाइटी ने दिया हमें आर्थिक संबल बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी

- लिमिटेड सेक्टर-4 ने विदाई दी रिटायर कर्मियों को

पायनियर संवाददाता भिलाई
www.dailypioneer.com



बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 ने एक समारोह में मई 2024 में भिलाई स्टील प्लांट की सेवा से निवृत्त हुए अपने सदस्य कर्मियों को ससम्मान विदाई दी। इन रिटायर कर्मियों को अध्यक्ष अशोक परगनिहा व पदाधिकारियों ने सम्मान पत्र, मिठाई, श्रीफल व अंतिम भुगतान का चेक प्रदान कर उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस दौरान सोसाइटी के अध्यक्ष अशोक परगनिहा ने सभी रिटायर कर्मियों को जीवन के नए अध्याय की शुरुआत पर शुभकामनाएं दी और सभी के स्वस्थ्य व खुशहाल जीवन की कामना की। इन रिटायर कर्मियों में ओर हैंडलिंग प्लांट से रेजी सी थॉमस, शत्रुघ्न लाल, ब्लास्ट फर्नेस से सुनील कुमार खरवार, रिसर्च एंड कंट्रोल लैब से सुशील कुमार साहू, मशीन असेंबलिंग और रि-इंजीनियरिंग शॉप-1 मार्च से कृपाराम साहू, मर्चेंट मिल से जयप्रकाश, कोक ओवन एंड कोल केमिकल विभाग से प्रभु लाल चौधरी, अशोक कुमार बांगड़ी, हेमलाल सुरेंद्र, फाउंड्री एंड पैटर्न शॉप से गोपीलाल कोसमा, स्टील मेल्टिंग शॉप-2 से वहीदुद्दीन, अरुण कुमार श्याम कुंवर, रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल से साधू सिंह सय्याम, शमशेर अली, भभूता राम श्रवण, प्लेट मिल से ताम्रध्वज,भावेंद्र कुमार चंद्राकर, पावर एंड ब्लोइंग स्टेशन से टीपी चंद्राकर, मेडिकल से महेंद्र कुमार हरिचंदन, आरटी शॉप से डोमार सिंह साहू, स्लैग ग्रेन्यूलेशन प्लांट से मुन्नाराम ध्रुव, वायर रॉड मिल से प्रदीप ज्ञानेश्वर पाटिल, सुब्रत विश्वास, ट्रांसपोर्ट एंड डीजल ऑर्गेनाइजेशन से कंवल सिंह कृष्ण, तुलसीराम देशलहरे, बार एंड रॉड मिल से रतन राम साहू, इलेक्ट्रिकल रिपेयर शॉप से ए वाई एस वाई शर्मा, इंस्ट्रूमेंटेशन से सुरेश कुमार नागदेव और फायर ब्रिगेड से अरुण कुमार शामिल हैं। सम्मान समारोह में रिटायर कर्मियों ने भी अपनी बातें रखीं और सम्मान के लिए आभार जताया। इन रिटायर कर्मियों ने कहा कि बीएसपी में सेवाकाल के दौरान कई ऐसे मौके आए जब हमें सेक्टर-4 सोसाइटी ने आर्थिक संबल दिया और हम अपनी निजी जिम्मेदारियां निभा सके। रिटायर कर्मियों में ज्यादातर अपने उद्गार व्यक्त करते हुए भावुक हो गए। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अशोक राठौर,आसमां परवीन, संचालक मंडल सदस्यगण विपिन बंछोर, पुरुषोत्तम सिंह कंवर, पूरन लाल देवांगन, जानकी राव, सतानंद चंद्राकर, शशिभूषण सिंह, नितिशा साहू और वेद प्रकाश सूर्यवंशी और सोसायटी के कर्मियों में पीयुष कर, सुदीप बनर्जी, नारायण साहू और सुरेश कुमार सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

## निगम सख्त : संपत्तिकर भुगतान नहीं करने वालो को नोटिस का असर,पहुँच रहे टैक्स जमा करने निगम कार्यालय

# अब तो बदल ही जाएगी नगर की सूरत, पहली बार हुई रिकॉर्ड तोड़ टैक्स वसूली, एक ही दिन में 30 लाख की वसूली

- नगर निगम की टैक्स वसूली आमदनी को दोगुना करने एक अच्छी टीम का निर्माण

पायनियर संवाददाता दुर्ग
www.dailypioneer.com





नगर निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर नगर निगम की टैक्स वसूली आमदनी को दोगुना करने एक अच्छी टीम का निर्माण।नगर निगम की आय बढ़ाने राजस्व विभाग की टीम लगातार टैक्स वसूली अभियान चलाकर करदाताओं के घर पहुँचकर टैक्स वसूली किया जा रहा है। करदाताओं पर नोटिस का असर दिखने लगा है।नोटिस मिलते ही लोग टैक्स जमा करने निगम कार्यालय पहुँच रहे है।अब तो बदल ही जाएगी नगर की सूरत! पहली बार हुई रिकॉर्ड तोड़ टैक्स वसूली, दो दिन बाद एक ही दिन में 30 लाख की वसूली की गई। इस क्रम में अप्सरा टॉकीज़ के संचालक द्वारा निगम कार्यलय पहुँचकर 1049364 रुपये एवं इनके निजी मकान का 42994/- रुपये निगम कोष में जमा किया गया। इस दौरान राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर मौजूद थे। इसी तरह अम्बे लॉज को पिछले 5 साल का बकाया राशि 277963/- के लिए नोटिस जारी किया गया।नोटिस मिलते ही सोमवार तक राशि जमा करने का आश्वासन दिया गया है। यदि उनके द्वारा टैक्स समय सीमा में जमा नही किया गया तो निगम द्वारा तालाबंदी की कार्यवाही की चेतावनी दी गई है।

साथ ही पुलगांव कपड़ा मार्केट व्यापारी संघ से 25 जून 2024 को एक साथ टैक्स का भुगतान करने में सहमति बनी है। व्यापारी संध द्वारा नगर निगम दुर्ग के टैक्स वसूली अभियान का स्वागत कर बधाई एवं शुभकामनाएं देकर सभी कपड़ा दुकानदार एक साथ टैक्स का भुगतान करने में सहमत है। वही संपत्ति कर नही चुकाने वालो पर नगर निगम सख्त हो गई है।राजस्व विभाग द्वारा लगभग 236 करदाताओं के खिलाफ डिमांड बिल जारी किया गया है। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा निगम को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए समय पर संपत्ति कर की वसूली के लिए सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर को निर्देश दिये है। निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत बकाया टैक्स वसूली के लिए नगर निगम द्वारा चलाया जा रहा अभियान अब गति पकड़ने लगा है।शहर के बड़े कारोबारियों से बकाया कर वसूली को लेकर उनके साथ ही बैठक की जा रही है। बैठक में ऐसे बकायादारों को जून में टैक्स का भुगतान कर छः प्रतिशत छूट का लाभ पाने प्रोत्साहित किया जा रहा है। बकाया टैक्स वसूली को लेकर पिछले पांच दिनों से अभियान चलाया जा रहा है। जो निरंतर जारी रहेगा।कर्मवीर कर्मचारी आर.एस.आई रामखिलावन शर्मा, संजय मिश्रा, निशांत यादव, जलकार्य निरीक्षक राजूलाल चंद्राकर, सहायक राजस्व निरीक्षक बद्रीनाथ भीमगज, लवकुश शर्मा, बलदाऊ पटेल, लक्ष्य गोईर, अनिल करिहार, गुमान निर्मलकर, विनीत वर्मा, दीपक साहू, शिवा परिहार, विनोद उपाध्याय, रुपेश नायक, संजय सोनकर, पवन नायक, भूपत भारद्वाज, सत्येंद्र यादव, नरेंद्र मनहरे, मिथुन सोनवानी, गौकरण सोनी।

# संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के 100 मीटर दायरे तक धारा 144 लागू

## कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने जारी किया आदेश

पायनियर संवाददाता लवन
www.dailypioneer.com

शांति व्यवस्था हेतु धारा 144 को सीमित करते हुए संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के 100 मीटर दायरे तक ही लागू किया गया है। संयुक्त जिला कार्यालय बलौदाबाजार के परिसर पर घटित घटना की पुनरावृत्ति को रोकने हेतु आबकारी नियंत्रण कक्ष से लेकर संयुक्त जिला कार्यालय तक, जिला अस्पताल टर्निंग रोड से संयुक्त जिला कार्यालय तक एवं कलेक्टर कार्यालय परिसर के पीछे बास्केटबाल ग्राऊण्ड तक को संवेदनशील होने के कारण शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने व शासकीय कार्य सुगमता से संपन्न कराये जाने के लिए जुलुस, धरना, सभा एवं प्रदर्शन आदि के आयोजन पर पूर्णकालीन धारा 144 (1) (2) दण्ड प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित करने हेतु अनुरोध पुलिस अधीक्षक के द्वारा किया गया है। जिस पर शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दीपक सोनी द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के अंतर्गत धारा 144 (1) एवं (2) के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए 22 जून 2024 से 21अगस्त 2024 धारा 144 लागू किया है। इसके आदेश भी जारी कर दी गई है। आदेश में आबकारी नियंत्रण कक्ष से संयुक्त जिला कार्यालय तक,जिला अस्पताल टर्निंग रोड से संयुक्त जिला कार्यालय तक,कलेक्टर कार्यालय परिसर के पीछे बास्केटबाल ग्राऊण्ड तक धरना, प्रदर्शन,सभा,रैली, जुलुस, एवं नारेबाजी

## संपादकीय

# कैबिनेट का फैसला एमएसपी में वृद्धि

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार बनी सरकार ने अपने पहले प्रमुख निर्णयों में किसानों को खुश करने के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य-'एमएसपी' में वृद्धि की घोषणा की है। केन्द्रीय कैबिनेट ने खरीफ की 14 फसलों की एमएसपी बढ़ाने का फैसला किया है। सरकार इस निर्णय से सुनिश्चित करना चाहती है कि किसानों को उनके उत्पाद का उचित व लाभकारी मूल्य मिले ताकि वे खेती में निवेश की बढ़ती कीमत तथा मुद्रास्फीति का सामना कर सकें। हालांकि, अभी निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता है कि सभी किसान इसका स्वागत करेंगे या नहीं, पर इससे वास्तव में किसानों को थोड़ी राहत जरूर मिलेगी। खरीफ फसलों की एमएसपी में वृद्धि पिछले साल की तुलना में काफी अधिक है। उदाहरण के लिए, खरीफ की आम फसल धान की एमएसपी में 100 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि हुई है। इसमें आम किस्म के लिए नई कीमत 2,180 रुपये तथा अच्छी किस्म के लिए 2,220 रुपये प्रति क्विंटल रखी गई है। इसी प्रकार मक्के की एमएसपी में 75 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा कर इसे 2,130 रुपये किया गया है। यह वृद्धि एक व्यापक प्रयास का हिस्सा है जिसके अंतर्गत चावल और मक्के जैसे अनाजों, मूंग व तूर जैसी दालों तथा सोयाबीन व मूंगफली जैसे तिलहनों को शामिल किया गया है। सरकार इन फसलों का उत्पादन बढ़ाने के लिए किसानों को एमएसपी बढ़ाने के माध्यम से प्रेरित कर रही है। उसका दावा है कि इससे कृषि निवेशों पर लगभग 50 प्रतिशत मुनाफा सुनिश्चित होगा।



कुछ समय पहले हुए किसान विरोध प्रदर्शनों ने कृषि क्षेत्र के गहरे व्यवस्थागत मुद्दों की ओर संकेत किया था जो केवल मूल्य समर्थन से आगे जाते हैं। कृषि में बढ़ते खर्च, अनुपयुक्त खरीद ढांचे, बढ़ते कर्ज तथा जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से किसानों में असंतोष बढ़ रहा है। अनेक किसान नाकाफी खरीद व्यवस्थाओं तथा भुगतान में विलम्ब के कारण एमएसपी वृद्धि के लाभों का आंकलन कर रहे हैं। इसके साथ ही बीज, उर्वरक और कीटनाशक जैसे निवेशों पर खर्च बढ़ गया है जिसके कारण एमएसपी वृद्धि का शुद्ध लाभ कम हुआ है। फसलें खराब होने तथा बाजार में अनुमान के विपरीत उतार-चढ़ाव के कारण लगातार बढ़ते कर्ज की समस्या ने किसानों की वित्तीय अस्थिरता और बढ़ा दी है। हालांकि, एमएपी वृद्धि एक सकारात्मक कदम है, पर अकेले यही कृषि क्षेत्र की बहुआयामी समस्याओं के समाधान के लिए काफी नहीं है। किसानों की आजीविका में टिकाऊ बेहतरी सुनिश्चित करने के लिए समग्र सुधार जरूरी हैं। इसके लिए सरकार को एक समग्र दृष्टिकोण पर विचार करना चाहिए जिसमें कृषि ढांचे को अद्यतन बनाना, कर्ज तक पहुंच बढ़ाना तथा फसलें खराब होने पर बीमा कवरेज दिलाना शामिल हैं। फसल विविधीकरण को प्रोत्साहन देने तथा बाजार तक पहुंच बढ़ाने से भी किसानों की कीमतों के उतार-चढ़ाव से पैदा जोखिम कम होगी तथा कुछ प्रमुख फसलों पर उनकी निर्भरता भी घटेगी। समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए खरीद व्यवस्थाओं को मजबूत करने तथा उचित कीमतें एमएसपी को ज्यादा प्रभावी बना सकती हैं। प्रधानमंत्री मोदी की कैबिनेट द्वारा 14 खरीफ फसलों की एमएसपी में वृद्धि हालांकि नाकाफी है, पर यह एक स्वागत योग्य कदम है जिससे कृषि क्षेत्र की गंभीर चुनौतियों के प्रति सरकार की संवेदनशीलता स्पष्ट होती है। उचित मूल्य व्यवस्थाओं के साथ ही व्यवस्थित सुधार क्रियान्वित करना भी जरूरी है। इससे भारत के किसानों तथा कृषि क्षेत्र की समग्र वृद्धि सुनिश्चित होगी।

# महिलाओं पर बेगारी का बोझ

वैश्विक रूप से महिलायें काफी समय बिना भुगतान वाले देखभाल का काम करती हैं। इससे श्रम बाजार में उनकी सहभागिता सीमित होती है तथा आर्थिक स्थायित्व प्रभावित होता है।



अर्चना दत्ता
(लेखिका, दूरदर्शन की पूर्व महानिदेशक हैं)



**साठ** के दशकारंभ में जब कनाडा की लघु कथा लेखिका एलिस मुनरो को थोड़ी लोकप्रियता मिली तब एक अखबार ने उनके बारे में विवरण प्रकाशित करते हुए शीर्षक दिया था, 'लघु कथायें लिखने के लिए समय निकालने वाली गृहिणी।' इसे एलिस की लोकप्रियता और बढ़ी और उनको 2013 में साहित्य के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अर्थशास्त्र में 2023 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित क्लाडिया गोल्डिन ने अपने शोध में बताया था कि महिलाओं की छुट्टी हमेशा उनकी पसंद के अनुसार नहीं होती है, लेकिन अक्सर इसका कारण 'लंबे समय से व्याप्त सामाजिक प्रवृत्ति' के कारण होती है।

इससे महिलाओं के आसपास 'घरेलूपन की अवधारणा' विकसित होती है और बिना भुगतान देखभाल करने या बेगारी करने की उसकी भूमिका को आदर्श के रूप में स्थापित किया जाता है। कोई आश्चर्य नहीं कि आज भी सभी क्षेत्रों में महिलायें अपने काम का 76.2 प्रतिशत बिना भुगतान वाले देखभाल के काम या बेगार पर खर्च करती हैं जो पुरुषों से तीन गुना अधिक है। सभी क्षेत्रों में प्रशांत और एशिया की स्थिति सबसे खराब है, जहां पुरुष सबसे कम बेगार करते हैं जो औसतन 1 घंटा चार मिनट है। 2018 में कामगार आयुवर्ग की 606 मिलियन महिलाओं ने निराशा प्रकट की थी कि वे श्रम बाजार में इसलिए नहीं आ पाती हैं क्योंकि उन पर बिना भुगतान वाले देखभाल के काम का भारी बोझ है। इसके उलट इस प्रकार बेगार करने वाले पुरुषों की संख्या केवल 41 मिलियन है। मौद्रिक मूल्य के अनुसार, महिलाओं का बिना भुगतान वाला काम कुद देशों की जीडीपी के 40 प्रतिशत से अधिक हो सकता है। समाज वैज्ञानिक मानते हैं कि बच्चों तथा वृद्धों की देखभाल और बच्चों की संख्या विवाह की तुलना में श्रम बाजार में महिलाओं की सहभागिता को अधिक प्रभावित करते हैं।25-54 वर्ष आयु वाली महिलाओं को श्रमशक्ति सहभागिता दर-एलएफपीआर में व्यापक भेदभाव का सामना करना पड़ता है जिसके कारण 90.6 प्रतिशत पुरुषों की तुलना में उनकी सहभागिता केवल 61.4 प्रतिशत है। कम से कम 6 वर्ष से छोटे एक बच्चे वाले एकल महिला परिवारों में आर्थिक मजबूरियां महिलाओं की एलएफपीआर को बढ़ा कर 65.8 प्रतिशत कर देती हैं। लेकिन यदि छोटे बच्चे के साथ माता का कोई जोड़ीदार या 'रोटी कमाने वाला पुरुष' हो तो यह दर घट कर 48.7 प्रतिशत रह जाती है। हालांकि, 'रोटी कमाने वाली महिलाओं' पर घर में ज्यादा बोझ होता है, भले ही वे पतियों के साथ बाहर कमाई करती हों।

इस प्रकार की 'मातृत्व की सजा' अमेरिका में भी खूब प्रचलित है। 2023 में पीएनएएस के एक अध्ययन के अनुसार, 'माताओं को गैर-माताओं तथा बिना बच्चे वाले पुरुषों की तुलना में 3.35 प्रतिशत कम काम मिलता है। इसी प्रकार पुरुषों की तुलना में उनके बीच में कॅरियर से अवकाश लेने की प्रवृत्ति 114 प्रतिशत अधिक है। यदि कोई बच्चा बीमार हो जाए तो महिलायें छुट्टी आसानी से ले लेती हैं क्योंकि उनको कम भुगतान मिलता है। इस कारण उनका छुट्टी लेना आर्थिक रूप से ज्यादा लाभकारी माना जाता है।' ब्रिटिश ट्रेड यूनियन असोसियेशन-टीयूसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, 'पुरुषों को संरक्षक के रूप में कोई खामियाजा नहीं भुगतना पड़ता है, बल्कि पूरे समय काम करने वाले पिता के रूप में उनको बच्चे होने पर वेतन में बोनस मिलता है। इस कारण वे 22 प्रतिशत अधिक कमाते हैं।' मैसाचुसेट्स विश्वविद्यालय एमहर्स्ट में समाजविज्ञान की प्रोफेसर माइकेल बुडिग के अनुसार, 'यह विसंगति इसलिए नहीं होती कि मातायें कम उत्पादक कर्मी बन जाती हैं या पिता ज्यादा कठोर परिश्रम करने वाले संरक्षक होते हैं। बल्कि इसका कारण सेवायोजकों की उनसे उम्मीदें हैं जो स्पष्ट रूप से जेंडर और काम के प्रति उनके पूर्वाग्रह स्पष्ट करती हैं।' उनकी शोध से पता चलता है कि बच्चे होने पर पुरुषों की आमदनी औसतन 6 प्रतिशत बढ़ जाती है, यदि वे उनके साथ रहते हैं। लेकिन हर बच्चे पर महिलाओं की आमदनी में 4 प्रतिशत कमी आती है।

भारत में बच्चे के जन्म से श्रमबाजार में महिलाओं का प्रवेश प्रभावित होता है, लेकिन यह ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में अलग-अलग है। कर्नाटक और राजस्थान राज्यों से 'लाइफ हिस्ट्री कैलेंडर'-एलएचसी डेटा के अनुसार, ग्रामीण महिलाओं में मातृत्व के साथ श्रम बाजार में महिलाओं के प्रवेश पर नुकसान होना जरूरी नहीं है क्योंकि यहां रोजगार की प्रकृति अनौपचारिक व लचीली होती है जो शहरी या ज्यादा औपचारिक परिवेश में बच्चों के पालन-पोषण के प्रति ज्यादा सुविधाजनक है। 2004-2012 के बीच एनएसएस के रोजगार-बेरोजगार शेड्यूल-ईयूएस डेटा से पता चलता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में मातृत्व से लगभग कोई नुकसान नहीं होता है, जबकि शहरी महिलाओं को कुल वेतन में 18 प्रतिशत का नुकसान होता है।

उच्च शिक्षित महिलाओं या नियमित व वेतनभोगी वर्ग की महिलाओं को कम शिक्षित या अनियमित रोजगार वाली महिलाओं की तुलना में मातृत्व की स्थिति में वेतन का ज्यादा नुकसान होता है। हालांकि, पहली बार पिता बनने वाले ग्रामीण व शहरी पुरुषों को बच्चे होने पर वेतन में लगभग कोई नुकसान नहीं होता है। श्रम बाजारों में जेंडर समानता की राह में सर्वाधिक महत्वपूर्ण बाधा बच्चों की देखभाल सुविधाओं की कमी है। 18 ओईसीडी देशों में बाल देखभाल नीतियों के एक मैक्रो-इकोनोमिक विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि कामगार माताओं को बनाए रखने के लिए रोजगार संरक्षण तथा लंबी सवेतन छुट्टियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। 2016 में सात उच्च आय वाले ओईसीडी देशों के एक विश्लेषणात्मक अध्ययन से पता चलता है कि देखभाल उद्योग में जीडीपी के 2 प्रतिशत निवेश से अमेरिका में 13 मिलियन, जापान में 3.5 मिलियन, जर्मनी में 2 मिलियन, ब्रिटेन में 1.5 मिलियन, इटली में 1 मिलियन, आस्ट्रेलिया में 600,000 और डेनमार्क में 120,000 नए रोजगारों का सृजन कर सकता है। इससे महिलाओं के रोजगार में 3.3 प्रतिशत से 8.2 प्रतिशत की वृद्धि होती है, जबकि पुरुषों के रोजगार में केवल 1.4 प्रतिशत से 4.0 प्रतिशत वृद्धि ही होती है। ब्राजील, कोस्टारिका, चीन, भारत, इंडोनेशिया और दक्षिण अफ्रीका में ऐसे ही अध्ययनों से पता चला है कि स्वास्थ्य एवं देखभाल क्षेत्र में इतने ही निवेश से चीन में लगभग 24 मिलियन, भारत में 11 मिलियन, इंडोनेशिया में 2.8 मिलियन, ब्राजील में 4.2 मिलियन, दक्षिण अफ्रीका में 400,000 तथा कोस्टारिका में 63,000 नए रोजगारों का सृजन होगा।

आईएलओ की हालिया वैश्विक 'केयर एट वर्क' रिपोर्ट के अनुसार, 2035 तक रोजगार में जेंडर अंतर 7 प्रतिशत तथा आमदनी में अंतर 1.8 प्रतिशत घटाने के लिए हर साल 204 मिलियन डालर से अधिक टिकाऊ निवेश किया जाना चाहिए जो हर देश की जीडीपी का औसतन 5.8 प्रतिशत है। यह निवेश समग्र बाल-देखभाल तथा दीर्घकालीन देखभाल सेवाओं में किया जाना चाहिए। नारीवादी अर्थशास्त्रियों तथा 'पर्पल इकोनोमी' के पैरोकारों ने देखभाल को 'मानव बेहतरी का अपरिहार्य आयाम' बताते हुए 'देखभाल एवं जेंडर समानता वाली समतापूर्ण आर्थिक व सामाजिक व्यवस्था' का आह्वान किया है।

समय आ गया है कि देखभाल की जिम्मेदारियों का राज्य और परिवारों तथा महिलाओं और पुरुषों के बीच साझा किया जाए। समय आ गया है कि पूरी दुनिया सहस्राब्दी विकास लक्ष्यों-एसडीजी 2030 की प्रतिबद्धताओं को पूरी करने तथा महिलाओं को आर्थिक न्याय और समानता सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त नीतियां बनाए तथा इनको क्रियान्वित करने के लिए समुचित संसाधन आबंटित करे। वैश्विक रूप से महिलायें काफी समय बिना भुगतान वाले देखभाल का काम करती हैं। इससे श्रम बाजार में उनकी सहभागिता सीमित होती है तथा आर्थिक स्थायित्व प्रभावित होता है। बच्चों की देखभाल में राज्य के समुचित निवेश से महिला श्रम सहभागिता बढ़ाने में सहायता मिलेगी।

# जी-7 सम्मेलन और दक्षिण जगत

> "जी-7 की बैठक से एक स्पष्ट संदेश यह मिला कि वैश्विक मामलों पर कई लोगों की राय के साथ एक नई विश्व व्यवस्था बनाई जा रही है।"

कुमारदीप बनर्जी
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



**हाल** ही में इटली के सुरम्य अपुलिया में आयोजित जी7 बैठक में दुनिया के कुछ सबसे शक्तिशाली देशों के बीच हाल के भू-राजनीतिक बदलावों और बदलते समीकरणों पर कई संकेत मिले। जी हाँ, मीम-योग्य, घूरने, नमस्कार और पैराशूट लैंडिंग की तस्वीरों ने सोशल मीडिया को जीवंत रखा और विश्व नेताओं की बैठकों और रात्रिभोजों के एक अन्यथा उबाऊ दौर में ऊर्जा भर दी, साझा हितों के विषयों पर चर्चा करते हुए, रेखांकित बिंदुओं को नज़रअंदाज़ नहीं किया गया।

सबसे पहले, बैठक का स्पष्ट फोकस, जैसा कि संयुक्त विज्ञप्ति में उजागर किया गया था, यूक्रेन था ताकि चीन और रूस के साथ गुप्त रूप से काम करने वाले अन्य दलों को कुछ सख्त संदेश भेजे जा सकें। एक स्पष्ट संदेश में और सीधे चीन का नाम लेते हुए संयुक्त वक्तव्य में कहा गया, हम चीन और तीसरे देशों में उन अभिनेताओं के खिलाफ कदम उठाना जारी रखेंगे जो रूस की युद्ध मशीन का भौतिक रूप से समर्थन करते हैं, जिसमें वित्तीय संस्थान भी शामिल हैं, हम दोहराते हैं कि वित्तीय संस्थाओं सहित ऐसी संस्थाएं जो रूस को उसके रक्षा औद्योगिक आधार के लिए वस्तुओं या उपकरणों के अधिग्रहण में सहायता करती हैं, वे यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता, संप्रभुता और स्वतंत्रता को कमजोर करने वाली कार्रवाइयों का समर्थन कर रही हैं।




तदनुसार, हम दुरुपयोग को रोकने के लिए अपनी कानूनी प्रणालियों के अनुरूप प्रतिबंधात्मक उपाय लागू करेंगे और इस गतिविधि में शामिल चीनी संस्थाओं सहित तीसरे देशों में लक्षित व्यक्तियों और संस्थाओं के लिए हमारी वित्तीय प्रणालियों तक पहुँच को प्रतिबंधित करेंगे। चीन को संदेश था, आग से खेलते मत रहो, क्योंकि एक दिन यह तुम्हें जला सकती है। यह उल्लेखनीय हो सकता है कि अमेरिका ने चीन को उच्च तकनीक वाले उपकरणों के हस्तांतरण को रोकने के लिए कई निर्यात नियंत्रण उपाय किए हैं, जिनकी दोहरे उद्देश्य वाली उपयोगिताएं हैं, यानी उनका उपयोग सटीक हथियार बनाने के साथ-साथ साइबर निगरानी उपकरण बनाने के लिए किया जा सकता है। चीन एकमात्र बड़ी अर्थव्यवस्था थी, (रूस-यूक्रेन युद्ध में इतनी प्रत्यक्ष पार्टी नहीं), जो जी 7 शिखर सम्मेलन से अनुपस्थित थी। हाल ही में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने चीनी इलेक्ट्रिक वाहनों के खिलाफ कई यूरोपीय देशों द्वारा लगाए गए टैरिफ-संबंधी मुद्दों को कम करने के लिए कई यूरोपीय देशों का दौरा किया। यूरोप के कुछ देश चीन के खिलाफ सख्त कदम उठाने के अमेरिकी नेतृत्व वाले दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्ध हैं, वहीं कई अन्य देश चीन की ओर झुके हुए हैं। इस बीच, जी-7 शिखर सम्मेलन ने वैश्विक मामलों में वैश्विक दक्षिण देशों को शामिल करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण की एक तरह से अप्रत्यक्ष प्रशंसा की, अफ्रीकी देशों के महत्व को दोहराया और क्षेत्र की आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए कई उपायों का वादा किया। संयुक्त वक्तव्य में कहा गया, हम अंतरराष्ट्रीय निकायों में अधिक से अधिक आवाज उठाने के अफ्रीकी देशों के आह्वान का समर्थन करते हैं और स्थायी सदस्य के रूप में जी-20 में एयू की भागीदारी और नवंबर में आईएमएफ कार्यकारी बोर्ड में उप-सहारा अफ्रीका के लिए तीसरे अध्यक्ष के निर्माण का स्वागत करते हैं। हम अफ्रीका के साथ जी-20 समझौते के लिए अपने समर्थन को दोहराते हैं, जो निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ाने, संरचनात्मक सुधारों और स्थानीय उद्यमिता समर्थन को बढ़ावा देने और ऊर्जा क्षेत्र सहित सहयोग को बढ़ाने के लिए एक उपकरण है। विशेष आमंत्रित के रूप में अपुलिया में मौजूद प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संक्षिप्त आउटरीच सत्र में वैश्विक दक्षिण देशों की प्रमुखता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, वैश्विक दक्षिण के देश वैश्विक अनिश्चितताओं और तनावों का खामियाजा भुगत रहे हैं। भारत ने वैश्विक दक्षिण के देशों की प्राथमिकताओं और चिंताओं को विश्व मंच पर रखना अपनी जिम्मेदारी समझा है। हमने इन प्रयासों में अफ्रीका को उच्च प्राथमिकता दी है।

हमें गर्व है कि भारत की अध्यक्षता में जी-20 ने अफ्रीकी संघ को अपना स्थायी सदस्य बनाया। भारत सभी अफ्रीकी देशों के आर्थिक और सामाजिक विकास, स्थिरता और सुरक्षा में योगदान देता रहा है और आगे भी देता रहेगा।

इटली में जी-7 की बैठक से एक स्पष्ट संदेश यह मिला कि वैश्विक मामलों पर कई लोगों की राय के साथ एक नई विश्व व्यवस्था बनाई जा रही है, जबकि मौजूदा राजनीतिक संरचनाओं को घरेलू स्तर पर चुनौती दी जा रही है।

## आप की बात

### नालंदा की गरिमा

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी का यह आह्वान हमें गौरवान्वित करता है कि भारत को ज्ञान और शिक्षा का वैश्विक केंद्र बनाना हमारा लक्ष्य है। यूनेस्को द्वारा घोषित विश्व धरोहर नालंदा का प्राचीन विश्वविद्यालय इतिहास बन चुका था। प्रधानमंत्री द्वारा नवनिर्मित विश्वविद्यालय परिसर के उद्घाटन के साथ ही नालंदा पुनर्स्थापित हो रहा है। नरेन्द्र मोदी का यह कथन भी महत्वपूर्ण है कि आग की लपटे ज्ञान को नहीं मिटा सकती है। नालंदा विश्वविद्यालय को गुप्त सम्राट कुमारगुप्त ने पांचवीं सदी में बनवाया था जिसे चीनी पर्यटक एवं यात्री ह्वेनसांग ने विश्व के समक्ष शानदार ढंग से रखने का कार्य किया था। एक समय इस महान विश्वविद्यालय में करीब 10,000 छात्र अध्यनरत थे और करीब 1,500 शिक्षक भारत के महान दर्शन, योग, सभ्यता, संस्कृति एवं बौद्ध दर्शन पर ज्ञानवर्धन का करते थे। एक आततायी हमलावर ने इसे इस कारण नष्ट कर दिया था क्योंकि उसे नालंदा द्वारा प्रचारित-प्रसारित बौद्ध व हिंदू दर्शन से घृणा थी और इसे वह अपने धर्म के लिए घातक मानता था। इसके उलट बौद्ध व हिंदू दर्शन सारी दुनिया के ज्ञान-विज्ञान को अपने भीतर समाहित करते हैं। उम्मीद करनी चाहिए कि नालंदा पुनः भारत को विश्व गुरु बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निश्चित रूप से अदा करेगा।

**- वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

### परीक्षाओं की शुचिता

**नीट** के बाद अब यूजीसी में भी पेपर लीक होने की गड़बड़ी सामने आना अफसोसजनक है। इन परीक्षाओं के लिए छात्र लाखों रुपए खर्च करके कोचिंग और पढ़ाई करते हैं, पढ़ाई की भरपूर फीस भरते है और देर रात तक जाग-जाग कर 16-16 घंटे तक पढ़ाई करते हैं। जब उन्हें पता चलता है कि उनकी सारी मेहनत पर पानी फिर गया है। और भ्रष्टाचार के दानवों ने उनके कठोर परिश्रम को निगल लिया है तो उनमें गंभीर निराशा पैदा होती है। सुप्रीमकोर्ट में मामला जाने के बाद नीट में कई तरह की अनियमितताएं सामने आई। विडंबना है कि राजनीतिक दलों ने इस पर भी राजनीतिक रोटियां सेंकना शुरू कर दी है। संभवतः जिन बड़े नेताओं के तार इस अपराध से जुड़े हुए हैं वह भी चिल्ला-चिल्ला कर सरकार और शिक्षा विभाग की आलोचना कर रहे है। लगता है कि तथाकथित बड़े नामी गिरामी कोचिंग क्लासेस वाले पेपर फिक्सिंग करवा रहे हैं। लगता है कि अखबारों में लाखों रुपए के विज्ञापन देने और करोड़ों रुपए की लिए कोचिंग क्लासेस वाले कुछ शिक्षा माफिया ने कई गिरोह खड़े कर लिए हैं। यह पूरी सड़ी-गली व्यवस्था समाप्त करने का समय आ गया है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सबसे कड़ी परीक्षा होगी।

**- सुभाष बुडावन वाला**, रतलाम

### भारतीय शिल्पकला

**प्राचीन** काल के मंदिरों के प्रांगणों में और उनकी दीवारों में जटिल और सूक्ष्म शिल्पकला की मूर्तियां, डिजाइन आदि बनी होती है जो आज के युग मे आश्चर्य के साथ सौंदर्य का बोध कराती हैं। खजुराहो, कोणार्क, कैलाश मंदिर, दिलवाड़ा जैन मंदिर, अजंता, एलोरा, एलिफेंटा, महाबलीपुरम, आदि कई मंदिर, गुफाएं व महल चट्टानों को तराश कर मूर्तियों अथवा भित्तिचित्रों से अलंकृत हैं। कालांतर मे तो विशेषकर दक्षिण में मूर्तियों का इतना बाहुल्य हो गया कि स्वयं मंदिर तो उनका निमित्त अथवा आधार मात्र प्रतीत होने लगे हैं। वाकई शिल्पकला का जटिल और सूक्ष्म शैल्पिक अलंकरण लोगों को आकर्षण में बाँध देता है। पिछले वर्षों में बने अनेक मंदिरों में भारतीय शिल्पकला को उतना महत्व नहीं मिला। इस दृष्टिकोण से अयोध्या में बना भव्य राम मंदिर, वाराणसी में विश्वनाथ कारीडोर, इंदौर में महाकाल तथा पिछले दशक में बने अनेक मंदिरों को विस्तार देने के साथ ही उनमें प्राचीन भारतीय शिल्पकला को भी महत्व दिया गया है। विदेशों में बने और बन रहे मंदिरों में भी भारतीय शिल्पकला के साथ आधुनिक इंजीनियरिंग व वास्तुकला से प्राप्त ज्ञान को समाहित किया जा रहा है। यह भारतीय संस्कृति के उत्थान में महत्वपूर्ण कदम है।

**- संजय वर्मा**, मनावर

### जमीनी समस्यायें

**हर साल** खुले मेनहोल, सड़कों पर निर्माणाधीन कार्यों से उपजे गड्ढे, ऊबड़-खाबड़ रास्तों आदि में बरसात में पानी भर जाने से अनेक दुर्घटनाएं हो जाती हैं। एक तो सड़कों के गड्ढों में पानी, ऊपर से बिजली की कमी व बिना संकेत के निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे समय रहते न भरने का अर्थ अनहोनियों को प्रशासन द्वारा न्यौता देने के समान ही है। यह हमारे इंदौर की ही समस्या ही नहीं है, बल्कि हर गाँव, कस्बे, नगर या महानगर व पूरे देश की समस्या है। ऐसी सभी समस्यायें स्थानीय प्रशासन की कार्य-शिथिलता के कारण पैदा होती हैं। अतः देश के सभी स्थानीय प्रशासन सड़कों के खुदे गड्ढों को समय रहते भरें, जहाँ जरुरी हो वहां संकेतक लगाएं तथा उनके आसपास बिजली की व्यवस्था करें ताकि रात-बिरात राहगीर धोखा न खाएं। अगर हर गाँव, शहर और महानगर की लोकल एडमिनिस्ट्रेटिव व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रहे तो अवश्य बिना किसी अनहोनी के लोगों के बरसात के दिन अच्छे से गुजर सकेंगे। यदि जमीनी स्तर पर ऐसे संकटों से गुजरना पड़े तो देश, अपने जीवन तथा भावी पीढ़ियों के भविष्य के प्रति विश्वास डगमगाता है।

**- शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# प्रथम नगर आगमन पर दल्लीराजहरा में सांसद भोजराज नाग का हुआ भव्य स्वागत

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कांकेर लोक सभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद भोजराज नाग के दल्ली राजहरा में प्रथम आगमन हुआ जिसका दल्ली राजहरा के नागरिकों के द्वारा राजहरा मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी के अगवानी में भव्यता के साथ स्वागत किया गया। दल्ली राजहरा भाजपा मंडल के अध्यक्ष सभी पदाधिकारी विभिन्न संगठनों के द्वारा दल्ली राजहरा के झरण माता मंदिर के समीप एकत्र हुए। वहां सांसद के द्वारा माँ झरन की पूजा अर्चना की गई। भाजपा मंडल के सभी पदाधिकारी विभिन्न संगठनों के द्वारा विशाल रैली निकाली गई। जिसमें सर्वप्रथम पुराना बाजार व्यापारी संघ एवं संघर्ष समिति के द्वारा शहीद वीर नारायण सिंह चौक पर स्वागत किया गया। सांसद के द्वारा शहीद वीर नारायण सिंह के विशाल मूर्ति पर फूल माला अर्पित कर उनके द्वारा किए गए ज़न मानस हित में किये कार्यों को नमन किया गया। राजहरा परिवहन संघ की ओर से कार्यालय के पास भोजराज नाग को लड्डुओं से तौला गया द्य भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता श्याम जायसवाल के द्वारा अपने निवास स्थान के सामने विशाल गजमाला के साथ भोजराज नाग, जिला अध्यक्ष पवन साहू एवं प्रवक्ता देवलाल ठाकुर का स्वागत किया गया। विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष शंकर साहू बजरंग दल के जिला अध्यक्ष जिला संयोजक शशांक



तिवारी, विजय कुशवाहा एवं निलेश श्रीवास्तव, हरीश बाघ, साहिल साहू, नंदा पसीने, जानकी यादव के द्वारा श्रीफल से तौला गया। विशाल रैली गुरुद्वारा के समक्ष रुकी जहाँ सांसद के द्वारा गुरुद्वारा में जाकर मत्था टेका गया। गुरुद्वारा कमेटी के द्वारा शाल एवं श्रीफल से स्वागत किया गया, जैन समाज के द्वारा भी साफा एवं श्रीफल से उनका स्वागत किया गया। गुप्ता चौक स्थित हनुमान मंदिर के पास उन्हें जैन समाज, व्यापारी संघ, साहू समाज, मानिकपुरी समाज की ओर से उनका पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के अध्यक्ष संजीव सिंह एवं उनके साथियों के द्वारा फौवारा चौक बस स्टेशन के पास विशाल गजमाला के साथ स्वागत किया गया। रैली छत्तीसगढ़ी की पारंपरिक राउत नाचा एवं डीजे के साथ मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम मंदिर पहुंचा जहां रैली का समापन हुआ। वहां पर भारतीय मजदूर संघ उनके पदाधिकारी के द्वारा सांसद का विशाल गजमाला के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजहरा मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी ने उनके दल्ली राजहरा आगमन पर हार्दिक स्वागत किया एवं इस आभार रैली में सहयोग देने के लिए सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया। सांसद भोजराज नाग ने अपने संक्षिप्त भाषण में कहा कि मैं दल्ली राजहरा निवासियों का शुक्रगुजार हूं उनके एवं क्षेत्र के सभी मतदाताओं के आशीर्वाद से मैं विजय होकर दिल्ली पहुंचा हूं। आप सभी ने मोदी को तीसरी बार सरकार बनाने पर जो सहयोग दिया है उसे भुलाया नहीं जा सकता द्य भाजपा सरकार ने अपने गारंटी योजना जिसमें सभी माता और बहनों को 1000 प्रति माह देने का जो वचन दिया था उसे पूरा कर दिखाया एवं किसान भाइयों को ?3100 क्विंटल धान खरीदी का जो वादा किया था उसे पूरा कर दिखाया है। विष्णु देव साय की सरकार और मोदी की सरकार दोनों मिलकर देश का और राज्य का बेहतर विकास करेंगे यह मेरा वादा है या भारतीय जनता पार्टी का वादा है। जिला मंत्री राजेश दसोड़े, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष शीतल नायक, सुदेश सिंह, मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी, मंडल महामंत्री महेंद्र सिंह, मदन माइती, सुरेश जयसवाल, राजू कुकरेजा, रमेश गुर्जर, रामेश्वर साहू, संतोष देवांगन, किरण सिन्हा, राजेश कांबल, महेंद्र पिपरे, भूपेंद्र श्रीवास, सोनू ठगेल, सुभद्रा ठाकुर, लीलावती साहू, सुखवंतीन ठाकुर, सुजीत झा, जनार्दन, गिरधर सिन्हा, सुरेंद्र बेहरा, रंभा कोसमा,लीलावती साहू, रमणी बाग, हरीश बाग, मोनू चौधरी, संजीव सिंह, एम सृजित, दमनदीप सिंह, रंजीत गुप्ता, सुमित जैन, मनन गुप्ता, बंटी चोपड़ा, मोनू चौधरी, हरिनाथ, शंकर साहू, निलेश सिन्हा, अंजू साहू, राजकुमार गुप्ता, सागर गजीर, राकेश कोसरे ,दुर्गेश गुप्ता, बीरेन्द्र साहू, पवन विश्वकर्मा, देवेंद्र साहू, चंद्रशेखर निर्मलकर, संतोष यादव, श्याम जायसवाल, मेवा पटेल, अमित कुकरेजा, दुष्यंत, आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शासकीय महाविद्यालय में मनाया योग दिवस



पायनियर संवाददाता < थान खमरिया
www.dailypioneer.com

नगर के स्व. ठाकुर महाराज सिंह शासकीय महाविद्यालय थानखमरिया में योगा दिवस पर महाविद्यालय परिवार द्वारा योग किया और योगा पर राष्टीय ख्याति प्राप्त दिव्या सिन्हा ने सभी को योग कराया और योग का महत्व को समझाया कार्यक्रम में जनभागीदारी सदस्य एवं समाजसेवी सरिता जैन ने स्वस्थ तन के लिए योग का महत्व को बताया एवं वृक्षारोपण एवं इसके महत्व प्रोत्साहन द्वारा समाज में कैसे जागृति लाया जा सकता है इस विषय में प्रकाश डाला योग उपरांत महाविद्यालय परिसर में शिक्षको वा विद्यार्थियों के साथ वृक्षारोपण किया वा पठन कार्य हेतु कापी और पेन वितरण किया,उक्त अवसर पर आसिफराजा खान, विनोद धुर्वे, श्वेतारानी, संतोषी नेताम, दिलचंद मैत्री, कोमल चंद्राकर, ममता पाल, लक्ष्मी पाल सहित छात्राएं उपस्थित थे।

## भाजपा नेता सौरभ लूनिया ने किसान सम्मान निधि की 17वीं किश्त को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



भाजपा नेता सौरभ लूनिया ने किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को मिलने वाली 17वीं किश्त को लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी का तीसरा कार्यकाल किसानों के लिए बेहद खास है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल की शपथ लेते ही आवासहीन परिवार व किसानों के लिए तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते ही सबसे पहले हस्ताक्षर तीन करोड़, प्रधानमंत्री आवास व किसान सम्मन निधि की 17 वीं किश्त जारी करने के लिए हस्ताक्षर किए। इस योजना का लाभ देश के 9 करोड़ 26 लाख किसानों को मिलने वाला है। उन्होंने आगे कहा कि इस महंगाई के दौर में प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प किसानों की आय दोगुनी करने हर संभव प्रयास किया जा रहा है और सफ्लता भी प्राप्त हो रही है। सौरभ लूनिया ने बताया की भाजपा सरकार में किसानों का जीवन स्तर मे कई गुना सुधार हुआ है, किसान समृद्ध है खुशहाल है। जिसकी पूर्ति के लिए किसान सम्मान निधि समय-समय पर कारगर सिद्ध होता है, छोटे व मंझौले किसानों के लिए यह वरदान है साथ ही केंद्र सरकार व राज्य कि भाजपा सरकार खाद बीज में मिलने वाली सब्सिडी, 0 प्रतिशत ब्याज पर ऋण, अन्य कृषि संसाधनों पर सब्सिडी सहित सुलभ खरीदी व्यवस्था, एमएसपी मे वृद्धि सहित अन्य सुविधाओं से वर्तमान कृषि के क्षेत्र में हरित क्रांति आई है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश के हर क्षेत्र व वर्गो के विकास के लिए कार्य कर रही है।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत रबी में कृषकों को हुआ करोडों का भुगतान




पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत रबी वर्ष 2023-24 में जिले के कृषको द्वारा चना, गेहू सिंचित एवं गेहू असिंचित फसल के लिए फसल बीमा कराया जाता है, जिसमे वर्ष रबी 2023-24 में अतिवृष्टि, ओलावृष्टि अंतर्गत 18725 कृषको को 34 करोड़ 84 लाख 19 हजार 2 सौ 32 रूपये एवं इसी प्रकार उपज में कमी के आधार पर 19792 कृषको को 27 करोड़ 73 लाख 19 हजार 4 सौ 71 रूपये अब तक कुल जिले में 62 करोड़ 16 लाख रूपये का सफल दावा भुगतान क्रियान्वयक बीमा कंपनी द्वारा कृषको के खाते में अंतरण किया गया है। उप संचालक कृषि से मिली जानकारी अनुसार शेष बचे हुए 1587 कृषको को 55 लाख 56 हजार 7 सौ 16 रूपये अतिवृष्टि, ओलावृष्टि अंतर्गत एवं इसी प्रकार उपज में कमी के आधार पर 1890 कृषको को 1 करोड़ 56 लाख 96 हजार 8 रूपये कृषको को क्रियान्वयक बीमा कंपनी द्वारा 10 दिवस में उनके बैंक खाते में अंतरित किया जाएगा ।

## कबीरधाम जिले में बैगा समुदाय के बीच चलाया जा रहा है अक डडूक अभियान

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com





विशेष पिछड़ी जनजाति पीवीटीजी बैगा समुदाय के विशेष सहयोग से अक डंडुक अभियान चलाया जा रहा है। जिला प्रशासन के समस्त विभागों का समन्वय, कवीर स्वयंसेवक, बैगा समाज का गांधी ग्राम विकास समिति ग्रामोदय केंद्र को अक डंडुक अभियान में विशेष सहयोग मिल रहा है। अक डंडुक अभियान विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, पीएम जनमन, पर्यावरण, आजीविका, वन संसाधन, वनोपज, वनधन विकास केंद्र, जैव विविधता के लिए विशेष जन जागरूकता किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत दिनांक 19 जून 2024 को ग्राम ठाकुरटोला ग्राम पंचायत मुड़घुसरी जंगल विकासखंड बोड़ला जिला कबीरधाम छत्तीसगढ़ में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अब डंडुक अभियान में राज्य व्यापी सिकल सेल स्वास्थ्य जांच शिविर को सफ्ल बनाने के लिए विशेष सहयोग प्रदान किया गया। जिसके तहत 102 लोगों का सिकल सेल स्वास्थ्य जाँच किया गया। इसके साथ-साथ गांव के सभी बैगा महिला, पुरुष एवं बच्चों को अक डंडुक अभियान के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया गया कि अभियान का स्लोगन -

**अक डंडुक जिनगी कर बारो।**
**पढ़न गोदन कर नाने जाबो।।**

विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के बच्चों को स्कूल में दाखिला कराने एवं नियमित स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से ग्राम के 5 वर्ष से कम उम्र के सभी बच्चों का वजन एवं ऊंचाई की माप लिया गया। जिसके माध्यम से कुपोषण का आंकलन किया गया। कम वजन वाले बच्चों के पालकों को सुपोषण की जानकारी दी गई। लोगों को आवास निर्माण में प्रगति लाने और किचन गार्डन तैयार करने, बेहतर खेती करने, स्वच्छता, पर्यावरण को बेहतर करने के लिए प्रेरित किया गया। समुदाय के लोगों को पीएम जनमन योजना के मापदंड, सूचकांक एवं योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए आधार कार्ड अपडेट, राशन कार्ड बनवाने, संशोधन, नाम जोड़ने, वन अधिकार पत्र धारक परिवारों के भूमि सुधार के लिए भी जागरूक एवं प्रेरित किया गया।

## बिलासपुर को हराकर बेमेतरा की टीम पहुंची सेमीफाइनल में

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ हांकी संघ द्वारा राजनादगांव के इंटरनेशनल हाकी स्टेडियम में आयोजित 05 वी सब जूनियर व जूनियर बालक/बालिका राज्यस्तरीय हांकी प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में बेमेतरा का मुकाबला बिलासपुर से हुआ इस रोमांचक मुकाबले में बेमेतरा की टीम ने अपने खेल का उम्दा प्रदर्शन कर अपने खिलाड़ी निधि, मानसी, तन्नू और निशा की एक-एक गोल की बदौलत बेमेतरा ने 04 गोल दाग कर बिलासपुर को 4–3 से हराकर सेमीफइनल मैच में प्रवेश किया, मैंच के प्रारंभ से ही बेमेतरा की टीम बिलासपुर की टीम पर हावी रही मध्यांतर तक दोनो टीम 2-2 की बराबरी पर रहा मध्यांतर के बाद बेमेतरा की टीम ने अपने खेल का उम्दा प्रदर्शन करते हुए 02 गोल करते हुए क्वार्टर फाइनल मैच में जीत दर्ज कर सेमीफाइल में प्रवेश किया यह पहला अवसर है की बेमेतरा की बालिका टीम सेमीफइनल मैच में प्रवेश किया इसी तरह बालक वर्ग में भी बेमेतरा की टीम क्वार्टर फइनल में प्रवेश किया, इससे पहले बेमेतरा का बालिका वर्ग में पहला मुकलबा जगदलपुर के साथ था चुकी जगदलपुर की तय समय में ग्राउंड में उपस्थित नही होने से बेमेतरा की टीम को वाक वोवर मिला। व्यायाम शिक्षिका व कोच तुलसी साहू की मेहनत का ही नतीजा रहा है। की बेमेतरा जिले से हॉकी टीम हर रोज एक नया आयाम लिख रही है, कोच की कड़ी मेहनत का नतीजा रहा वे अपने बारगांव के शा. उच्च. माध्य. विद्या. स्थित खेल ग्राउंड में रोजाना सुबह/शाम खिलाडियों का अभ्यास कराती है, कोच द्वारा हांकी खेल को बढ़ावा देने के लिए बारगांव सहित आसपास के गांव के घरो-घर जाकर बालक एवं बालिकाओं के परिजनों से बात हॉकी खेल के बारे में बता कर उन्हे अपने बच्चों को हांकी खेलने की सहमति दी, शुरुआत में बालक एव बालिका हॉकी स्टिक पकडने से भी कतराती थी, व्यायाम शिक्षिका प्रयास ही नतीजा रहा, धीरे-धीरे टीम बनी और खेलने की शुरुअता हुई, इसके बाद विद्यालय के खिलाडियों ने पीछे मुड़ कर नहीं देखा और निरंतर कड़ी अभ्यास का ही नतीजा रहा कि आज लगातार बारगांव सहित आस पास के गांव से छात्र एवं छात्राओं का चयन जिला स्तर, राज्य स्तर, राष्ट्रिय स्तर में हो रही है जहां वे अपने खेल का अच्छा प्रर्दशन कर मेडल अर्जित कर रहे है, इनकी इस उपलब्धि पर बेमेतरा जिला हांकी संघ के अध्यक्ष पुष्कर अरोरा ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## दूध पीजिए शराब नहीं रथ को सांसद ने रवाना किया

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



योग दिवस पर विजय बघेल सांसद दुर्ग दीपेश साहू विधायक द्वारा दारू नही दूध पीजिए शराब नहीं शरबत पीजिए अभियान को पूरे जिले मैं चलाने के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया एवम खासकर युवाओं एवम बच्चो को इस अभियान में जोड़ कर नशा मुक्त समाज की स्थापना कर अपने जीवन को सफल बनाने की अपील कार्यक्रम का आयोजक ताराचंद माहेश्वर ने किया है।

## पर्यावरण प्रेमी संगठन ने किया पौधारोपण

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पर्यावरण प्रेमी संगठन जिला बेमेतरा के नेतृत्व में हर माह के 21 तारीख को लगाए जाने वाले पौधे इसी कड़ी में ग्राम कठिया के सेवा सरकारी समिति प्रांगण पर बेल का पौधा लगाया गया जिसमें हमारे मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर डीपी वर्मा उपस्थित थे अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू सचिव गणेश कुमार साहू सदस्यगण चम्मन निषाद, छोटू साहू, ईश्वरी साहू शामिल थे। पर्यावरण प्रेमी संगठन जिला बेमेतरा के द्वारा बेमेतरा विधायक दीपेश साहू से जिले में वृक्षारोपण के लिए पेड़ -पौधे ट्री गार्ड एवं अन्य आवश्यक सामान उपलब्ध कराने के विषय में आवेदन पत्र दिया गया । बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने संगठन के द्वारा किए जा रहे वृक्षारोपण की प्रशंसा करते हुए क्षेत्र के आम नागरिकों से पेड़ पौधे लगाने कि अपिल करते हुए कहां कि हमें विभिन्न अवसर जैसे जन्मदिन, गृह प्रवेश, विवाह आदि मांगलिक अवसर पर पेड़ पौधे जरूर लगाना चाहिए। पर्यावरण प्रेमी संगठन के साथ मिलकर के इस वृक्षारोपण के मुहिम को जिला स्तर पर चलाया जाएगा। गांव- गांव में फलदार, छायादार , अधिक ऑक्सीजन देने वाले पेड़ - पौधे लगाए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि विधायक के द्वारा पर्यावरण प्रेमी संगठन जिला बेमेतरा को पूरे क्षेत्र के वृक्षारोपण की जिम्मेदारी संगठन को दिये जाने के विषय में आश्वासन दिया गया हैं । भेट मुलाकात में संगठन अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, सचिव गणेश साहू, सदस्यगण लक्ष्मीनारायण साहू, छोटू साहू, चम्मन निषाद, परदेसी साहू, किशन साहू, राजू साहू, शांतिलाल साहू, प्रदीप साहू आदि उपस्थित रहे।

# 95 करोड़ की लागत से 813 स्कूलों का मरम्मत और 50 अतिरिक्त कक्ष का हुआ निर्माण

## शाला प्रवेश उत्सव के साथ ही नए भवनों में लगेगा स्कूल

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com




बेमेतरा जिले में 2 वर्ष के भीतर वर्ष 2022-23 एवं वर्ष 2023 24 में समग्र शिक्षा मद तथा मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत इसके अलावा जिला खनिज मद से जिले के वर्षो पुराने स्कूलों को जीणोद्धार एवम अतिरिक्त कक्ष निर्माण के साथ नए स्वरूप में तैयार किया गया है। इस सत्र से जिले के सभी स्कूलों में 26 जून से शाला प्रवेश उत्सव के साथ ही स्कूलो का संचालन शुरू हो जाएगा।

बीते दो वर्षों में राज्य शासन के द्वारा स्कूल भवन मरम्मत एवं नए कक्ष निर्माण के लिए बेमेतरा जिले को करीब 100 करोड रुपए की राशि शासन ने स्वीकृत की जिसमें से 769 स्कूल भवन का मरम्मत कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके अलावा लगभग 50 से अधिक अतिरिक्त कक्ष का भी निर्माण किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए आर ई एस के ईई महाजन बांधडे ने बताया कि मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना एवम समग्र शिक्षा मद अंतर्गत जिले के 899 स्कूल भवनों के रिपेयरिंग तथा अतिरिक्त भवन निर्माण के लिए शासन से 84 करोड़ 23 लाख रुपए स्वीकृत हुआ था जिसमें से 769 स्कूलों का निर्माण और मरम्मत कार्य पूरा हो चुका है तथा 44 स्कूल भवनों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त नए कक्ष का निर्माण कार्य स्वीकृत राशि में शामिल है इसी तरह समग्र योजना के अंतर्गत 262 स्कूल भवन के जीर्णोद्धार कार्य के लिए 11 करोड़ 10 लाख रुपए स्वीकृत हुआ था जो की पूर्ण कर लिया गया है श्री बांधडे ने दावा किया है कि शाला प्रवेश उत्सव के पूर्व जिले के सभी प्राथमिक मिडिल, हाई एवम हायर सेकेंडरी स्कूल भवनो का मरम्मत कार्य पूर्ण हो जाएगा।

### अतिरिक्त कक्ष निर्माण में बनाया गया वाटर हार्वेस्टिंग

शासन एवं कोर्ट के निर्देशों के निर्देश पर नए भवनों के निर्माण में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के साथ भवन का निर्माण होने लगा है आर ई एस विभाग के द्वारा जिले में बनाए गए करीब 50 अतिरिक्त स्कूल भवनो में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी लगाया गया है इससे भूमिगत जल स्रोतों में वृद्धि होगी और वर्षा का जल एक नियत स्थान पर एकत्र हो सकेगा शासकीय स्कूल भवनों में विशेष कर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के बन जाने से ग्रामीण क्षेत्र स्कूल भवन की आसपास की भूमि बरसात सीजन में रिचार्ज होगा।

### शौचालय और किचन शेड का हुआ मरम्मत

जिले के जर्जर हो चुके स्कूल भवनों के लिए शासन से राशि स्वीकृत होने पर स्कूलो में विशेष रुप से व्हाट्सएप पूर्व बने शौचालय और किचन शेड का मरम्मत किया गया है इससे स्कूल संचालन और मध्यान भोजन पकाने के लिए रसोइयों को भी अब विशेष सुविधा उपलब्ध हो सकेगा आर ई एस ईई महाजन बांधडे ने बताया कि स्वीकृत सभी मरम्मत योग्य स्कूलों में विशेष कर किचन शेड के साथ ही साथ शौचालय का विशेष रूप से मरम्मत कार्य किया गया है और स्कूलों का रंग रोगन कर स्कूल भवनों को पूरी तरह से उपयोगी बनाकर भवन संस्था प्रभारी को हैंड ओवर कर दिया गया है।

### जिले के सभी स्कूलों में बनाया गया है रैंप

जिले में समग्र शिक्षा मद एवं मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत बेमेतरा जिले के लगभग 1000 पुराने स्कूल भवनो का मरम्मत कार्य किया गया है जिसमें सभी स्कूलों में विशेष कर रैंप का निर्माण किया गया है ताकि स्कूल में आने जाने की सुविधा सभी वर्ग के स्कूली छात्र-छात्राओं को मिल सके श्री बांधडे ने बताया कि सैकड़ो स्कूल में रैंप ही नहीं था जहां पर नए सिरे से रैंप का भी निर्माण किया गया है ताकि विद्या अध्ययन करने स्कूल में आने वाले स्कूली बच्चों को शासन की योजनाओ का विशेष रूप से लाभ मिलसके।

शासन के द्वारा बेमेतरा जिले के स्कूल भवनों के लिए स्वीकृत किए गए मरम्मत कार्य लगभग पूरा हो चुका है। जिसमें मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना समग्र शिक्षा मद अंतर्गत सभी प्राथमिक मिडिल, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल भवनों का मरम्मत कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके अतिरिक्त नए कक्ष का निर्माण कार्य प्रगति पर है इसके अलावा आत्मानंद स्कूल दाढ़ी एवम मारो का मरम्मत निर्माण कार्य 30 जून तक हर हाल में पूर्ण हो जाएगा । 44 भावनो का मरम्मत कार्य प्रगति पर है जो कि इस माह के अंत तक हरहाल पूरा कर लिया जाएगा ।

**महाजन बांधडे**
**आए ई एस ईई, बेमेतरा**

26 जून को शाला प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा स्कूलों के मरम्मत के लिए दो कार्य एजेंसियां लगी हुई है जिसमें गृह निर्माण मंडल और आरईएस विभाग है दोनों विभागों को कुछ दिनों पूर्व कलेक्टर साहब के द्वारा पत्र भी जारी किया गया था की मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण करने आर ई एस विभाग का 99 काम पूरा हो चुका है और गृह निर्माण मंडल का कुछ कार्य बचा हुआ है दोनों कार्य एजेंसियों ने हर हाल में शाला प्रवेश उत्सव के पूर्व निर्माण कार्य पूर्ण कर लेने का आश्वासन दिए हैं खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ग्राम पंचायत कठौतिया में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे और जनता के द्वारा सभी निर्वाचित पंचायत से लेकर जिला पंचायत सदस्य और विधायकों को साला प्रवेश उत्सव में आमंत्रित किया जाएगा शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के दौरान पाठ्य पुस्तक तथा शाला गणवेश भी स्कूली बच्चों को वितरित किए जाएंगे।

**जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बेमेतरा**

## अवैध रूप से शराब ले जाते एक व्यक्ति गिरफ्तार

**बेमेतरा।** पुलिस थाना बेमेतरा अंतर्गत मानपुर पिकरी शराब दुकान के पास मेनरोड में 21 जून को पिकरी शराब दुकान से बारी बारी शराब खरीदकर अधिक मात्रा में शराब एकत्रित कर मोटर सायकल के पेट्रोल टंकी के ऊपर थैला में अवैध रूप से शराब रखकर ले जा रहा है कि मुखबीर सूचना पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन पर, अति. पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा के मार्गदर्शन में थाना बेमेतरा पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही कर मोटर सायकल चालक आरोपी तुषार यदु उर्फ शुभम पिता सत्येन्द्र यदु उम्र 20 साल वार्ड नंबर 02 मानपुर पिकरी बेमेतरा थाना व जिला बेमेतरा के कब्जे में रखे थैला की तलाशी लेने पर थैला के अंदर शोले मशाला देशी मदिरा कुल 95 पौवा कुल मात्रा 17.100 लीटर कुल कीमती 10.450 रूपये का रखा मिला।

# पुलिस ने गुम नाबालिगों की खोज में एक और लापता बालिका को किया दस्तयाब

## नाबालिक को भगा ले जाने वाला युवक को गिरफ्तार कर भेजा गया रिमांड पर

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा-निर्देशन पर सभी थानों में गुम इंसान खोज की खोजबिन का विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें कोतवाली पुलिस को थाना क्षेत्र से लापता हुई एक और बालिका को दस्तयाब किया गया है। कोतवाली पुलिस ने नाबालिक को भगा ले जाने वाले युवक को दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। गुम बालिका के संबंध में 23 दिसंबर 2023 को बालिका की मां द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 21 दिसंबर के सुबह बालिका बिना बताए कहीं चली गई थी जिसे मोहल्ले तथा आसपास पता किये, बालिका का कहीं पता नहीं चला। थाना कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 363 आईपीसी के तहत अज्ञात आरोपी पर अपराध पंजीबद्ध कर बालिका का पतासाजी की जा रही थी। विवेचना दरम्यान बालिका को पुरुषोत्तम दुबे उर्फ पिंटू जिला सरगुजा द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने की जानकारी मिली। बालिका और संदेही लगातार निवास स्थान बदला जा रहा था कि कल गुम बालिका और संदेही युवक को रायगढ़ रेलवे स्टेशन के पास देखा गया। कोतवाली पुलिस द्वारा बालिका और संदेही को अभिरक्षा में लिया गया। बालिका का महिला अधिकारी से कथन एवं काउंसलिंग कराया गया जिसमें बालिका बताई कि पुरुषोत्तम रायगढ़ में काम करता था जिससे जान परिचय था। पिछले साल 21 दिसंबर को पुरुषोत्तम शादी कर पत्नी बनाकर रखने का विश्वास दिलाकर अपने साथ अंबिकापुर ले गया। जहां एक किराए मकान में पत्नी की तरह रखा फिर उसके बाद महाराष्ट्र ले गया था। बालिका के कथन, मेडिकल पर प्रकरण में धारा 366, 376(2), (ढ़) आईपीसी 4, 6 पॉक्सो एक्ट की धारा विस्तारित कर आरोपी पुरुषोत्तम दुबे उर्फ पिंटू पिता स्वर्गीय वेद प्रकाश दुबे उम्र 19 साल निवासी गुमगराखुर्द मोहल्ला आमाटिकरा थाना लखनपुर जिला सरगुजा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर पेश कर जेल दाखिल किया गया है।

## पुलिस विभाग में एक बार फिर हुई सर्जरी, 02 थाना प्रभारी सहित 49 पुलिस जवानों का तबादला

**रायगढ़।** रायगढ़ पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने पुलिस विभाग में कसावट लाने के उद्देश्य से एक बार फिर से विभाग में सर्जरी करते हुए 2 निरीक्षक, 3 उप निरीक्षक समेत 49 पुलिस जवानों का तबादला आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत धरमजयगढ़ थाना प्रभारी कमला पुसाम को भूपदेवपुर, भूपदेवपुर थाना प्रभारी रामकिंकर यादव को धरमजयगढ़ का प्रभार सौंपा गया है।

## पंचायत सचिव लक्ष्मीकांत बहिदार निलंबित

**रायगढ़।** जिला पंचायत रायगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेन्द्र यादव ने ग्राम पंचायत पंचधार जनपद पंचायत बरमकेला के ग्राम पंचायत सचिव लक्ष्मीकांत बहिदार को अपने पदीय कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के लिए प्रथम दृष्टियां दोषी पाये जाने तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत बरमकेला निर्धारित किया गया है।

# एनएचएम एंव एड्स नियंत्रण कार्यक्रम संघ के स्वास्थ्य संविदाकर्मी भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से माँग लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि की



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जगदलपुर में स्थित निवास में किरण देव अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ एवं लोकप्रिय विधायक जगदलपुर के समक्ष राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एंव एड्स नियंत्रण कार्यक्रम(एनएचएम संघ) के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने 27त्न वेतन वृद्धि की माँग को लेकर डॉ. देवकांत चतुर्वेदी जिला अध्यक्ष बस्तर छत्तीसगढ़ प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ एवं उनके टीम के द्वारा मुलाक़ात किया इसके पूर्व में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमित मीरी एंव एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के प्रदेश अध्यक्ष संजय तिवारी व राज्य के कार्यकारिणी टीम द्वारा भी मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मंत्री वित्त मंत्री, गृहमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष से भी मुलाक़ात की जा चुकी है विदित हो कि पूर्ववर्ती सरकार ने पिछले वर्ष हड़ताल के दौरान राज्य में कार्यरत सभी संविदा कर्मचारियों के वेतन में एकमुश्त 27% वेतन वृद्धि की घोषणा की गई थी जिसमें लगभग सभी विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को 27 % वेतन वृद्धि का लाभ मिल चुका है लेकिन अभी तक यह लाभ स्वास्थ्य विभाग को नहीं मिल सका है जिसके कारण सभी आधिकारियों एवं कर्मचारियों में रोष व्याप्त है, एनएचएम,एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के कर्मचारियों द्वारा लगातार 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि के संबंध में विभिन्न मंत्रियों एवं अधिकारियों से मेल मुलाकात लगातार जारी है इसी कड़ी में इसलिए पुनः उन्होने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष से मिलकर 27% वेतन वृद्धि दिलाने हेतु पुनः मिलकर निवेदन किया है। मुलाक़ात के दौरान डॉ. रजत चौहान डॉ. गौरव चौरसिया डॉ. किशोर पटेल रुपेश खेडुलकर निर्मल साहू संजीव उपस्थित थे।

# रेत व चूना पत्थर का अवैध परिवहन खनिज विभाग ने किया 8 वाहन जब्त

- खनिज रेत के अवैध उत्खनन एवं भण्डारण पर दो प्रकरण दर्ज
- बिना बैध दस्तावेज के खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर होगी दण्डात्मक कार्यवाही
- खनिज अमलों द्वारा आगे भी जारी रहेगी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी रोकथाम करने हेतु निर्देश दिए थे। उक्त निर्देश के परिपालन में खनिज विभाग द्वारा गत दिवस निरीक्षण के दौरान खनिज रेत के 3 हाइवा एवं चूनापत्थर के 5 वाहन इस प्रकार अवैध परिवहन के कुल 8 प्रकरण जप्त किया गया है। इसी प्रकार खनिज रेत के अवैध भण्डारण एवं खनिज रेत के अवैध उत्खनन के एक-एक प्रकरण दर्ज किए गए है। अवैध परिवहन में संलिप्त वाहनों को थाना चक्रधरनगर एवं थाना पुसौर रायगढ़ में रखा गया है।
उप संचालक खनिज ने जानकारी देते हुए बताया कि मुकेश कुमार मित्तल, पप्पू बोंदा, दीपक सिंघल, थाना रोड रायगढ़, पूजा क्रेशर, टिमरलगा सारंगढ़ एवं मंगल स्टोर क्रेशर, बानीपाथर खरसिया से चूनापत्थर के कुल 5 वाहन तथा दिनेश यादव रायगढ़ से रेत परिवहन के 01 वाहन तथा बबलू बेहरा, चांटीपाली रायगढ़ से रेत के 2 वाहन जप्त किए गए है। इसी तरह अवैध भण्डारणकर्ता नमो नारायण पटेल, उसरौट रायगढ़ तथा अवैध उत्खननकर्ता मुरली साव, कांदागढ़ रायगढ़ से खनिज रेत के अवैध उत्खनन एवं भण्डारण पर एक-एक प्रकरण दर्ज किया गया है।
उक्त सभी वाहनों पर खान एवं खनिज (निकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 1 के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। पूर्व में भी जिले के खनिज ठेकेदारों, खनिज परिवहन, उत्खनन, भण्डारण कर्ताओं को भी निर्देशित किया गया है कि बिना बैध दस्तावेज के खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण करना दण्डनीय अपराध है और इस प्रकार के कृत्य करने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर के निर्देशन में खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु खनिज अमलों द्वारा विशेष अभियान चलाकर निरंतर जांच की जाएगी।

# सट्टा-पट्टी लिख रहे युवक पर जूटमिल पुलिस ने की जुआ प्रतिषेध अधिनियम की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज के नेतृत्व में टाऊन पेट्रोलिंग दौरान थाना जूटमिल स्टाफ द्वारा मुखबीर सूचना पर कबीर चैक बीमा हास्पिटल के सामने सहाबुद्दीन नामक व्यक्ति को सट्टा-पट्टी पर जुआ खेलाते पकड़ा गया है। आरोपी सहाबुद्दीन खान पिता सहानुद्दीन खान उम्र 35 वर्ष सा. गांधी नगर जूटमिल रायगढ थाना जूटमिल जिला रायगढ़ के कब्जे से नगदी रकम 390 रूपये, एक नग कोरा कागज में विभिन्न अंको एवं अक्षरो में लिखा सट्टा हिसाब एवं एक डाटपेन पुलिस द्वारा जप्त किया गया है। थाना जूटमिल में आरोपी पर धारा 04, 06 (ख) छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही कर रिमांड पर पेश कर जेल दाखिल किया गया है। एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर जूटमिल पुलिस लगातार जुआ-सट्टा एवं अवैध शराब पर कार्रवाई कर रही है।

## सहयोग के सदस्यों ने योग दिवस मनाया गया

**बेमेतरा।** सहयोग बेमेतरा ने आज बाँधातालाब पिकरी बेमेतरा में अपने स्वच्छता अभियान की समाप्ति के पश्चात रिमझिम बारिश के मध्य पचरी किनारे पीपल पेड़ के नीचे अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रातः 07 बजे योग प्रशिक्षक सुशील शर्मा, प्रो.लक्ष्मीनारायण साहू के मार्गदर्शन में योग के प्रमुख आसनों को किया एवं लोगो से अपील की की स्वच्छता और हरियाली के साथ निरोगी काया का होना भी जरूरी है और इसके लिए करे योग रहे निरोग।



# शासकीय क्रांति कुमार भारती महाविद्यालय जेठा में हुआ योगाभ्यास का कार्यक्रम



पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय महाविद्यालय सक्ति में योग दिवस मनाया गया, 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें छात्र छात्राओं और स्टाफ ने अपनी सहभागिता निभाई। छात्र छात्राओं द्वारा योग करने के लाभ, योग संबंधी स्लोगन बताया गया। संस्था के प्राचार्य डॉ डी पी पाटले ने सभी को योग दिवस की शुभकामना देते हुए कहा की आप हमेशा निरोग रहे। प्रो अजय देवांगन (आई क्यू ए सी प्रभारी) ने भी योग के महत्व को समझाया और सभी को नियमित योग करने को कहा, प्रो डॉ शकुंतला राज ने योग को अपनी नियमित दिनचर्या में शामिल करने को कहा । प्रो सोमेश कुमार घितोड़े (जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना जिला शक्ति) ने सभी को योग दिवस पर निरोग रहने के लिए योग को अपने जीवन का अंग बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जिला के सभी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सभी संस्थाओं ने योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# घरवालों से मारपीट करने वाला युवक गया जेल मारपीट की शिकायत पर जूटमिल पुलिस ने कार्रवाई

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



मिट्ठुमुडा में रहने वाले महावीर चौहान (उम्र 40 वर्ष) द्वारा उसके छोटे भाई अजय चैहान पर मामूली बातों पर मारपीट करने और घर में रखे सब्जी काटने वाले चाकू से चोट पहुंचाने की रिपोर्ट दर्ज कराया। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि उसका भाई अजय आये दिन घर पर झगड़ा विवाद करता है।
18 जून की दोपहर करीबन 12 बजे अजय चैहान शराब के नशे में घर आकर मां से शराब पीने के लिये रूपये मांग रहा था जिसे रूपये नहीं मिलने पर इसके साथ गंदी-गंदी गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा और आवेश में आकर घर में रखे सब्जी काटने के चाकू से मारपीट कर चोट पहुंचाया है। मारपीट की रिपोर्ट पर थाना जूटमिल में आरोपी अजय चैहान (25 साल) के विरूद्ध धारा 294,506,323,327 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध कर आहत महावीर चौहान का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया, मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण में धारा 324 आईपीसी विस्तारित कर आरोपी अजय चौहान को 19 जून के देर शाम जूटमिल क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को जूटमिल पुलिस द्वारा न्यायालय रिमांड लेने पेश किया गया था, न्यायालय द्वारा आरोपी का जेल वारंट जारी किये जाने पर जूटमिल पुलिस द्वारा आरोपी को जिला जेल दाखिल किया गया है।

# नीचेपारा व ग्राम चूल्हा खोल में पुलिस ने लगाया चलित थाना

- थाना प्रभारी धरमजयगढ़ ने रहवासियों को अपराधों की जानकारी और सामाजिक कुरीतियों के प्रति की जागरूक

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर आमजन एवं पुलिस के बीच अच्छे संबंध स्थापित करने एवं आमजन को अपराधों के प्रति जागरूक करने नियमित रूप से वार्ड-ग्राम स्तर पर चलित थाना का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक कमला पुसाम के साथ थाना स्टाफ द्वारा धरमजयगढ़ नीचेपारा एवं ग्राम चूल्हा खोल में चलित थाना लगाया गया। चलित थाना में स्थानीय जन प्रतिनिधियों के साथ काफी संख्या में महिला-पुरुष, बच्चे उपस्थित थे। धरमजयगढ़ टीआई कमला पुसाम ने उपस्थित लोगों से चर्चा करते हुए झगड़ा विवाद, चोरी आदि की जानकारी लिया गया तथा आपस में मिलजुल कर रहने की समझाइए दी। उन्होंने वर्तमान में हो रही साइबर ठगी के बारे में जानकारी देकर मोबाइल पर आये अनजान व्यक्तियों के कॉल पर किसी प्रकार की निजी जानकारी या ओटीपी नहीं बताने पर साइबर ठगी से बचा जा सकता है कहा गया और मोबाइल पर अनजान व्यक्तियों के बताए लुभावने स्कीम पर धन निवेश से बचने बताये। इस दौरान थाना प्रभारी ने अभिव्यक्ति ऐप तथा पुलिस सहायता के लिए डॉयल 112 की जानकारी दी गई और सामाजिक कुरीतियां-मद्यपान, व्यसन, मानव तस्करी बाल श्रम, जादू टोना जैसे क्रियाकलाप से दूर रहने जागरूक किया गया और यातायात नियमों का पालन करने तेज गति में वाहन चलाने से बचने और हेलमेट पहनने कर वाहन चलाने की समझाइश दी गई। चलित थाने में थाना प्रभारी धरमजयगढ़ के साथ महिला प्रधान आरक्षक सुदो भगत, आरक्षक विजयानंद राठिया भी मौजूद थे।

# अशोक अग्रवाल साथियों के साथ पहुंचे राजधानी रायपुर, मुख्यमंत्री से मुलाकात कर लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर दी बधाई



पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले के फायर ब्रांड युवा नेता अशोक अग्रवाल अपने साथियों के साथ राजधानी रायपुर जाकर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात करके लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी। मिली जानकारी के मुताबिक जिले के फायर ब्रांड युवा नेता कहे जाने वाले एवं शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में अपने कार्य की बदौलत अलग पहचान रखने वाले पूर्व जिला पंचायत सदस्य अशोक अग्रवाल अपने साथियों के साथ आज राजधानी रायपुर पहुंच कर मुख्यमंत्री निवास पहुंचे। इस दौरान अशोक अग्रवाल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य भेट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही साथ लोकसभा चुनाव में प्रदेश में भाजपा की 10 सीटों में बम्फर जीत के लिए बधाई दी। इसके अलावा रायगढ़ जिले के युवा नेता अशोक अग्रवाल ने अपने क्षेत्र की छोटी बड़ी समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सारी बातों को सुनकर जल्द ही समस्या का निदान कराने का आश्वासन भी दिया गया। इस दौरान पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने चर्चा भी की गई। इस अवसर पर समाजसेवी श्याम गुप्ता, गेरवानी की धाकड़ सरपंच चमेली सिदार और युवा नेता खुशी राम अजय भी साथ उपस्थित रहे।

## डी ए वी जांता में उत्साह के साथ मनाया गया 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

# डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में योगाभ्यास कार्यक्रम संपन्न

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिले के सी बी एस ई, डी.ए. वी. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता में 10 वा सामुहिक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र संघ को 21 जून 2015 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का सुझाव दिया था, जिसके परिणामस्वरूप ही पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। विद्यालय में इस अवसर पर सगुन, मूलचंद चन्द्राकर जनपद सदस्य सभापति प्रतिनिधि, हेमलाल चन्द्राकर सरपंच ग्राम पंचायत जांता, योग प्रशिक के रूप में उपस्थित समाजसेवी व डॉ रामकुमार निर्मलकर उपस्थित रहे।इन सभी अतिथियों के सानिध्य में बच्चों ने विभिन्न योग किए। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पी एल जायसवाल ने कहा कि करो योग रहो नीरोग को अपनों आप सभी योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें एवं योग से विद्यार्थीयो का जीवन संवर जाएगा। योग से एकाग्रता आती है और याददाश्त बढ़ती है। निश्चित रूप से आपको इसका बड़ा लाभ मिलेगा। योग कार्य करने की क्षमता को बढ़ा देता है। यह तनाव को दूर करता है। योग कसरत ही नहीं जीवन जीने का तरीका है। योग जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। योग जीवन दर्शन है, योग कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। योग को जीवन का आधार बनाएं। योग से शरीर मन और आत्मा को जोड़ने का विधान है। जब हम सकारात्मक रहते हुए प्रसन्न भाव से काम करते हैं तो इसका सकारात्मक प्रभाव हमारी कार्यक्षमता में पड़ता हैं हमे इसका लाभ मिलता हैं। योग व खेल शिक्षक अखलेश पटेल ने बताया कि इस वर्ष का थीम महिला सशक्तिकरण, योग स्वयं और समाज के लिए दिया गया है. डॉ निर्मलकर व खेल शिक्षक ने योगाभ्यास के साथ साथ योग से होने वाले लाभ को बताते हुए आसन, प्राणयाम और कपाल, अलोम विलोम, सूर्य प्रणाम आदि के साथ विभिन्न नियमों का पालन करते हुए योगाभ्यास कराया। इस अवसर पर शिक्षक, ललित देवांगन, अखलेश पटेल, गोविंद साहू, राजा तंतुवाय, निशु गुप्ता, आयुषि जैन, सविता साहू, रेणुका पटेल, सुखदेव, युवराज, विजय, नरेश, गीता साहु सहित छात्र- छात्राएँ शामिल रहे।

# जे एल एन डी कॉलेज में हुआ योगाभ्यास, महाविद्यालय परिवार सहित छात्र-छात्राओं ने भी किया योग

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com




अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर स्वर्गीय नंदकुमार पटेल यूनिवर्सिटी रायगढ़ के दिशा-निर्देश पर महाविद्यालय परिसर में योग दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया, इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर शालू पाहवा ने स्वयं जहां योग की विभिन्न क्रियाओं से महाविद्यालय परिवार के सदस्यों एवं उपस्थित छात्र-छात्राओं को अवगत कराते हुए योग के प्रति सदैव जागरूक रहने की बात कही तथा इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर शालू पाहवा ने कहा कि योग हमें निरंतर प्रतिदिन सुबह जरूर करना चाहिए तथा योग करने से जहां हमारा शरीर स्वस्थ रहता है तो वहीं अनेकों प्रकार की बीमारियों से भी हम अपने शरीर का बचाव कर सकते हैं,वहीं इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के भी उपस्थित सदस्यों ने योगाभ्यास करते हुए सदैव योग करने का भी संकल्प लिया तो वहीं योग जागरूकता को लेकर भी महाविद्यालय परिवार द्वारा आने वाले दोनों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करने का निर्णय लिया गया।

# योग दिवस की संध्या पर करणी सेना ने की खारुन गंगा महाआरती



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

शुक्रवार की संध्या को रायपुर के महादेव घाट पर करणी सेना एवं खारुन गंगा महाआरती महादेवघाट जनसेवा समिति द्वारा समिति के संस्थापक अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह तोमर के मार्गदर्शन में निरंतर क्रम में 20वीं बार बनारस की तर्ज पर एक बार पुनः अपनी दिव्यता के साथ संपन्न हुई खारुन गंगा महाआरती। उक्त महाआरती में समाजसेवक राजकुमार राठी जी की प्रमुख यजमान के रूप में उपस्थिति रही। कार्यक्रम के आरंभ में रायपुर के सुप्रसिद्ध भजन गायक लल्लू महाराज ने अपने सुमधर भजनों द्वारा आगंतुक श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। तत्पश्चात् आरती का विधि पूर्वक संकल्प कराया गया एवं सभी ने एक स्वर में खारुन समेत भारत की सभी नदियों को स्वच्छ रखने की शपथ ली। प्रशिक्षित ब्राह्मणों द्वारा वैदिक परंपरानुसार संपूर्ण विधि विधान से खारुन गंगा मैया एवं बाबा हटकेश्वर महादेव जी की आरती की गई। आरती के पश्चात् सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने आस्था के साथ खारुन मैया को दीप दान किया। आरती के पश्चात् सभी भक्तों को प्रसादी का वितरण किया गया। करणी सेना प्रमुख वीरेंद्र सिंह तोमर के नेतृत्व में होती आ रही यह खारुन गंगा आरती छत्तीसगढ़ के इतिहास में अपनी एक अलग ही पहचान बना चुकी है जिसमें प्रति माह बृहद संख्या में आस्थावान श्रद्धालुओं की उपस्थिति रहती है। तोमर का यह कहना है कि यह आरती सनातनी हिन्दू बहनों भाइयों को एकजुट करने एवं सामान्य जनमानस में पर्यावरण की सफाई के प्रति जागरुकता के प्रसार में महती भूमिका निभा रही है।

## नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय ने नगर पालिकाओं के आम निर्वाचन हेतु अधिकारियों को ऑनलाईन प्रशिक्षण दिया

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com




निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय के अधिकारियों द्वारा राज्य की नगर पालिकाओं के आम निर्वाचन 2024 के लिये वार्डो के परिसीमन हेतु नगरीय निकाय अधिकारियों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाईन प्रशिक्षण दिया गया। रायपुर नगर निगम मुख्यालय महात्मा गांधी सदन में डाटा सेंटर में पहुंचकर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा वीडियो कांफ्रेंसिंग में सम्मिलित हुए एवं रायपुर नगर निगम के अधिकारियों को नगर पालिकाओं के आमनिर्वाचन 2024 हेतु शासन के निर्देश पर वार्डो के परिसीमन का कार्य तय समय सीमा के भीतर दायित्वो का अच्छी तरह निर्वहन करते हुए किया शाना सुनिष्चित करने के निर्देश दिये। इस दौरान डाटा सेन्टर में उपायुक्त सामान्य प्रशासन कृष्णा खटीक, उपायुक्त स्वास्थ्य ए.के. हालदार, नगर निवेशक निशीकांत वर्मा, सहायक अभियंता नितिश झा, आशुतोश सिंह, आई. टी. विशेषज्ञ रंशीत रंशन, प्रभारी अधिकारी डाटा सेंटर राधेश्याम एक्का उपस्थित थे। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से दिये गये ऑनलाईन प्रशिक्षण में नगरीय निकाय अधिकारियों को जानकारी दी गई कि विगत 18 शून को वार्डो के परिसीमन हेतु राजस्व अधिकारी का नाम निर्दिष्ट करने की कार्यवाही की गई। परिसीमन की कार्यवाही हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। 24 शून से 8 शुलाई 2024 तक नगर पालिक / नगर पालिका (वार्डो का विस्तार) नियम 1994 के नियम 6 के तहत सीमा निर्धारण संबंधी प्रस्ताव तैयार किये जाने की कार्यवाही की जायेगी। 9 जुलाई से 15 जुलाई तक नगर पालिक / नगर पालिका (वार्डो का विस्तार) नियम 1994 के नियम 7 के तहत वार्डो की सीमा निर्धारण संबंधी निर्धारित प्रपत्र में प्रारंभिक प्रकाशन का आपत्ति / सुझाव को आमंत्रित किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

## केंद्र की रिमोट पर चलने वाली भाजपा सरकार किसान हित में नहीं ले पा रहा निर्णय: विनोद चंद्राकर

पायनियर संवाददाता ◀ महासमुंद
www.dailypioneer.com



पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि खरीफ का सीजन आ गया लेकिन, प्रदेश के सोसायटियों में अब तक खाद-बीज का भंडारण नहीं किया जा सका है। किसानों के कथित हितैषी बनने वाली भाजपा सरकार केवल खाद बीज की कमी नहीं होने की बातें कर रहे हैं। लेकिन, वास्तविकता कुछ और हैं, सोसायटियों में खाद-बीज लेने पहुंच रहे किसान खाली हाथ लौट रहे हैं। चंद्राकर ने कहा कि बोनी का समय आ गया है लेकिन किसानों को अभी तक खाद व बीज की उपब्लधता नहीं हो पा रही है। किसान बाजार से उंचे दाम पर बीज व खाद खरीदने को विवश हो रहे हैं। इससे पहले जब कांग्रेस की 5 वर्षों तक सरकार थी, तब कभी भी खाद व बीज की समस्या नहीं हुई। किसानों को वर्मी कम्पोस्ट व सुपर कम्पोस्ट खाद उपलब्ध कराया गया। लेकिन, प्रदेश में भाजपा की सरकार आते ही खाद व बीज की समस्या शुरू हो गई है। चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के 80 फीसदी सोसायटियों में खाद-बीज आवश्यक मात्रा में अब तक नहीं पहुंच पाई है। भाजपा के नेता जैविक खेती की केवल बात करते हैं, इनका काम इनके दावे से उलट होता है। प्रदेश के किसी भी सोसायटी में ना वर्मी कंपोस्ट उपलब्ध है, ना सुपर कंपोस्ट। जैविक खेती का विकल्प किसानों से साय सरकार ने छीन लिया है। छग के किसान अब केवल रासायनिक खाद के भरोसे हैं। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किसानों को जैविक खेती करने प्रेरित किया था। इसलिए प्रत्येक गोठानों में गोबर की खरीदी कर उसे खाद बनाकर किसानों को दिया जाता था। जिसका उपयोग कर किसान रसायन मुक्त अन्न उगा रहे थे।

## जैक्सन ग्रीन ने दुनिया की पहली फ़्लू गैस सीओटू से फोरजी इथेनॉल परियोजना के लिए एनटीपीसी की बोली जीती

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



एक अग्रणी नई ऊर्जा सं मण मंच, जैक्सन ग्रीन परियोजना के लिए फ़्लू गैस सीओटू (कार्बन डायऑक्साईड) काफोर जी इथेनॉल मे रुपांतर करनेवाले प्रकल्प निर्माण का महत्वपूर्ण कार्य सौंपा गया है जो भारत के हरित भविष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह दुनिया में अपनी तरह का पहला प्रोजेक्ट है। इस परियोजना में उत्पादित ईंधन का उपयोग बिजली उत्पादन परियोजना के लिए किया जाएगा। लाइसेंसिंग, इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (एलईपीसी) दृष्टिकोण में भागीदार जैक्सन ग्रीन का लक्ष्य दो साल के भीतर इस परियोजना को निष्पादित करना है। इस परियोजना की परिकल्पना और डिजाइन नेत्रा (एनटीपीसी एनर्जी टेक्नोलॉजी रिसर्च एलायंस) द्वारा किया गया है। नेत्रा एनटीपीसी लिमिटेड की अनुसंधान और विकास शाखा है। छत्तीसगढ़ के लारा में स्थापित होने वाली परियोजना फ्लू गैसों से प्रति दिन 10 टन (टीपीडी) फोर जी इथेनॉल का उत्पादन करेगी। स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में यह एक बड़ी छलांग और प्रगति है। वेओलिया कार्बन क्लीन की नवीनतम कार्बन कैप्चर तकनीक का उपयोग करते हुए, परियोजना फ्लू गैसों से 25 टीपीडी कार्बन डाइऑक्साइड गैस कैप्चर करेगी। इससे ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में काफी कमी आएगी। इसके अतिरिक्त , 7.5 मेगावाट इलेक्ट्रोलाइज़र के माध्यम से तीन टीपीडी हरित हाइड्रोजन का भी उत्पादन किया जाएगा। इस प्रि या में संग्रहित कार्बन डाइऑक्साइड गैस और उत्पादित हाइड्रोजन गैस को लेन्ज़ाटेक इंक की उन्नत माइक्रोबियल किण्वन तकनीक का उपयोग करके संयोजित किया जाता है। इन्हें अंततः फोरजी इथेनॉल में परिवर्तित किया जाता है । परियोजना के महत्व को समझाते हुए, जैक्सन ग्रीन प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त प्रबंध निदेशक कन्नन कृष्णन ने कहा, 'इस ऐतिहासिक परियोजना के निर्माण में एनटीपीसी के साथ अपने दीर्घकालिक संबंधों को जारी रखने पर हमें बहुत गर्व है।

## विनायक सिटी के रहवासियों ने किया योग



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रायपुर के भाटागांव विनायक सिटी में महिलाओं के द्वारा योग दिवस के अवसर पर योगा कर निरोग रहने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर सभी ने कहा की योग हमारे भारत की प्राचीन संस्कृति है जिसे अपनाकर आप सदैव स्वस्थ्य और निरोगी रह सकते हैं। प्रत्येक दिन कम से कम एक घंटे योग जरूर करें। इस अवसर पर कॉलोनी के सरोज ठाकुर, सरिता चंद्राकर, प्रियंका शर्मा, स्वाति शर्मा, पूनम परिहार, रीना तुरकर, रश्मि बंजारे, श्रीति अनुप्रिया साहू, कोनिका देवांगन मौजूद रहें ।

## सदगुरु कबीर स्वयं परमात्मा ही थे, जो मानव समाज को सही राह दिखाने आए थे : महंत पोखन दास

पायनियर संवाददाता ◀ बिरकोनी/महासमुंद
www.dailypioneer.com



कबीरपंथी समाज बिरकोनी द्वारा महंत पोखन दास मानिकपुरी साहेब की अगुवाई में सद्गुरु कबीर प्राकट्य पर्व उत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। महंत साहेब के निज निवास में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः सद्गुरु कबीर साहेब के आह्वान, आरती और पत्र पुष्प अर्पण के साथ हुई।

अंचल के प्रख्यात लोक गायक शीतल दास मानिकपुरी एवं साथियों ने कबीर भजनों की सुमधुर संगीतमय प्रस्तुति से सकल हंस को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर महंत पोखन दास साहेब ने सद्गुरु कबीर साहेब के वाणी-वचनों, शब्द-साखियों का मधुर गान करते हुए संत समाज को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सद्गुरु कबीर साहेब ऐसे समय काल में आए जब समाज तमाम तरह की विसंगतियों से जूझ रहा था। एक ओर शासक वर्ग शोषक बन बैठा था, धर्मांधता का शिकार होकर लोगों का कत्लेआम कर रहा था। हिंदुओं को बलात मुस्लिम बनाया जा रहा था। हिन्दू और मुस्लिम धर्म के नाम पर लड़ रहे थे। दूसरी ओर समाज में धर्म के नाम पर पाखंड का बोलबाला था। समाज के एक बड़े वर्ग की परछाई भी अस्पृश्य थी। भेदभाव चरम पर था। समाज में कुरीतियां हावी थीं। ऐसे समय में सद्गुरु कबीर मानव समाज को मानवता की राह दिखाने आए। सत्य का ज्ञान कराने आए। यह बताने आए कि इस संसार में कैसे जीना है। सद्गुरु ने कहा, बंदे तू कर बंदगी तब पावै दीदार। बंदे तू तो बंदगी कर, यहां परमात्मा के सिवाय कुछ नहीं है। परमात्मा सकल विश्व रूप हैं। कण-कण में परमात्मा हैं, हर जीव में परमात्मा हैं। जिनका हृदय प्रेम और बंदगी भाव से भरा होता है, उन्हें कण-कण में परमात्मा दिखते हैं, हर जीव में परमात्मा दिखाई पड़ते हैं। किंतु माया के वशीभूत होकर हम दूसरे मनुष्य या जीवों में भेदभाव करते हैं। उनके भी भीतर विराजमान हैं परमात्मा, यह हम देख नहीं पाते या देखना नहीं चाहते। माया का आशय काम, क्रोध, लोभ, मोह, ईर्ष्या, द्वेष, अहंकार से है। महंत साहेब ने कहा कि कई लोग स्त्री को, बाल बच्चों को माया कह देते हैं। यह अज्ञानता है। यदि स्त्री पुरुष के लिए माया है, तो पुरुष स्त्री के लिए माया होगा। ऐसे में तो अलगाव, बिखराव होगा। वास्तव में माया तो परमात्मा की दासी है। जहां परमात्मा हैं वहां माया भी होगी। परमात्मा हमारे भीतर हैं तो माया भी हमारे भीतर है। माया बहुत शक्तिशाली है, वह ब्रम्हा, विष्णु, महेश त्रिदेवों को भी नाच नचाती है। माया के कारण ही लोगों ने अपने-अपने भगवान बना डाले। भगवान के नाम पर लड़ाई हो रही है। जबकि सबका मालिक एक है, परमात्मा एक हैं, चाहें जिस नाम से पुकारें। अज्ञानता को मिटाकर ज्ञान का प्रकाश फैलाने के लिए स्वयं परमात्मा ही सद्गुरु के रूप में आते हैं। सद्गुरु कबीर स्वयं परमात्मा ही थे, जो मानव समाज को सत्य का बोध कराने और जीने की सही राह दिखाने के लिए आए थे। सद्गुरु कबीर साहेब की आरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में बिरकोनी और आसपास के कबीरपंथी परिवारजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## NEET का पेपर हुआ है लीक एजुकेशन सिस्टम पर बीजेपी का कब्जा : डॉ रश्मि चंद्राकर

पायनियर संवाददाता ◀ महासमुंद
www.dailypioneer.com



कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि NEET का पेपर लीक हुआ है. एजुकेशन सिस्टम पर बीजेपी का कब्जा है. मेहनती छात्रों के साथ धोखा हुआ है. दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए. देश की युवाओं के साथ खिलवाड़ हो रहा है.पीएम मोदी इस लीक को रोक नहीं पाए. एक परीक्षा में गड़बड़ियों के बाद आप रद्द कर चुके हैं, पता नहीं दूसरे को रद्द किया जाएगा या नहीं. लेकिन कोई न कोई तो इसके लिए जिम्मेदार है और इसके लिए किनी न किसी को तो पकड़ा जाना चाहिए। NEET एग्जाम के बाद अब NET परीक्षा में भी धांधली की खबर सामने आ गई है. परीक्षा होने के एक दिन बार NET की परीक्षा को रद्द करने का फैसला लिया गया है। नुकसान छात्रों का हो रहा है. मध्य प्रदेश में व्यापम हुआ और व्यापम को नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार पूरे देश में फैला रही है। छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है. पेपर लीक का कारण है कि सारे वाइस चांसलर एजुकेशन सिस्टम को भाजपा के लोगों ने और उनके पेरेंट्स आर्गेनाइजेशन ने कैप्चर कर रखा है. उनके खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए. डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि, शिक्षा व्यवस्था का डिमॉनेटाइजेशन हो गया है.केंद्र की मोदी सरकार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इसको लेकर छात्र लगातार आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन इनकी सुनवाई नहीं की जा रही है।

## वृद्ध आश्रम में फल व कपड़े वितरण कर कथावाचक भूमिका ने मनाया जन्मदिन



पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

रूद्री स्थित वृद्ध आश्रम में कुमारी भूमिका साहू कथा वाचक ने पूजा अर्चन व भजन के माध्यम से अपना जन्मदिन मनाया। भागवत, गीता, शिव महापुराण, रामायण एवं भजन मंडली के माध्यम से भूमिका धमतरी जिला व पूरे परिवार समाज के नाम को गौरवान्वित कर रही है। धमतरी जिला अध्यक्ष अवनेंद्र साहू ने कहा की भूमिका कम उम्र में ही इस मुकाम पर अपने कठिन परिश्रम से पहुंची है। साधारण परिवार व अभाव में रहकर भगवान के गुणों का बखान कर एक अच्छा संस्कार दे रही हैं। अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष गणेश प्रसाद साहू व न्याय प्रकोष्ठ के गजानन साहू ने भी भूमिका के कार्यों की प्रशंसा की एवं उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा बड़े बुजुर्ग आश्रम वासियों को उनके द्वारा केला, संतरा, मिठाई टाफेल, साड़ी व अंग वस्त्र प्रदान किया गया एवं सभी ने उज्जवल भविष्य के लिए शुभ आशीष प्रदान किया। इस अवसर पर परिवारजन व गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे व उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

## प्राथमिक शाला कांटाढीह में योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर धरसींवा विकासखंड स्थित शासकीय प्राथमिक शाला कांटाढीह में योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों, पालकों स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों, पंचायत प्रतिनिधियों सहित अन्य ग्रामीणों ने उत्साह के साथ भाग लिया। ग्राम पंचायत के पंच पुरुषोत्तम यादव एवं शिक्षक रमाकांत यादव ने इस अवसर पर योग का महत्व बताते हुए योग के सरल आसनों का अभ्यास कराया। प्रधान पाठक मीरा श्रीवास ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कांटाढीह के सचिव मणीलाल परमार समेत लीलेश्वर साहू, कुपाल धनकर बुधा यादव, गुलापा साहू, तिलक दास मानिकपुरी भी शामिल हुए। शिक्षिका हेमलता दलाल, फौजिया अली एवं डी.एस. पटेल ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग किया।

## जीवन जीने की कला सिखाती है संत कबीर दास जी की वाणी : विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

वार्ड क्रमांक 06 कबीर नगर स्थित संत कबीर मंदिर में आयोजित सतगुरु कबीर दास जी जयंती कार्यक्रम एवं जन्मोत्सव के अवसर नगर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा में विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल शामिल होकर समस्त क्षेत्रवासियों को संत कबीर दास जी की जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित किये और सतगुरु कबीर साहब जी का आशीर्वाद प्राप्त किये। विधायक ने कहा कि संत कबीर दास जी की वाणी जीवन जीने की कला सिखाती है, कबीर दास जी मध्यकालीन भारत के सामाजिक, धार्मिक और आध्यात्मिक जीवन में अमूल्य योगदान दिया। इन्होंने अपने दोहों, विचारों और जीवनवृत्त से तत्कालीन सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक और आध्यात्मिक क्षेत्र में क्रांति का सूत्रपात किया था। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि अभिमन्यु जायसवाल, पार्षद गौतम धृतलहरें, तनवीर सईद ख्वाजा, कामेश बंजारा, शरण दास, प्रदीप दास राजन, जावादास सहित बड़ी संख्या में सामाजिक लोग मौजूद थे।

## फुलकुंवर ठाकुर के निधन पर दी गई श्रद्धाजंलि

**सरायपाली।** अनुभागीय अधिकारी पुलिस एवं एआईजी प्रशासन पुलिस मुख्यालय रायपुर छ. ग. में पदस्थ रहे। आईपीएस अधिकारी गोवर्धन राम ठाकुर की माता फुलकुंवर ठाकुर (ओट्टी) का निधन हो गया है। उनके तीन पुत्र एवं तीन पुत्रियां हैं। गोविंद ,मीना, रामगोपाल, सरयू, गोवर्धन, सुमित, कमल, विद्या, मीनाक्षी, दयावती,जानकी, उषा पुत्री थे। उनके निधन पर कांकेर, भेसमुंडी (गागरू), सरायपाली, रायपुर आदिवासी समाज एवं यादव समाज के सामाजिक जनों,अधिकारी ,कर्मचारियों एवं इष्ट मित्रों ने श्रद्धाजंलि देकर शोक व्यक्त किया है। फुलकुंवर ठाकुर की अंत्येष्टि गृहग्राम भेसमुंडी(गागरू) जिला कांकेर में किया गया।

## जिले में निर्मित अमृत सरोवरों के समीप ग्रामीणों ने किया योगाभ्यास

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



स्वास्थ्य कल्याण और प्रकृति के साथ सद्भाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले में निर्मित अमृत सरोवर स्थल जिसमें धमतरी विकासखंड के ग्राम बागतराई, भोथली, भोयना, बोदाछापर, बोड़रा, कण्डेल, खरतुली, कोटगांव, किसनपुर, कसही, कुर्रा, लिमतरा, मड़ईभाठा, माटेगहन, मोंगरागहन, परेवाडीह, पोटियाडीह, संबलपुर, सेहराडबरी, तरसींवा, कुरूद विकासखंड के ग्राम पंचायत अटंग, भैंसबोड़, भैंसमुंडी, भरदा, बिरेझर, चर्रा, चटौद, चिरपोटी, धूमा, गातापार, गुदगुदा, हंचलपुर, करगा, कातलबोड़, खपरी, मरौद, फुसेरा, सकरी, सौराबांधा, सिर्री, टिपानी, नवागांव (उ), मगरलोड विकासखंड के ग्राम बोड़रा, जामली, कसरवाही, खड़मा माल, खिसोरा, लुगे, मारागांव, मेघा, मोंहदी, नारधा, पालवाड़ी, परेवाडीह, परसट्ठी, राजपुर, राकाडीह, अंजोरा, सांकरा, सिंगपुर, सोनारीदैहान, शुक्लाभाठा, नगरी विकासखंड के ग्राम बगरूमनाला, बरबांधा, बेलरबाहरा, चमेदा, देवगांव, घोटगांव, हरदीभाठा, जरहाखार, गजकन्हार, हीरापुर, गुहाननाला, गोंदलानाला, खम्हरिया, कोरमुड़, कुम्हड़ा, लखनपुरी, मोदे, मोहलई, नवागांव, सरइटोला, तुमड़ीबहार, उमरगांव नवीन अमृत सरोवर धमतरी विकासखंड के ग्राम दर्री, कुरूद विकासखंड के ग्राम दरबा, लोहारपथरा, इर्रा, राखी, बंगोली, चोरभट्ठी, बगदेही, नगरी विकासखंड के ग्राम अमाली, कोलियारी, आमदी में स्थानीय समुदाय, आमजन, सरकारी अधिकारी-कर्मचारी एवं महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत श्रमिक ग्रीन आर्मी की महिलाएं, स्वसहायता समूह की महिलाओं ने योग सत्र के माध्यम से योगाभ्यास किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि-योग एक प्राचीन परंपरा है जो अब वैश्विक संस्कृति का हिस्सा बन चुकी है। योग के माध्यम से ग्रामीणजन एवं मनरेगा श्रमिकों को जोड़कर सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा दे रहे हैं। चूंकि योग एक स्वस्थ और संतुलित जीवन शैली को प्रोत्साहित करता है। ध्यान व योग मानसिक शांति देता है जिससे साकारात्मक विचार आते हैं और लोग स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने के लिए प्रोत्साहित होते हैं।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, दल्लीराजहरा जिला बालोद (छ.ग.)**

-: उद्घोषणा :-

क्रमांक/183/ प्र./अति.तह. / 2024
दल्लीराजहरा, दिनांक 20/6/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता हैं कि कार्यालय कलेक्टर जिला बालोद (छ.ग.) का ज्ञापन क्रमांक 244/प्र.कले. /2024 बालोद, दिनांक 06/06/2024 अनुसार आवेदक 1. श्री प्रकाश चंद आ. चम्पालाल जाति जैन 2. नितिन भाई आ. धीरज जाति गुजराती दोनों निवासी दल्लीराजहरा तहसील डौण्डी जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा ग्राम खम्हारटोला पहनं. 09 तहसील डौण्डी जिला बालोद स्थित भूमिस्वामी हक की परिवर्तित भूमि ख.नं. 9/9 रकबा 1.38 हे. में से 28 ङ्ग 65 = 1820 वर्ग फुट को व्यवसाय के लिए रूपयों आवश्यकता होने के कारण गैर आदिवासी क्रेता मुजिबुरहमान पिता एन.बी. शाह जाति मुस्लिम निवासी वार्ड क्र. 09 दल्लीराजहरा तहसील डौंडी जिला बालोद (छ.ग.) के पास विक्रय की अनुमति हेतु आवेदन पेश किया गया है जो कि जांच प्रतिवेदनार्थ हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा / आपत्ति हो तो वह अपना लिखित आपत्ति दिनांक 08/07/2024 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने मान्य अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक //20/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ उद्घोषणा जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
दल्लीराजहरा

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, दल्लीराजहरा जिला बालोद (छ.ग.)**

-: उद्घोषणा :-

क्रमांक/181/ प्र./अति.तह. / 2024
दल्लीराजहरा, दिनांक 20/6/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता हैं कि कार्यालय कलेक्टर जिला बालोद (छ.ग.) का ज्ञापन क्रमांक 243/प्र.कले. / 2024 बालोद, दिनांक 06/06/2024 अनुसार आवेदक 1. श्री प्रकाश चंद आ. चम्पालाल जाति जैन 2. नितिन भाई आ. धीरज जाति गुजराती दोनों निवासी दल्लीराजहरा तहसील डौण्डी जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा ग्राम खम्हारटोला पहनं. 09 तहसील डौण्डी जिला बालोद स्थित भूमिस्वामी हक की परिवर्तित भूमि ख.नं. 9/9 रकबा 1.38 हे. में से 28 ङ्ग 65 =1820 वर्गफुट को व्यवसाय के लिए रूपयों आवश्यकता होने के कारण गैर आदिवासी क्रेता श्रीमती ज्योति देवांगन पति श्री हेमलाल देवांगन जाति कोष्टा निवासी वार्ड क. 09 दल्लीराजहरा तहसील डौण्डी जिला बालोद (छ.ग.) के पास विक्रय की अनुमति हेतु आवेदन पेश किया गया है, जो कि जांच प्रतिवेदनार्थ हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा / आपत्ति हो तो

वह अपना लिखित आपत्ति दिनांक 8-7-2024 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने मान्य अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 20/6/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ उद्घोषणा जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
दल्लीराजहरा

# हाइवे निर्माण में लापरवाही ने ले ली आदिवासी नौजवान की जान

## बाइक समेत निर्माणाधीन पुल के गड्ढे में जा गिरा युवक, बिना संकेतक व सुरक्षा व्यवस्था के निर्माण, मलबे भी यत्र-तत्र पड़े निर्माण एजेंसी की घोर लापरवाही, तमाशबीन प्रशासन

■ दो दिन में दो बड़े सड़क हादसे, स्टेट हाइवे भी सुरक्षित नहीं

पायनियर संवाददाता मोहला-मानपुर
www.dailypioneer.com

जिले के मानपुर वनांचल का एक 25 वर्षीय आदिवासी युवक ने दर्दनाक सड़क हादसे मे अपनी जान गंवा दी। मृतक की शिनाख्त बस्तर सीमावर्ती ग्राम देवकोंडे निवासी उमेश सोरी के रूप में हुई है। 22 जून को तेज बारिश के बीच सुबह बाइक समेत उक्त युवक को राहगीरों व ग्रामीणों द्वारा मानपुर ब्लॉक मुख्यालय से करीब 6 किमी दूर कोरकोटीगांव में नेशनल हाइवे पर निमार्णाधीन पुल के गड्ढे में पड़ा देखा गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची मानपुर पुलिस ने शव को उठवाकर परिजनों की मौजूदगी में मानपुर में पोस्टमार्टम कराया तथा शव परिजनों को सौंप दिया।

मानपुर थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर रवि शंकर डहरिया ने घटना की पुष्टि की है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मानपुर थाना क्षेत्र के देवकोंडे निवासी युवक उमेश सोरी अपने बाइक (सीजी 08 एस 8853) में अकेले सवार होकर औंधी इलाके मे स्थित हालेपायली गाँव जा रहा था। बीच राह वह दुर्घटना का शिकार हो गया। और उसकी दर्दनाक मौत हो गई। तेज बारिश के बीच उक्त युवक का शव घंटों घटना स्थल में पड़ा रहा।

**पुल की दीवार से टकरा गया युवक, डायवर्सनमें संकेतक नहीं** - दरअसल महाराष्ट्र को जोड़ने वाले नेशनल हाईवे 930 में इन दिनों सड़क व पुल निर्माण कार्य चल रहा है। इसी कड़ी में कोरकोटीगांव स्थित नदी में पुल निर्माण हेतु गड्ढा खोदा गया है। गड्ढे में सीमेंट की दीवारें बनाई गई हैं। उमेश सोरी उक्त निमार्णाधीन पुल के गड्ढे में बाइक समेत जा गिरा तथा बाइक समेत पुल के लिए बनाए गए सीमेंट की दीवार से इस कदर टकराया कि मौके पर ही लहूलुहान होकर उसने दम तोड़ दिया। घटना किस समय घटित हुई ये स्पष्ट नहीं हो सका है। हालांकि कयास ये जरूर लगाया जा रहा है कि 21 व 22 जून की देर रात अथवा 22 जून की



तड़के सुबह उक्त घटना घटित हुई होगी। वह गांव से कब निकला ये मृतक के परिजन भी स्पष्ट नही बता पा रहे हैं। 22 जून की सुबह मृतक का शव बाइक के साथ पुल के गड्ढे में दीवार से टकराई स्थिति मे देखा गया। बहरहालमानपुर पुलिस थाने मेमर्ग कायम कर घटना की तफ्तीश में जुट गई है।

### हाइवे निर्माण एजेंसी की मनमानी, दलदल भरा डायवर्सन, आखिर कैसे हो अवागमन

बता दें कि जिस निमार्णाधीन पुल के गड्ढे मे उक्त युवक जा गिरा उक्त निर्माण स्थल में न तो कोई संकेतक लगाए गए हैं और न ही कोई सुरक्षात्मक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। आम तौर पर तेज बहाव व भारी भरकम पानी से लबरैज रहने वाली नदी में पुराने पुल को तोड़ कर नए पुल के लिए दीवारें बनाई जा रही है। बगल मे खाना पूर्ति का कच्चा डायवर्सन मार्ग बनाया गया है। जो आम तौर पर कीचड़ व धूल से लथपथ रहता है। इस संभावना से इंकार कतई नही किया जा सकता संकेतक व सुरक्षात्मक व्यवस्था न होने से बाइक सवार उक्त युवक कीचड़ व मलबों के चलते डाईवरसन मार्ग में नही मुड़ पाया और सीधे पुल निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे मे गिरकर तथा सीमेंट दीवार से टकराकर अपनी जान गंवा बैठा।

### ट्रक से ठुक गई कार, यहां भी लापरवाही

ठीक एक दिन पहले मानपुर-राजनांदगांव स्टेट हाईवे में फड़की गाँव में ट्रक व कार की भिडंत हो गई। हालांकि उक्त घटना में कार सवार युवक बाल बाल बच गया। लेकिन इस घटना में भी बड़ी लापरवाही व प्रसासनिक अनदेखी सामने आई। दरअसल जिस जगह ये घटना हुई वहां एक निजी ट्रैक्टर शो रूम है। शो रूम के पास सड़क के दोनों ओर चार पहिया वाहनों का जमावड़ा रहता है। जिससे स्टेट हाइवे में इस जगह सड़क में जगह कंजेस्टेड होने के चलते दुर्घटना की हर पल आशंका बनी रहती है। कार व ट्रक की भिडंत होने के चंद सेकेंड पहले कार उक्त शो रूम के पास दोनों ओर कई वाहनों के जमावड़े के बीच से गुजरी और अगले ही पल सामने ट्रक से कार टकरा गई। यहां भी इस संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता की दोनों ओर वाहनों के जमावड़ा होने से कार सवार ट्रक मे ठुकने से पूर्व कार को सड़क से परे नहीं कर पाया और ट्रक ने उक्त कार को अपनी चपेट मे ले लिया। अक्सर यहां से ब्लॉक व जिले के जिम्मेदार अफसर तथा पुलिस वाले आवाजाही करते हैं। लेकिन किसी ने शो रूम के सामने युं बेतरतीब सड़क किनारे वाहनों को खड़ा करने वाले पर कार्यवाही करने व व्यवस्था दुरुस्त कर दुर्घटना रोकने की जहमत नहीं उठाई। आखिरकार यहाँ ट्रक कार भिडंत की बड़ी घटना हो गई। स्टेट हाइवे किनारे ढाबा भी संचालित है। यहाँ भी भारी वाहनों का सड़क किनारे रोजाना जमावड़ा दुर्घटनाजन्य बना हुआ है।

### प्रसासन की अनदेखी व कार्यवाही के अभाव से लापरवाहों के हौसले बुलंद

नेशनल हाईवे में हाइवे निर्माण एजेंसी की लापरवाहियों से लोगों की जान जा रही है। पूर्व मे भी एनएच में सड़क निर्माण में बरती जा रही लापरवाही से राहगीरों की जानें गई है। बेतरतीब सड़क निर्माण हो रहा है। वहीं स्टेट हाईवे में सड़क किनारे वाहनों का जमावड़ा दुर्घटनाओं को हर पल आमंत्रित कर रहा है। नेशनल हाइवे व स्टेट हाइवे दोनों में रात दिन अंतर्राज्यीय भारी वाहनों की आवाजाही रहती है। प्रशासनिक अफसर सब कुछ जान कर भी कार्यवाही न कर तमाशबीन बने हुए हैं। प्रसासन की ये अनदेखी व ढील ढाल रवैया लापरवाहों के हौसलें बुलंद कर रहा है। वहीं लापरवाहियों की वजह से लोग सड़क दुर्घटना का शिकार बन जान तक गवां रहे हैं।

### आज स्टेट फामेसी काउंसिल की कार्यशाला नांदगांव में

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ स्टेट फामेसी काउंसिल के द्वारा राजनांदगांव जिले के फार्मासिस्टों के ज्ञान उन्नयन के लिए राजनांदगांव में एकदिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन होने जा रहा है। कार्यशाला 23 जून रविवार को सुबह 10:00 बजे से संस्कार सिटीकॉलेज ऑफ फामेसी में आयोजित की जा रही है। कार्यशाला की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ फार्मेसी काउंसिल के अध्यक्ष अरूण कुमार मिश्रा द्वारा की जाएगी। कार्यशाला में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ फामेसी काउंसिल के उपाध्यक्ष राहुल तिवारी, रजिस्ट्रार अश्वनी गुर्देकर, एग्जीक्यूटिव कमेटी के सदस्य विजय पारख, निकेश देवांगन, डॉ. चंचलदीप कौर, पीसीआई प्रतिनिधि डॉ आनंद महलवार, सदस्य गण बसंत कौशिक (उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन), परमानंद पटेल, हितानंद अग्रवाल, भगत शर्मा, संदीप बजाज, डॉ राकेश गुप्ता, हाशिम खान, डॉ विनोद वर्मा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में फार्मासिस्टों के ज्ञान उन्नयन के लिए वक्ता के रूप में अविनाश अग्रवाल महासचिव छत्तीसगढ़ केमिस्ट एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन, संजय सिंह झाडेकर, डॉ अमित रॉयप्रिंसिपल एवं प्रोफेसर सीएसआईटी दुर्ग रहेंगे। ये अलग- अलग विषयों पर व्याख्यान देंगे। कार्यशाला में भाग लेने वाले सभी फार्मासिस्टों को प्रमाण पत्र दिया जावेगा।

# मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ जाने वाले मार्ग में चार प्रतीक्षालय का किया जाएगा निर्माण

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

सांसद संतोष पाण्डेय की उपस्थिति एवं कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में शासी परिषद की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) अंतर्गत शासी परिषद की वार्षिक कार्ययोजना पर चर्चा की गई। सांसद एवं शासी परिषद के सदस्य संतोष पाण्डेय ने कहा कि डीएमएफ अंतर्गत जिले में लोक हित से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों के संबंध में कार्य किया जाएगा। उन्होंने इसके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर एवं शासी परिषद के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बताया कि जनहित से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों के लिए डीएमएफ अंतर्गत पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, जल संरक्षण, कृषि, कौशल विकास, वृद्ध एवं दिव्यांगजन के कल्याण तथा अन्य विभिन्न मुद्दों पर विकास के लिए कार्य योजना बनाई गई है। जिस पर प्राथमिकता देते हुए कार्य किया जाना है। खनन प्रभावित प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष ग्रामों के लिए कार्य योजना बनाई गई। कलेक्टर ने कहा कि मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ जाने वाले मार्ग में चार प्रतीक्षालय का निर्माण किया जाएगा। सांकरदाहरा एवं भंवरमरा को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एजुकेशनलहब, लाईब्रेरी, कैरियर काउंसलिंग हेतु निःशुल्क कोचिंग एवं अन्य सुविधाएं तथा अमृत सरोवर का सौंदर्यीकरण एवं रोबोटिक्स एवं आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस प्रशिक्षण सुविधा, पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव में वेटिंगहॉल, नदी के तट पर ऑक्सीजोन, जिले के 28 स्थानों में व्यावसायिक कौशल प्रशिक्षण का निर्माण किया जाएगा। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि जिले में लगातार 42 हजार बोरवेल एवं पंप चलाने के कारण भू-जल का 85 प्रतिशत पानी का दोहन कर लिया गया है। जिसके कारण भू-जल का स्तर 18 मीटर नीचे चला गया है। राजनांदगांव, डोंगरगांव एवं डोंगरगढ़ विकासखंड क्रिटिकल जोन में हैं। इसके लिए जनसहभागिता से जल संरक्षण के लिए मिशन जल रक्षा चलाया जा रहा है। इसके साथ ही जिले में पौधरोपण को बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इसके लिए फसल चक्र परिवर्तन, कम पानी की आवश्यकता वाले फसलों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। सेंट्रल वाटर बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार स्थितियों को देखते हुए जल संरक्षण के लिए व्यापक स्तर पर जल संरक्षण करने के लिए वाटर स्ट्रक्चर बनाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिले में पौधरोपण के लिए 50 हजार गड्ढे कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि सड़क किनारे, तालाब के किनारे पौधरोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले के गंभीर कुपोषित लगभग 1400 बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों में पौष्टिक आहार प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही अभिभावकों को बच्चों को पौष्टिक आहार देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसमें जनप्रतिनिधियों का सहयोग अपेक्षित है। पोट्ठलईका अभियान के तहत वजन त्यौहार, स्वास्थ्य जांच एवं अभिभावकों में व्यवहार परिवर्तन के बारे में जानकारी दी जा रही है। जिला पंचायत सीईओ एवं शासी परिषद के सदस्य सचिव सुरूचि सिंह ने बताया कि भारत में जनसंख्या के अनुरूप में स्त्रोत की कमी होने से जल की कमी भी हो रही है। जिस गति से भू-जल का दोहन कर रहे हैं, उस गति से जल संरक्षण की भी जरूरत है। उन्होंने कहा कि जिले में अच्छी बारिश होती है। शासन के कैच द रेन अवधारणा अंतर्गत बारिश के पानी का संरक्षण करने की आवश्यकता है। जिले में जल संरक्षण की दिशा में मिनी पर कोलेशन टैंक, विभिन्न डबरी निर्माण, चेक डेम जैसे वाटर रिचार्ज स्ट्रक्चर बनाए गए हैं। उन्होंने प्रजेंटेशन के माध्यम से अमृत सरोवर, कला केन्द्र की स्थापना, लखपति दीदी योजना एवं महिला स्वसहायता समूह की आजीविका संवर्धन की गतिविधि, पौधरोपण, प्लकटाईपसिडलिंक यूनिट पेण्ड्री, एफपीओ, व्यावसायिक परिसर निर्माण, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, आहाता निर्माण एवं विभिन्न निर्माण कार्यों के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर विधायक खुज्जी भोलाराम साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, अपर कलेक्टर सीएलमारकण्डेय, अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, डिप्टी कलेक्टर अमीय श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### बेलरगोंदी में पांच दिवसीय योग शिविर का समापन



**छुरिया।** विश्व योग दिवस के अवसर पर 17से 21 जून तक पांच दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अनुभवी योग प्रशिक्षक द्वारा योग कराया गया। सरपंच रामशिला सोनबोईर, जनपद सदस्य प्रतिमा सोनबोईर, गांव के नागरिक आलोक मिश्रा, विष्णुदास साहू, गिरधर वर्मा, सुनील गुप्ता,प्रभात साहू,चतुर राम साहू, वीरेंद्र सोनी, गोपी सोनी, खिलावन निषाद,छगन लाल पोर्ते (सचिव), पुरुषोत्तम लाल मोटघरे(प्राचार्य), महेंद्र साहू, पुराणिक राम देवांगन, स्कूल स्टॉफ, डॉ अनिरुद्ध पटेल (शिविर प्रभारी) छगन राम वर्मा ( योग प्रशिक्षक)आदि इसमें शामिल हुए। योग शिविर में 225 लोग योग से लाभान्वित हुए।

# सांईनांदगांव की बालिकाओं की एकतरफा जीत, कबीरधाम को 12-0 गोल से किया पराजित

■ 5वीं राज्य स्तरीय हॉकी स्पर्धा शुरू

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ हॉकी व जिला हॉकी संघ के तत्वधान में आयोजित की जा रही 5वीं छत्तीसगढ़ हॉकी राज्यस्तरीय सबजूनियर बालक बालिका हॉकी स्पर्धा में शुक्रवार को बालिका वर्ग में जांजगीर चांपा ने कोरबा को हॉकी धमतरी ने हॉकी बालोद को, साई राजनांदगांव ने कबीरधाम को पराजित करते हुए अपना विजय अभियान प्रारंभ किया।वहीं हॉकी बेमेतरा को टीम जगदलपुर के ना आने पर वाकओवर मिला।

स्पर्धा का रंगारंग शुभारंभ जिला सहकारी केंद्रीय मार्यादित बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल के मुख्य आतिथ्य तथा जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल अध्यक्षता एवं कुतुबुद्दिन सोलंकी वरिष्ठ हाकीखिलाडी, अनिशा साहू अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुई। छत्तीसगढ़ हॉकी अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने उपस्थित आतिथियों का स्वगत करते हुए कहा की हॉकी इंडिया के निदेर्शानुसारग्रासरूट हॉकी को आगे बढ़ाने के उद्धेश्य से राज्यस्तरीय हॉकी टूनार्मेंट आयोजित की जा रही है जिसमें बहुत से ऐसे जिले है जिन्हें राष्ट्रीय स्तर पर खेल का प्रदर्शन दिखाने का मौका नहीं मिल पाता है उन्हें ऐसे आयोजनों से खेलने का मौका मिल रहा हैं। कार्यक्रम का संचालन अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे द्वारा किया गया। इस अवसर पर नीलम जैन, जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायणधकेता, भूषण सॉव, अनुराज श्रीवास्तव,दुर्ग जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष अंसारअहमद,तुलसी सिन्हा,सुनिल यादव एवं शिवा चौबे सहित आयोजन समिति के सचिव विरेन्द्र सिंह भाटिया एवं अन्य वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी व सदस्य उपस्थित रहे। स्पर्धा के तहत 21 जून को प्रातःकाल बालिका वर्ग का मैच खेला गया जिसमें पहले मैच में हॉकी हॉकी जांजगीर चांपा ने हॉकी हॉकी कोरबा को 2-1 गोल से पराजित किया। दूसरे रोमांचक मैच में धमतरी हॉकी की बालिकाओं ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए हॉकी बलोद को शुटआउट में 3-0 गोल से पराजित किया। तीसरे मैच में सांई राजनांदगांव ने एकतरफा मुकाबले में हॉकी कबीरधाम को 12-0 गोलों से पराजित किया।

दोपहर में बालक वर्ग के खेले गए मैचों में हॉकी कोरबा ने हॉकी कबीरधामको 4-2 गोल से असानी से हरा दिया। दूसरे खेले गए मैच में स्पोटर्स हॉकी अकादमी रायपुर ने एकतरफा मुकाबले में 7-0 गोल से आसान सी जीत हासिल की। तीसरे मैच में हॉकी धमतरी ने सडनडैथमें 2-1 गोल से जीत दर्ज कर ली। चौथे मैच में हॉकी बेमेतरा ने कोरिया हॉकी को आसान मैच में 5-0 गोल से पराजित किया।

# शिक्षा व परीक्षा की विश्वसनीयता भाजपा सरकार में कलंकित : शाहिद भाई

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद भाई ने केंद्र सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आज देश की संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता लगभग समाप्ति की ओर है। वहीं शिक्षा और परीक्षा की दुर्गति से देश के युवाओं का भविष्य खतरे में है। क्योंकि चिकित्सकीय शिक्षा की अति विश्वसनीय नीट परीक्षा में जिस प्रकार से धांधली की बातें प्रमाणित हो रही है वह केंद्र सरकार की निरंकुशता के कारण ही है। पेपर लीक सहित इस मामले भाजपा शासित राज्य ही शामिल हैं। प्रदेश महामंत्री शाहिद भाई ने कहा कि डॉक्टर बनने के सपने को पूरा करने अथक प्रतिभाशाली परिश्रमी 23 लाख से अधिक बच्चों ने नीट के एग्जाम में शामिल हुए 9 फरवरी से 9 मार्च लिए



पंजीयन साइट खोल गया और 9 मार्च के पश्चात एक सप्ताह के लिए इसे बढ़ाया गया। उसके बाद 9 अप्रैल को फिर से रजिस्ट्रेशनसाइट खोलने एवं 11 से 15 अप्रैल तक साइड को करेक्शन के लिए ओपन करना ही अपने आप में परीक्षा को धांधली की ओर अग्रसर करने का कार्य रहा है। परीक्षा सम्पन्न के बाद से ही पेपर लीक के विभिन्न मामले सामने आ गए थे। गुजरात में भाजपा नेता की संकल्पितता भी उजागर हुई थी और उसके पश्चात जिस प्रकार से एनटीए ने 16 से 17 वर्ष के बच्चों की भविष्य के साथ जो खिलवाड़ किया उसकी मार पूरे परिवार पर भी पड़ा। उन्होंने कहा कि, सही जवाब के चार अंक और गलत जवाब में एक माइंस अंक के नियम से आयोजित इस परीक्षा में 67 बच्चों को ग्रेसमार्क दिया गया जिसमें 44 बच्चों को गलत उत्तर के लिए और 6 बच्चों को समय के कारण यह अंक दिए गए। जिससे 75 प्रतिशत टॉपर तो ग्रेस अंक से ही टॉपर बन गए। सबसे गम्भीर स्थिति यह रही कि वर्ष 2018 के एनसीईआरटी के बुक में छपे गलत उत्तर का हवाला देते हुए इन बच्चों को ग्रेसमार्क देने का घिनौना खेल एनटीए ने किया। जबकि 2018 में छपे बुक में गलत उत्तर को वर्ष 2019 में ही सही कर दिया गया था। अतः इस पर ग्रेस अंक देना ही गलत है। और तो और परीक्षा के पश्चात आंसर शीट भी एनटीए ने जारी किया और जिन छात्रों ने परीक्षा में जो आंसर लिखे थे और एनटीए द्वारा जारी आंसर शीट से मिलान करने पर भी अंको का फर्जीवाड़ा उजागर हुआ।

### शिवपुराणआयोजन में पाकेटमार गिरोह के 4 सदस्य गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में कथावाचक प्रदीप मिश्रा का शिव महापुराण कथा जारी है। कथा सुनने लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कथा पंडाल के आसपास पाकेटमार गिरोह के एक पुरूष व 3 महिला समेत 4 आरोपियों को पुलिस ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने चारों आरोपियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। वहीं पुलिस विभाग द्वारा निर्धारित वाहन पार्किंग स्थल पर वाहन खड़ी न कर कथा पंडाल के आसपास वाहन खड़ी करने वाले 30 वाहन चालकों के विरूद्ध एमव्हीएक्ट की कार्रवाई की। मिली जानकारी के अनुसार केसीजी जिले के एसपी त्रिलोक बंसल, एएसपी नेहा पांडेय के निर्देशन में थाना प्रभारी गंडई निरीक्षक भीमसेन यादव एवं सायबर सेल प्रभारी सउनिटैलेश सिंह के नेतृत्व में थाना स्टॉफ द्वारा थाना क्षेत्र में अपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

## चंद्राकर के कार्यकाल से क्षुब्ध थे, कई बार विवादों में रहीं

# संगीत विवि की कुलपति मोक्षदा चंद्राकर हटाई गईं, नगरवासियों ने पटाखे फोड़े

पायनियर संवाददाता खैरागढ़/राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

खैरागढ़ की इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय की कुलपति ममता (मोक्षदा) चंद्राकर को राज्यपाल के आदेश पर पद से हटा दिया। चंद्राकर को कुलाधिपति विश्वभूषण हरिचंदन ने उन्हें हटाने आदेश जारी कर दुर्ग आयुक्त सत्यानारायण राठौर को विश्वविद्यालय का प्रभार सौंपा है। राठौर ने आदेश के फौरन बाद खैरागढ़ पहुंचकर प्रभार भी ग्रहण कर लिया।

राजभवन ने शुक्रवार दोपहर को इस आशय के आदेश जारी किए। इस आदेश के सामने आते ही खैरागढ़ नगरवासियों ने पटाखे फोड़कर इसकी खुशियां मनाई। ऐसा पहली बार हुआ है कि विश्वविद्यालयके किसी कुलपति को लेकर यूनिवर्सिटी के बाहर इतनी नाराजगी रही हो। अपने कार्यकाल के दौरान चंद्राकर कई बार विवादों में रहीं। इसमें संगीत विवि का रायपुर में कैंपस खोले जाने का निर्णय सबसे ज्यादा विवादास्पद रहा। इसे लेकर खैरागढ़ में काफी विरोध और प्रदर्शन हुए थे। इसके अलावा भी कई मामलों में ऐसी स्थिति बनी थी। चंद्राकर की नियुक्ति पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने की थी। इन विवादों के बीच सेवानिवृत्त शिक्षक बीआर



यादव ने चंद्राकर की नियुक्ति को नियम से परे बताते हुए विरोध किया था। बताया जा रहा है कि सेवानिवृत्त शिक्षक ने पिछले दिनों राज्यपाल से भेंटकर चंद्राकर के कथित भ्रष्टाचार को लेकर विस्तृत जानकारी दी थी। साथ ही खैरागढ़ विश्वविद्यालय के संस्थापक परिवार के सदस्यों ने राजभवन में पहुंचकर मौजूदा हालात से कुलाधिपति को अवगत कराया। जानकारी के अनुसार राज्यपाल के सचिव यशवंत कुमार से भेंट कर विश्वविद्यालय संस्थापक के परिवार के सदस्यों में भवानी बहादुर, सताक्षी सिंह, उज्जवला सिंह, आर्यव्रत सिंह समेत अन्य लोगों ने राजभवन को कुलपति की कार्यप्रणाली को लेकर बिंदुवार जानकारी दीथी। बताया जा रहा है कि रिटायर्ड शिक्षक बीआर यादव ने विश्वविद्यालय में चंद्राकर की मनमानी के खिलाफ अनशन भी किया था। इस बीच पद से हटाए जाने के बाद चंद्राकर के कार्यकाल में विश्वविद्यालय में हुए कार्यों की जांच की मांग की जा रही है।

बताया जा रहा है कि कुलपति की हैसियत से विश्वविद्यालय के साजो सजावट में फिजूलखर्ची करने, खैरागढ़ महोत्सव में भ्रष्टाचार और परीक्षा फंड से महोत्सव का कार्यक्रम करने के अलावा अन्य आर्थिक मामलों की जांच हो सकती है। ज्ञात हो कि चंद्राकर के कार्यकाल में संगीत विवि नेक ग्रेडिंग में ए से सी ग्रेड में आ गया था। विश्वविद्यालय की साख इस दौरान काफी नीचे गिर गई।

### खैरागढ़नगर में जश्न मना

विश्वविद्यालय के कुलपति पद से हटाए जाने के प्रशासनिक फै सले की खबर सुनकर खैरागढ़ में चंद्राकर की विदाई का जश्न मनाया गया।शहर में निर्णय पर खुशी जाहिर करते पटाखों की गूंज सुनाई दी। वहीं विश्वविद्यालय के कर्मचारियों ने भी धमाल के साथ आतिशबाजी की। चंद्राकर के खिलाफ खैरागढ़ शहर की जनता के अलावा कर्मचारियों में भी गुस्सा था। चर्चा है कि कुलपति के तौर पर चंद्राकर ने अपने करीबियों के हित को दृष्टिगत रखकर फै सला किया। बताया जाता है कि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निर्णयों के पीछे परिवार के सदस्यों की अहम भूमिका होती थी।

### छत्तीसगढ़ नर्सेस रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र गुम हो जाने की सूचना

मैं कुमारी लक्ष्मी चौधरी पिता विजय चौधरी पति धर्मेंद्र रामटेक उम्र 30 वर्ष निवासी पुर्रामटोला थाना छुरिया जिला राजनांदगांव छत्तीसगढ़ की रहने वाली हूं। मेरे घर में कहीं छत्तीसगढ़ नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल रायपुर प्रमाण पत्र गुम हो गया है जिसे आसपास बहुत खोजबीन की कहीं पता नहीं चली। जिसकी पुलिस थाना छुरिया में गुम सूचना रिपोर्ट दर्ज की हूं।

प्रार्थी
नाम- लक्ष्मी चौधरी
पिता - विजय चौधरी
पति - धर्मेंद्र रामटेके
ग्राम -पुर्रामटोला
तहसील/विकासखण्ड= छुरिया,
जिला राजनांदगांव छ ग

# देश में 1 जुलाई से लागू होंगे तीन नए आपराधिक कानून, न्यायाधीशों ने नये कानून के बारे में दी जानकारी, नये कानून संबंधी एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

■ देश में 1 जुलाई से लागू होंगे तीन नए आपराधिक कानून, न्यायाधीशों ने नये कानून के बारे में दी जानकारी, नये कानून संबंधी एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

एक जुलाई से देशभर में लागू होने वाले तीन नये आपराधिक कानूनों के संबंध में जानकारी देने जिला पंचायत के सभाकक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसमें अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश यशवंत वासनिकर, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मती तजेश्वरी देवांगन एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी प्रशांत देवांगन ने आईपीसी 1860, सीआरसी 1973 एवं एविडेंस एक्ट 1872 में किये गये संशोधन भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय सजा अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान उन्होंने बताया कि देश में 1 जुलाई से तीन नए आपराधिक कानून लागू हो जाएंगे। केंद्र सरकार की तरफ से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। तीन नए कानूनों को संसद के शीत कालीन सत्र में



पारित किया गया था। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक अमित कांबले, अपर कलेक्टर अरविन्द पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चन्द्राकर, उप पुलिस अधीक्षक सु निशा सिन्हा सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारीगण, मीडियाकर्मी उपस्थित थे। कार्यशाला में बताया गया कि केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए तीनों क्रिमिनल लॉ एक जुलाई 2024 से अमल में आ जाएगा। लेकिन हिट एंड रन से जुड़े प्रावधान के अमल पर रोक रहेगी। आईपीसी, सीआरपीसी और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह बनाए गए तीनों नए कानून को एक जुलाई 2024 से अमल में लाने के लिए नोटिफाई कर दिया है। केंद्र सरकार द्वारा लाए गए तीनों नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य एक्ट को एक जुलाई से लागू किया जाएगा लेकिन नोटिफिकेशन में कहा गया है कि केंद्र सरकार ने भारतीय न्याय संहिता की धारा-106 (2) को फिलहाल होल्ड कर दिया है यानी धारा-106 (2) फिलहाल लागू नहीं होगा। केंद्र सरकार द्वारा इस मामले में नोटिफिकेशन जारी कर कहा गया है कि तीनों क्रिमिनल लॉ एक जुलाई 2024 से लागू हो जाएंगे। सिर्फ धारा-106 (2) अभी अमल में नई आएगा। पहले जहां चार सौ बीस (420) यानी धोखाधड़ी, दफा 302 यानी हत्या व 376 यानी रेप जैसे अपराध के लिए कानून की किताब में लिखी धाराएं लोगों के जुबान पर चढ़ी हुई थी वह सब अब बदल गई है। कार्यशाला में बताया कि भारतीय न्याय संहिता में कुल 358 धाराएं हैं और उसमें 20 नए अपराध को परिभाषित किया गया है। जिनमें स्नेचिंग से लेकर मॉब लिंचिंग शामिल किया गया है। साथ ही 33 अपराधों में सजा को बढ़ाया गया है। साथ ही 83 ऐसी धाराएं या अपराध हैं जिनमें जुर्माने की राशि भी बढ़ा दी गई है। ऐसे 23 अपराध हैं जिनमें न्यूनतम सजा का जिक्र नहीं था जिसें न्यूनतम सजा को शुरू किया गया है। 19 धाराएं ऐसी हैं जिन्हें हटा दिया गया है। साथ ही सजा के तौर पर सामाजिक व समुदायिक सेवा को भी रखा गया है। पहले यह नहीं था। राजद्रोह जैसे अपराध को अब नए कानून में हटा दिया गया।

# एनएमडीसी ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस





पायनियर संवाददाता ◀ हैदराबाद/ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी ने 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस इस वर्ष की थीम 'स्वयं और समाज के लिए योग' के अनुसरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया। देशभर में फैली सभी परियोजनाओं में 500 से ज्यादा कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों ने योग सत्र में भाग लिया, जो कि एनएमडीसी परिवार और उसके बाहर सुस्वास्थ्य, कल्याण और सद्भाव को बढाबा देने के एनएमडीसी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हैदराबाद में एनएमडीसी मुख्यालय में समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रमाणित प्रशिक्षक की देख-रेख में कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने योगासन किया। ऐसे ही सत्र देश भर में फैली एनएमडीसी की महत्वपूर्ण खनन परियोजनाओं और क्षेत्रीय कार्यालयों में आयोजित किए गए, जिसमें अधिक से अधिक प्रतिभागिता सुनिश्चित की गई। इस अवसर पर बोलते हुए अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) ने कहा, "योग प्राचीन भारत की एक अमूल्य भेंट है। यह तन और मन, विचार और कार्यकलाप को जोड़ता है, और प्रकृति और मनुष्य के बीच समरसता कायम करता है। योग केवल व्यायाम नहीं है, यह स्वयं को एवं आस-पास की दुनिया से एकाकार होने में मदद करती है। एनएमडीसी में हम विश्वास करते हैं कि एक स्वस्थ कार्यबल उत्पादक कार्यबल होता है, और आज का समारोह इस सूत्र के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एनएमडीसी निरंतर ही स्वस्थ कार्यस्थल बनाने में अग्रणी रहा है, नियमित रूप से अपने कर्मचारियों के लिए फिटनेस कार्यक्रम और वर्कशॉप आयोजित करता आ रहा है। इस वर्ष के थीम को प्रोत्साहित करते हुए, एनएमडीसी ने स्वस्थ संस्कृति को बढावा देने के लिए अपनी परियोजनाओं और क्षेत्रीय कार्यालयों में कर्मचारियों और विद्यार्थियों के लिए विविध इन्टरएक्टिव प्रतियोंगिताओं का आयोजन किया। सीआईएसएफ कार्मिकों से जुडने के लिए बड़ी प्रचालन इकाईओं में योग शिविर का आयोजन किया गया। कर्मचारियों में समरसता और संतुलन बनाए रखने के लिए एनएमडीसी नियमित रूप से अपने कार्पोरेट कार्यालय में योग सत्र का आयोजन करता है। 10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन एनएमडीसी के स्वस्थ और सामंजस्यपूर्ण कार्य वातावरण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिससे कि कर्मचारीगण और समुदाय एक संतुलित और संतुष्ट जीवन के लिए योग के फायदों को अपनाए।

# स्वयं एवं समाज के लिए योग विषय पर कार्यशाला आयोजित

पायनियर संवाददाता ◀ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

दसवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय विवेकानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम में प्रातः 06:30 बजे से स्वामी आत्मानंद हायर सेकेण्डरी स्कूल मनेन्द्रगढ़ प्रांगण में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में महाविद्यालय में कार्यशाला, योगा क्विज, योग पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारी, कर्मचारियों एवं उपस्थित छात्र-छात्राओं ने अपनी सहभागिता की। कार्यक्रम में व्याख्यान देते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरोजबाला श्याग विश्नोई ने सर्वप्रथम योग को जीवन में अपनाने की शपथ






दिलाई। उन्होनें अपने व्याख्यान में कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 में वैश्विक आन्दोलन में शामिल होकर स्वयं भी योग करें, समाज के प्रत्येक वर्ग को योग से जोड़े जिससे हम शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। योग की उत्पत्ति हजारों वर्ष पहले भारत में हुई थी। योग भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है। हमारे ऋषिमुनियों के द्वारा योग के माध्यम से दीर्घायू प्राप्त की। योग हमारे कार्यक्षमता को बढ़ाता है, रोगप्रतिबंधक शक्ति को बढ़ाता है, स्वास्थ्य को प्राप्त करने का हानिरहित विकल्प है। इसके फायदे ही फायदे है। हमें अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाली स्वस्थ जीवन शैली एवं संतुलित आहार को अपनाना चाहिए जिससे चिकित्सालयों में लगी लंबी कतार को कम किया जा सकेगा। इस अवसर पर डॉ. अरूणिमा दत्ता ने भी अपने व्याख्यान में उपस्थित सभी लोगों से प्रतिदिन योग करने की अपील की। कार्यक्रम सह-संयोजक रंजीतमणी सतनामी कार्यक्रम अधिकारी रासेयो पुरूष इकाई और अनुपा तिग्गा कार्यक्रम अधिकारी रासेयो महिला इकाई द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया।

# बार-बार चिढ़ाने से नाराज बहु ने अपनी सास की कर दी हत्या, लोहे के बसूला से वारकर घटना को अंजाम दिया

## आरोपी महिला मुन्नी बाई को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

साहित कुमार उम्र 40 साल निवासी कोनपारा ने 20 जून को थाना तुमला में रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रातः 09 बजे यह अपनी जमीन का सीमांकन कराने के लिये ग्राम कुम्हारबहार गया हुआ था, कि करीब 11:00 बजे उसके पुत्र ने उसे फोन कर बताया कि मॉ मुन्नी बाई ने दादी पुनो बाई उम्र 65 साल को लोहे का बसूला से वारकर हत्या कर दिया है एवं जंगल की ओर भाग गई है। प्रार्थी की उक्त रिपोर्ट पर धारा 302 भा.द.वि. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। महिला संबंधी गंभीर अपराध घटित होने पर पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह



द्वारा एस.डी.ओ.पी. पत्थलगांव ध्रुवेश कुमार जायसवाल को टीम गठित कर बारीकी से विवेचना कर आरोपिया की गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये, उक्त निर्देश के परिपालन में पुलिस टीम द्वारा प्रकरण की अभियुक्त मुन्नी बाई की पतासाजी कर अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ में मुन्नी बाई ने बताया कि उसकी सास आये दिन उसे चिढ़ाती थी एवं लड़ाई-झगड़ा करती थी इसी बात से नाराज होकर यह घर में रखे लोहे का बसूला से अपनी सास पुनो बाई के सिर, गर्दन में वारकर हत्या कर दी। पुलिस द्वारा घटना में प्रयुक्त लोहे का बसूला को जप्त किया गया है। मुन्नी बाई उम्र 35 साल निवासी कोनपारा थाना तुमला के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने पर उसे 21 जून को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण की विवेचना कार्यवाही एवं गिरफ्तारी में एस.डी.ओ.पी. पत्थलगांव ध्रुवेश कुमार जायसवाल, थाना प्रभारी तुमला निरीक्षक कोमल सिंह नेताम, प्र.आर. 13 जेम्स खलखो, आर. 667 देवसिंह एक्का, म.आर. 212 सरोजनी खलखो का सराहनीय योगदान रहा है।

# समाधान महाविद्यालय में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

सर्वतोममुखी समाधान शिक्षा संस्कार समिति द्वारा संचालित समाधान महाविद्यालय एवं समाधान आईटीआई में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से किया गया। अतिथियों का स्वागत तुलसी के पौधे से किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी एवं योगाचार्य दिलहरण प्रसाद तिवारी रहें। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि आप सभी अपने जीवन में इन चार बातों का अमल अवश्य करें- प्रतिदिन योग करें, पौष्टिक व सात्विक भोजन करें, पर्यावरण को शुद्ध रखें एवं नशाखोरी से मुक्त रहे। प्रतिदिन योग करने से शरीर व मन



की शुद्धि होती हैं। इसके अलावा, योगाचार्य द्वारा सभी प्रकार के आसन एवं प्राणायाम जैसे- तड़ासन, वृक्षासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, तितली आसन, वज्रासन, अर्धऊंष्ट्रासन, शशांकासन, उत्तानमंडुकासन, सेतुबंधासन, पवनमुक्तासन, शवासन, भस्त्रिका प्राणायाम, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी प्राणायाम एवं शीतली प्राणायाम आदि से परिचित कराकर अभ्यास कराया गया। इन सभी आसन व प्राणायाम को अपने दैनिक दिनचर्या में लाने हेतु प्रेरित किया गया।

# दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कृषि विभाग द्वारा सॉइल हेल्थ कार्ड योजना के अंतर्गत ग्राम कदलीमुडा में मृदा परीक्षण के माध्यम से उर्वरको का संतुलित उपयोग विषय पर 21 और 22 जून को दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि अधिकारियों द्वारा मृदा नमूना लेने की विधि एवं मृदा परीक्षण से खाद एवं उर्वरक का संतुलित उपयोग कर जमीन की उर्वरता को बनाए रखने के बारे में किसानों को बताया गया। साथ ही कैसे अधिक उत्पादन लिया जा सकता है, इसके बारे में भी कृषकों को विस्तृत रूप से बताया गया। इसके अलावा असंतुलित उर्वरक के उपयोग से खेत को होने वाले दुष्प्रभाव से भी कृषकों को अवगत कराया गया।

ट्रेनिंग में जल शक्ति अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहें गतिविधियों के बारे विस्तृत जानकारी देकर वर्षा जल को कैसे संचय किया जावे एवं ग्रामीण इसमें कैसे अपना सहभागिता निभा सकते है इस विषय पर किसानों को जागरूक किया गया। किसानों को खेत का पानी खेत में एवं गांव का पानी गांव में अवधारणा को अपनाने के लिये भी जागरूक किया गया।

# शिवरीनारायण में महिला महाविद्यालय प्रारंभ करने मुख्यमंत्री को लिखा स्मरण पत्र

■ शिवरीनारायण तहसील होने के बाद भी शासन व्दारा अब तक नही खोला गया है महाविद्यालय

पायनियर संवाददाता ◀ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

टेम्पल सिटी शिवरीनारायण में 22 जनवरी 2024 को जब अयोध्या में भगवान श्री रामलला की मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा का विशेष कार्यक्रम आयोजित था, उसी दिन छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री माननीय विष्णुदेव साय जी माता शबरी के धाम शिवरीनारायण नगर में पधारे हुए थे। शिवरीनारायण के मेला ग्राउंड में विशाल जनसभा कार्यक्रम आयोजित था। मुख्यमंत्री के संबोधन के पश्चात अंजनी तिवारी, अध्यक्ष, नगर पंचायत शिवरीनारायण ने नगर में उन्हें "शबरीमाता शासकीय महिला महाविद्यालय


ए.आर.बंजारे, सेवानिवृत्त प्राचार्य, शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय

माननीय विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़ शासन,रायपुर (छ.ग.)

शिवरीनारायण" शिक्षा सत्र 2024 से प्रारंभ करने के लिए मांग पत्र सौंपा था।

मांग पत्र को सहर्ष स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री जी ने शिक्षा सत्र 2024-25 के प्रारंभ में ही महिला महाविद्यालय प्रारंभ कर दिए जाने की घोषणा की थी। अत्यंत निराशा व खेद का विषय है, कि, शिक्षा सत्र 2024-25 18जून 2024 से प्रारंभ हो चुका है, किंतु, नगर में महाविद्यालय प्रारंभ किए जाने के संबंध में अभी तक कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है। माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणा के अनुरूप कार्यवाही का लंबित रह जाना दुर्भाग्यजनक माना जा रहा है।

इस संबंध में ज्ञात हुआ है,कि, मांग पत्र तैयार करने वाले स्थानीय प्रबुद्ध और वरिष्ठ नागरिक सेवानिवृत प्राचार्य तथा "अनादि सर्व सहायता मानव अधिकार फेडरेशन" के राष्ट्रीय संयोजक डॉक्टर ए.आर.बंजारे द्वारा तैयार मांग पत्र के अधार पर उन्हीं के द्वारा 20.6.2024 को मुख्यमंत्री जी को स्मरण पत्र और तत्संबंध में अखबारों में छपे समाचारों की कतरनें सहित पंजीकृत डाक से प्रेषित किया गया है। अब देखना होगा, कि, चालू शिक्षा सत्र में शिवरीनारायण में महिला महाविद्यालय प्रारंभ हो पाता है,कि, नहीं? या कि मुख्यमंत्री की घोषणा अधूरी रह जाती है?

# बलरामपुर जिले में बिजली कटौती से आम जनता परेशान : सुनील सिंह

## जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता का आरोप

पायनियर संवाददाता ◀ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

जिला कांग्रेस प्रवक्ता सुनील सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में आम जनता की मांग के अनुसार बिजली नहीं मिल पा रहा है। बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से शहर और गांव की जनता जूझ रही हैं। कांग्रेस की सरकार के दौरान 24 घंटा बिजली की आपूर्ति होती थी। गर्मी के दिनों में मांग बढ़ने पर दूसरे राज्यों से भी बिजली की खरीदी किया जाता था और आम जनता को 24 घंटा बिजली की आपूर्ति की जाती थी। रवि फसल लगाने वाले किसानों को भी बोरवेल चलाने के लिए बिजली निःशुल्क मिलता था। कांग्रेस की सरकार के दौरान बिजली आपूर्ति निर्बाध गति से चले इसके लिए ट्रांसफार्मर के पावर बढ़ाए गए थे,नए ट्रांसफार्मर लगाए गए थे। ट्रांसमिशनों को अपग्रेड किया गया।



भाजपा की सरकार में 6 माह में ही बिजली की व्यवस्था चरमरा गई है,आम जनता सड़कों पर उतरकर जगह-जगह प्रदेश के दूसरे जिलों में भी बिजली की समस्या को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। सुनील सिंह ने कहा है कि 6 माह पूर्व तक छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत सरप्लस वाला राज्य था पर अब छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। पूरे 24 घंटे के लिए बिजली आम जनता किसानों को नहीं मिल पा रही है जिससे खेती-बाड़ी के साथ-साथ अन्य दूसरे कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं गर्मी के मौसम में बिजली न होने से आम आदमी भी काफी परेशान है ऐसा कोई दिन नहीं होता जब बिजली दो-चार घंटे के लिये बंद न हो,रात में तो बिजली की स्थिति तो और भयावह हो जाती है, घंटो बिजली गोल हो जाती है। भाजपा से न सरकार संभल पा रहा हैं और न ही व्यवस्थायें। सरकार एक तो पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही, ऊपर से उपभोक्ताओं पर महंगी बिजली का बोझ डाल रही है। जिले में तो विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से ठप है ग्रामीण इलाकों में पुरी रात बिजली कटौती हो रही है। दिन में भी दो-चार घंटे के लिए बिजली की आपूर्ति हो रही है।

## लोगों ने रखीं माँग शिक्षा स्वास्थ्य एवं विकास पर ज़ोर, स्थानीय लोगों को रोज़गार, ज़मीनों का उचित मुआवज़ा एवं प्रदूषण पर हो लगाम

# खरोरा-अड़ानी पावर लिमिटेड का विस्तार, आज पर्यावरण हेतु जनसुनवाई हुई संपन्न

पायनियर संवाददाता ◀ खरोरा
www.dailypioneer.com

रायपुर ज़िला के तिल्दा विकासखंड अंतर्गत ग्राम रायखेड़ा में स्थापित अड़ानी पावर लिमिटेड के पावर ग्रेड 1370 मेगावाट प्लांट के विस्तार हेतु प्रस्तावित 1600 मेगावाट थर्मल पावर प्लांट की पर्यावरण स्वीकृति हेतु जनसुनवाई संपन्न हुई। रायपुर कलेक्टर के आदेश से छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल व्दारा आयोजित पर्यावरण स्वीकृति हेतु जनसुनवाई 22 जून को समीपस्थ ग्राम ताराशिव के खेल मैदान में संपन्न हुई। इस दौरान अतिरिक्त कलेक्टर रायपुर देवेन्द्र पटेल, एसडीएम प्रकाश टंडन एवं पर्यावरण संरक्षण






मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी प्रकाश रबड़े सहित बड़ी संख्या में आस-पास के ग्रामीण एवं जन प्रतिनिधिगण उपस्थिति थे। इस दौरान प्रशासन की ओर से सुरक्षा की दृष्टि से बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात की गई थीं। लगभग 1.30 घंटे तक चली जनसुनवाई में रायखेड़ा, भाटपारा, मोहरेंगा, मुरा, धनशूली, खपरी, मढ़ी, चिचोली, गैतरा, भरूवाडीह, ताराशिव, बहेसर, छतौद, खमरिया आदि कई गाँवों के सैकड़ों लोग उपस्थित थे। जनसुनवाई के दौरान अधिकांश लोगों व्दारा स्थानीय लोगों को नौकरी, किसानों की ज़मीनों का उचित मुआवज़ा, पर्यावरण प्रदूषण रोकने ज़रूरी उपाय सहित क्षेत्र के विकास, शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर ध्यान देने की माँग की गई।

**अड़ानी पावर लिमिटेड के 1370 मेगावाट प्लांट का विस्तार अब लगेगा 1600 मेगावाट का नया थर्मल पावर प्लांट-** ग़ौरतलब है कि रायपुर ज़िला के तिल्दा विकासखंड अंतर्गत रायखेड़ा में अदाणी पॉवर लिमिटेड का पुर्व से सुपर क्रिटिकल तकनीक की दो इकाई कुल 1370 मेगावाट क्षमता के प्लांट संचालित है अब अड़ानी ग्रुप व्दारा इस प्लांट का विस्तार करते हुवे यहॉ 800 की दो इकाई 1600 मेगावाट का थर्मल प्लांट और लगाया जा रहा हैं। वहीं अदाणी पॉवर लिमिटेड पर्यावरण विभाग के प्रमुख आर.एन. शुक्ला व्दारा परियोजना के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि उक्त प्लांट व्दारा सामाजिक सराकारों के तहत आसपास के कुल 37000 से अधिक जनसंख्या वाले 14 से अधिक ग्रामों में अदाणी फाउंडेशन के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका उन्नयन और ढांचागत विकास के कई कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। अंत में अड़ानी पावर लिमिटेड के स्टेशन प्रमुख श्रीकांत वैद्य ने जनसुनवाई में भाग लेने वाले लोगों का आभार जताया।

**उक्त जनसुनवाई में इन प्रमुख लोगों ने रखा अपना पक्ष-** अड़ानी पावर लिमिटेड के प्रस्तावित नये प्लांट के पर्यावरण स्वीकृत हेतु आयोजित आज जनसुनवाई में तिल्दा जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष देवव्रत नायक, ज़िला पंचायत रायपुर के सभापति राजू शर्मा, भाजपा नशा मुक्ति अभियान के प्रदेश संयोजक वेदराम मनहरे, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल अग्रवाल, तिल्दा जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष टिकेश्वर मनहरें, भाजपा खरोरा मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र ठाकुर, सरपंच संघ अध्यक्ष मिथलेश साहू, केसला सरपंच विनोद देवांगन, तिल्दा ब्लॉक कुर्मी समाज अध्यक्ष ठाकुर राम वर्मा, रायखेड़ा सरपंच सुकवती कुर्रे, दिलीप वर्मा, राष्ट्रीय मजदूर काँग्रेस के ज़िलाध्यक्ष कमल बाँधे, मज़दूर कांग्रेस प्रदेश सचिव सोमकांत निर्मलकर, गैतरा पूर्व सरपंच रूपेन्द्र कटारिया, चिचोली पूर्व सरपंच राजकुमार ठाकुर, ताराशिव सरपंच मनीष कुमार वर्मा, जनपद सदस्य चंद्रकांत साहू, दिपक तिवारी, ताम्रध्वज वर्मा आदी उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने उक्त जनसुनवाई के दौरान अपना पक्ष रखा। इन्होंने अड़ानी पावर लिमिटेड के विस्तार से क्षेत्र का विकास एवं युवाओं को रोज़गार के अवसर मिलने की बात कहते हुवे प्रस्तावित नये प्लांट का समर्थन किया। वही जनसुनवाई के दौरान सभा स्थल में कांग्रेस एवं जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के कई नेता मौजूद थे जिसमें रायपुर पश्चिम के पुर्व विधायक विकास उपाध्याय, पुर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, कांग्रेस के ज़िलाध्यक्ष उधोराम वर्मा, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के मुखिया अमित बघेल कई लोग उपस्थित थे इनके व्दारा कंपनी प्रबंधन मर मनमानी करने, बाहरी लोगों को नौकरी देने, कंपनी के चलते क्षेत्र में प्रदूषण बढ़ने जैसे कई आरोप लगाते हुवे जनसुनवाई का विरोध किया गया।

# श्री बालाजी हास्पिटल एवं गुरुद्वारा गुरु सिंघ सभा के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी हास्पिटल एवं गुरुद्वारा गुरु सिंघ सभा देवेन्द्र नगर के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन शनिवार को प्रातः 11 से दोपहर 2 बजे तक गुरुद्वारा, देवेन्द्र नगर, रायपुर में किया गया। जिसमें लोगों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया एवं जन समस्याओं के बारे में विशेषज्ञ डाक्टरों जिनमें हड्डी रोग विशेषज्ञ डाक्टर कुलदीप सिंह छाबड़ा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डाक्टर रूही जैन, नेत्र रोग विशेषज्ञ हरप्रिया साहू एवं समान्य चिकित्सा से डाक्टर प्रियंका खत्री और हास्पिटल मार्केटिंग टीम से चंद्रकांत श्रीवास, आकाश मानस, राजीव दास एवं वीरेंद्र खुटेल तथा नर्सिंग स्टाफ से मनहरण साहू, रौशनी, कुसुम एवं गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष दलेर सिंह होरा, समाज सेवी गुरूचरण सिंह होरा, मक्खन सिंह, देवेन्द्र नगर गुरुद्वारा कमेटी के ज्ञानी जी और समस्त गुरुद्वारा के पद अधिकारी उपस्थित रहे। इस एक दिवसीय शिविर में प्रमुख रूप से बीपी शुगर की जांच करवाने वाले मरीजों की संख्या अधिक थी साथ ही जांच के पश्चात श्री बालाजी अस्पताल द्वारा निशुल्क दवाइयां का वितरण किया गया। शिविर में लगभग 200 मरीज का उपचार किया गया। गुरुद्वारा के आयोजन कर्त्ताओं द्वारा श्री बालाजी हास्पिटल एवं टीम का आभार प्रकट किया।









# महतारी वंदन योजना बना रही महिलाओं को स्वावलंबी

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



महतारी वंदन योजना बना रही महिलाओं को स्वावलंबीछत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा राज्य में लागू की गई महतारी वंदन योजना राज्य के महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बना रही है। योजना राज्य में महिला सशक्तिकरण की दिशा में अत्यंत निर्णायक साबित हो रही है। योजना की सराहना अनेक जरूरतमंद महिलाओं के अलावा आंगनबाड़ी केन्द्र के कर्मचारियों ने भी मुक्त कंठ से इसकी सराहना की है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार के प्रति विनम्र आभार व्यक्त करते हुए उन्हें हृदय से आभार व्यक्त किया है। बालोद विकास खण्ड के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 02 झलमला की कार्यकर्ता चन्द्रिका सिन्हा ने मिलने वाली राशि को जरूरतमंद महिलाओं के लिए मुश्किल वक्त का सहारा बताया। उन्होने कहा कि समाज के निम्न एवं मध्यम वर्ग के अनेक महिलाएं जिन्हे अपने जरूरी तथा अनेक छोटे-बड़े आवश्यकताओं के लिए परिवार के मुखिया के ऊपर आश्रित रहना पड़ता है। लेकिन प्रदेश सरकार के द्वारा महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना लागू हो जाने से प्रतिमाह उनक खाते मे 1000 रू. जमा हो जाने से अब महिलाओं को अपनी छोटी-बड़ी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए आसानी से पैसा उपलब्ध हो जाता है। इस योजना की सराहना आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 02 ग्राम झलमला की सहायिका रेणुका साहू ने की है। इस राशि का उपयोग अपने जरूरत के कार्यो के लिए कर पा रही है। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रतिमाह उनके खाते में 1000 रू. की राशि जमा होने से उसमें आत्मविश्वास जागृत होने के साथ-साथ सुरक्षा का भी बोध हो रहा है। जिससे वे प्रसन्नचित होकर हंसी-खुशी के साथ अपनी ड्यूटी कर पा रही है।

# श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन के निर्देश पर 352 श्रमिकों को आवास निर्माण के लिए एक-एक लाख रुपए सहायता राशि स्वीकृत

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

### अधिक से अधिक श्रमिकों को मिले योजनाओं का लाभ: मंत्री देवांगन



मंत्री लखन लाल देवांगन ने सभी जिलों के श्रम विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है की इस योजना के तहत अधिक से अधिक पात्र श्रमिक हितग्राहियों को लाभ दिलवाएं। श्रमिकों को फॉर्म भरने और जमा करने में उनकी मदद करें।

श्रमिक हितैषी प्रदेश की विष्णुदेव सरकार में मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के तहत श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन के निर्देश पर प्रदेश के कुल 352 श्रमिकों को एक-एक लाख रुपए सहायता राशि की स्वीकृति दी गई है। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को स्वयं के भूखंड पर आवास अथवा नवीन आवास क्रय के लिए पात्र हितग्राहियों को मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के तहत राशि दी जाती है। आचार संहिता के हटने के उपरांत श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने हाल ही में श्रम विभाग की मैराथन बैठक लेकर सभी योजनाओं की समीक्षा की थी। समीक्षा बैठक में श्रम मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया था की मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के पात्र हितग्राहियों को तत्काल राशि जारी करें। मंत्री देवांगन के निर्देश पर प्रदेश भर के 352 हितग्राहियों को राशि स्वीकृत की गई।

# 70 लाख राशन कार्डधारियों ने किया नवीनीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार प्रदेश प्रचलित राशनकार्ड के नवीनीकरण एवं राशनकार्डधारियों का ई-केवायसी किया जा रहा है। प्रदेश के समस्त श्रेणी के राशनकार्ड अन्त्योदय, प्राथमिकता, एकल निराश्रित, निशक्तजन और एपीएल योजना के राशनकार्डधारियों का ई-केवायसी एवं राशनकार्डों के नवीनीकरण 30 जून 2024 तक अनिवार्य रूप से कराने के लिए कहा गया है। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राशनकार्ड नवीनीकरण करने के लिये ई-केवायसी कराना अनिवार्य है। वर्तमान में प्रदेश में लगभग 77 लाख राशनकार्ड हितग्राही है। अब तक कुल 70 लाख राशन कार्डधारकों का नवीनीकरण किया जा चुका है। नवीनीकरण के कार्य में पहले पायदान पर बीजापुर जिला है।



कुल हितग्राही 71,368 हितग्राहियों में से 71,145 हितग्राहियों ने, द्वितीय स्थान पर नारायणपुर जिला 36,167 हितग्राहियों में से 35,831 हितग्राहियों ने, इसी प्रकार तृतीय स्थान पर सुकमा जिला 78752 हितग्राहियों में से लगभग 78 हजार हितग्राहियों ने अपना राशन कार्ड नवीनीकरण का कार्य करवा लिया है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग के द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का नया मोबाईल एप्प तैयार किया गया है, इसे प्ले स्टोर में जाकर डाउनलोड किया जा सकता है। हितग्राही द्वारा खाद्य विभाग की वेबसाइट http://khadya.cg.nic.in से डाउनलोड करके नवीनीकरण का कार्य किया जा सकता है। हितग्राही उचित मूल्य दुकान में भी जाकर ऑनलाईन के माध्यम से अपना नवीनीकरण और ई-केवायसी का कार्य करवा सकतें है। ई-केवायसी के लिए प्रत्येक हितग्राही का बायोमेट्रिक अद्यतन होना चाहिए जिन सदस्यों का बाल आधार बना है उन्हें पहले आधार सेवा केंद्र से अपना बायोमेट्रिक अपडेट कराना होगा इसके पश्चात् उचित मूल्य दुकान के ई-पॉस मशीन से ई-केवायसी करा सकते है। राशनकार्ड में ई-केवायसी और नवीनीकरण की सुविधा निःशुल्क है।



रायपुर। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से आज राजभवन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सौजन्य भेंट-मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को राज्य शासन की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी और इस दौरान दोनों के मध्य सम-सामयिक विषयों पर भी चर्चा हुई।

## उद्योग मंत्री देवांगन आज कोरबा जिले के विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**रायपुर।** उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन कल रविवार 23 जून को कोरबा जिले के विभिन्न कार्यक्रम में होंगे शामिल। देवांगन कल सवेरे 9.45 बजे चारपारा कोहड़िया कोरबा से कलेक्ट्रेट ऑडिटोरियम कोरबा के लिए रवाना होंगे। मंत्री देवांगन 10 बजे कोरबा के कलेक्ट्रेट ऑडिटोरियम में आयोजित नवीन कानूनों के संबंध में आयोजित कार्यशाला में शामिल होंगे। वे सवेरे 11 बजे कलेक्ट्रेट परिसर से जिले के छात्रा-छात्राओं को कोचिंग के लिए रायपुर प्रस्थान हेतु हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे। मंत्री देवांगन इसके बाद सवेरे 11.30 बजे जिले में ही स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पावर प्लांट में आयोजित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के पुण्यतिथि पर माल्यर्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे इसके बाद शाम 4 बजे शिवाजी नगर कोरबा वार्ड क्रमांक 22 में आयोजित शीतला माता पूजा कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने एनसीआर की तर्ज पर स्टेट कैपिटल रीजन के विकास के लिए आर्थिक सहायता का किया आग्रह

## कहा- राज्यों को पूंजीगत निवेश के लिए विशेष सहायता की राशि पूर्व की तरह रखा जाए

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



बजट पूर्व बैठक में छत्तीसगढ़ के वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने राज्यों को विशेष सहायता की राशि, स्टेट कैपिटल रीजन के विकास व राज्य में रेल नेटवर्क के विस्तार सहित राज्यहित के कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव व सुझाव रखे। दिल्ली के भारत मंडपम, प्रगति मैदान में आयोजित बजट पूर्व बैठक में केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी के साथ ही अन्य राज्यों के वित्तमंत्री उपस्थित रहे। बैठक में राज्य सरकार की ओर से वित्त मंत्री चौधरी ने भारत की अर्थव्यवस्था की प्रगति और 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में उठाए गए कदमों की सराहना की। साथ ही उन्होंने देश में अधोसंरचना निर्माण, कौशल संवर्द्धन, उद्यमिता विकास, और आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोगों के माध्यम से कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रशासन, और जनसुविधाओं के क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की भी प्रशंसा की है। राज्यहित के मुद्दे पर अपनी बात रखते हुए वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने कहा केन्द्र सरकार द्वारा राज्यों को पूंजीगत निवेश हेतु विशेष सहायता के रूप में वर्ष 2020-21 से 50 वर्षों के लिये ब्याज रहित ऋण राशि उपलब्ध कराई जा रही है। अंतरिम बजट 2024-25 में इस योजना के लिये गत वर्ष के समान ही 1,30,000 करोड़ का प्रावधान किया गया है, किन्तु पार्ट-1 अंतर्गत गत वर्ष के प्रावधान 1 लाख करोड़ को कम करते हुए 55,000 करोड़ ही रखा गया है। उन्होंने इस योजना के लिए पूर्व की तरह राशि के प्रावधान का अनुरोध किया। बैठक में स्टेट कैपिटल रीजन के विकास के लिए आर्थिक सहायता की जरूरत बताते हुए चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की नई राजधानी नवा रायपुर अटल नगर को देश के सबसे सुनियोजित एवं ग्रीन सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। राज्य के सीमित संसाधनों से सड़क, पेयजल, विद्युत सुविधा, आवास तथा अन्य आधारभूत संरचनाओं का निर्माण किया गया है, किन्तु नई राजधानी को रायपुर तथा दुर्ग-भिलाई के साथ मिलाकर एनसीआर की तर्ज पर स्टेट कैपिटल रीजन के रूप में आधुनिक नगरीय सुविधाओं के साथ विकसित किया जाना है। उन्होंने इसे सूचना प्रौद्योगिकी, वित्त, बैंकिंग और ग्रीन एनर्जी के हब के रूप में विकसित करने के लिए बजट में पर्याप्त आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403